डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹77,460 10 ग्राम
₹91,460 01 किलो
सेंसेक्स 79,486.32 -55.47
डॉलर 84.375 +0.074

ईश्वर में हमारा विश्वास
सत्यमेव जयते
# राष्ट्रीय नवीन मेल
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 11 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-27, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com


पेज-10 रोहित की अनुपस्थिति में बुमराह...

# कड़े मुकाबले की ओर विश्रामपुर विधानसभा : चतुष्कोणीय चुनावी समर में छाई धुंध

राणा अरूण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में इस बार का चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प होता जा रहा है। राजनीतिक धुंध इतनी गहरी है कि विजिबिलिटी काफी कम है, लेकिन 20 प्रत्याशियों के बीच हो रही इस चुनावी होड़ ने माहौल में भारी उत्साह भर दिया है। मुख्य प्रत्याशियों में भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी, समाजवादी पार्टी की अंजू सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के नरेश प्रसाद सिंह और झारखंड युवा विकास पार्टी के जागृति दुबे का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस बार विश्रामपुर में अप्रत्याशित नतीजे देखने को मिल सकते हैं। 2019 में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव में उतरी अंजू सिंह ने 24,851 वोट हासिल किए थे और हार के बाद भी वह क्षेत्र में सक्रिय बनी रहीं, जिससे उनके समर्थकों का मानना है कि इस बार उनकी स्थिति मजबूत हो सकती है। नरेश प्रसाद सिंह, जो पिछले चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे थे, इस बार पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतरे हैं। दूसरी ओर जागृति दुबे अपने भाषण शैली और संवाद कौशल से जनता के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी को सिटिंग विधायक होने का लाभ मिल सकता है, साथ ही राष्ट्रीय नेताओं के समर्थन से उनका अभियान भी सशक्त हो रहा है।


रामचन्द्र चंद्रवंशी


अंजू सिंह


जागृति


नरेश प्रसाद सिंह

## बढ़ता चुनावी तापमान और मतदाताओं का रुझान

जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, विश्रामपुर का राजनीतिक तापमान भी बढ़ता जा रहा है। प्रत्याशी गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और जनता के बीच अपनी बात रख रहे हैं। मतदाताओं का झुकाव अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन चुनावी रुझान तय करने में क्षेत्र की समस्याएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। युवा और महिलाएं भी इस बार चुनाव में अपनी आवाज उठाते नजर आ रहे हैं, जो क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सजग हैं और चुनाव में अपने वोट का इस्तेमाल करेंगे। आखिरी पल का चुनावी माहौल बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, जब मतदाता अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इस बार का विश्रामपुर विधानसभा चुनाव सिर्फ उम्मीदवारों के शक्ति प्रदर्शन का नहीं है, बल्कि जनता के मुद्दों की भी एक बड़ी परीक्षा है। क्षेत्र की समस्याओं और जनता की उम्मीदों के बीच यह चुनाव इस बात का प्रतीक है कि किस प्रकार के प्रतिनिधि का चयन किया जाएगा। चुनावी धुंध में यह देखना दिलचस्प होगा कि विजेता कौन बनेगा, लेकिन इतना तो तय है कि इस बार का मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक होने वाला है।


विश्रामपुर में पेयजल व्यवस्था के लिए रखा गया पाइप वर्षों से है बेकार

## क्षेत्र की समस्याएं : चुनाव का अहम मुद्दा

विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र कई वर्षों से विकास की कमी और बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। सिंचाई योजनाओं की अधूरी परियोजनाएं, खस्ताहाल सड़कें, बेरोजगारी, जल संकट और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे हैं। क्षेत्र के किसान विनोद सिंह का कहना है कि भले ही प्रत्याशी इन समस्याओं को नजरअंदाज कर दें, लेकिन आम जनता इन्हें अपने जीवन का हिस्सा मानकर चल रही है। रेहला की अधूरी पड़ी पानी टंकी और उप-स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की कमी ने क्षेत्र में विकास का अभाव उजागर कर दिया है। सवाल यह है कि क्या इन मुद्दों को चुनावी घोषणाओं में जगह मिलेगी या यह सिर्फ चुनावी वादों में सिमट कर रह जाएंगी।

## 2019 में भाजपा को मिला था 21.59 प्रतिशत मत

विधानसभा चुनाव 2019 में विजयी भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी को 40,635 हजार मत के साथ 21.59 प्रतिशत वोट मिला था। दूसरे स्थान पर रहे बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजेश मेहता को 32,122 हजार वोट के साथ 17.07 प्रतिशत मत मिला था। तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय नरेश प्रसाद सिंह 27,820 हजार वोट के साथ 14.78 प्रतिशत मत मिला था। चौथे स्थान पर रहे कांग्रेस के चंद्रशेखर दुबे को 26,957 हजार वोट के साथ 14.32 प्रतिशत व पांचवे स्थान पर रही झाविमो (प्रजातांत्रिक) के अंजू सिंह को 24,851 हजार वोट के साथ 13.2 प्रतिशत मत मिला था। उस विधानसभा चुनाव में कुल 20 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे।

**गठबंधन की राजनीति और बदलते समीकरण :** इस बार के चुनाव में गठबंधन की राजनीति भी नए समीकरणों का निर्माण कर रही है। इंडी गठबंधन के टूटने के बाद, विश्रामपुर में कांग्रेस और राजद के बीच दोस्ताना संघर्ष की स्थिति है, जिसका असर मतदाताओं के विभाजन पर पड़ सकता है। भाजपा जहां अपने परंपरागत वोट बैंक को बचाने के लिए संघर्षरत है, वहीं राजद, सपा, और झारखंड युवा विकास पार्टी जैसे दल अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। राजद के नरेश प्रसाद सिंह की स्थिति क्षेत्र में सौम्य है, लेकिन कांग्रेस से प्रतिस्पर्धा के कारण वोटों का विभाजन संभव है।

**क्षेत्र के मतदाता और जातिगत समीकरण :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 3,39,123 मतदाता हैं, जिनमें 1,86,813 पुरुष और 1,72,310 महिला मतदाता शामिल हैं। जातिगत समीकरण इस बार भी निर्णायक भूमिका में है। क्षेत्र की एक मतदाता रीना कुमारी का कहना है कि जाति के आधार पर वोटों का विभाजन हो सकता है, जिससे यह चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। विश्लेषकों का मानना है कि चतुष्कोणीय मुकाबले में जीत का अंतर कम हो सकता है और अंतिम समय तक परिणामों की भविष्यवाणी करना मुश्किल होगा। इस अनिश्चितता के बीच प्रत्याशी मतदाताओं को अपनी ओर खींचने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं।

## केंद्र और राज्य में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला: मायावती



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता के समर्थन में रविवार को उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कपूरी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। मायावती ने अपने भाषण में केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों स्तरों पर भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है और गरीबों को लूटने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, 'अलग झारखंड राज्य बनने के बाद लोगों की उम्मीद थी कि उनका विकास होगा, लेकिन सत्ताधारी नेताओं ने उनका शोषण कर केवल अपने विकास पर ध्यान केंद्रित किया। यहां गरीबों का कोई काम बिना रिश्वत के **शेष पेज 11 पर**

### आज | कल




# भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। हिंदू मुस्लमान कर लोगों को बांटने का काम कर रही है। जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई मिलकर रहते हैं, वहां उनकी दाल नहीं गलती। इसीलिए भाजपा लोगों में दरार पैदा कर वोट लेना चाहती हैं। भाजपा द्वारा बंटोगे तो कटोगे नारे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यहां ना तो कोई बंटेगा और ना ही कोई कटेगा अब भाजपाई को कूटेगा। वह झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में रविवार को गोसाईंबाग मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का 5 साल जनता को समर्पित रहा। जनता की सेवा के लिए कई ऐसी योजनाएं चलाई। जिससे जनता को सीधा लाभ मिला है। 5 साल बाद एक बाद फिर से आपके बीच आशीर्वाद मांगने आया हूं। लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए सरकार ने केसीसी लोन के साथ बिजली माफ करने का फैसला किया। कोरोना काल में जहां आम लोग भाजपा द्वारा लगाए गए लॉकडाउन के कारण घर से काफी दूर फंसे हुए थे। उन्हें लाने के लिए हवाई जहाज तक का सहारा लिया। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं ने मेरा खूब साथ दिया। महिलाओं को सशक्त करने के लिए मंईया सम्मान योजना लागू किया है। अभी 1000 दिया जा रहा है। दिसंबर से 2500 देने का फैसला सरकार ने कर लिया है। अगले कार्यकाल में हर महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए डाला जाएगा। इस दौरान सीएम ने केंद्रीय बलों पर भी प्रहार किया। कहा कि अन्य राज्यों से सुरक्षा बलों को भेज कर झारखंड में वोट के लिए लोगों को डराने धमकाने का काम किया जा रहा है। सिमडेगा में ऐसा ही एक मामला केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा देखने को मिला है। इसलिए सभी लोगों को सजग और चौकस रहने की जरूरत है। उन्होंने इस भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाने की भी बात कही। कहा कि अगले कार्यकाल में पावर प्लांट लगाने का काम किया जाएगा, जिससे क्षेत्र को पर्याप्त बिजली मिलेगी। लोगों को मुफ्त **शेष पेज 11 पर**



## राज्य में पिछड़ो का आरक्षण घटाने का काम भाजपा ने किया : कल्पना

**मनिका (लातेहार)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार को लातेहार जिला के मनिका में महागठबंधन समर्थित सह कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह के पक्ष में हाई स्कूल के मैदान में चुनावी माहौल बनाया। उन्होंने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण को घटाने का काम भाजपा ने किया है। राज्य बनने के बाद भाजपा की सरकार ने 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को घटाकर 14 प्रतिशत करने का काम किया। हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड के लोगों का बिजली बिल, किसानों का ऋण माफ करने का काम किया। मंईयां सम्मान योजना लाया गया है। भाजपा के लोग इसपर पीआईएल डालने का काम करते है।उन्होने कहा की झारखंड के लोगो को समझना होगा अगर कोई झारखंड के वजूद की लड़ाई राज्य के सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है तो वो महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे हेमंत सोरेन है।कल्पना ने कहा की बीजेपी के नेताओ को उतनी बुद्धि विवेक होती तो मईया सम्मान योजना सावित्रीबाई फुले योजना **शेष पेज 11 पर**



# रांची में पीएम मोदी का भव्य रोड शो, एक झलक पाने को उमड़े लोग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मोदी-मोदी के नारे के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम रांची में रोड शो किया। उनकी एक झलक पाने को रांची सर्ड ओटीसी ग्राउंड से लेकर रातू रोड न्यू मार्केट चौराहे तक सड़क के दोनों ओर भारी तादाद में लोग मौजूद रहे। पीएम मोदी फूलों से सजे केसरिया रंग के खुले वाहन पर सवार थे, उनका काफिला करीब तीन किलोमीटर तक चला। उनके साथ रांची के विधायक और भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह, हटिया के विधायक और प्रत्याशी नवीन जायसवाल, कांके के प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम, खिजरी के प्रत्याशी रामकुमार पाहन भी वाहन पर सवार रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कभी हाथ हिलाकर तो कभी दोनों हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। रास्ते में कई जगहों पर लोगों ने उन पर फूल बरसाए। इनमें महिलाओं की भी बड़ी तादाद थी। इस दौरान 501 ब्राह्मणों के समूह ने शंख-घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री मोदी के विजय संकल्प को आशीर्वाद दिया। झारखंड के छऊ नृत्य के कलाकारों का एक दल भी रोड शो में आकर्षण का केंद्र बना रहा। कई महिलाएं अपने घरों की छतों से पीएम मोदी की आरती उतारती देखी गईं। कई घरों में लोगों ने दीए जलाकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना समर्थन दिखाया। हजारों लोगों ने मोबाइल की लाइट जलाकर अपना उत्साह प्रदर्शित किया। पीएम मोदी के हाथ में भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल का छोटा कट आउट था, जिसे दिखाकर उन्होंने पार्टी के पक्ष में मतदान की मौन अपील की। रोड शो में लोग लगातार मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। पीएम मोदी को देखने के **शेष पेज 11 पर**



**1.** पीएम के साथ रांची के प्रत्याशी सीपी सिंह, हटिया प्रत्याशी नवीन जायसवाल, कांके के प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम, खिजरी के प्रत्याशी रामकुमार पाहन भी वाहन पर सवार रहे

**2.** पीएम मोदी के हाथ में भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल का छोटा कट आउट था, जिसे दिखाकर उन्होंने पार्टी के पक्ष में मतदान की मौन अपील की

**3.** रोड शो में लोग लगातार मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। पीएम मोदी को देखने के लिए छतों, पेड़, होटल, जहां जिसे जगह मिली, वहीं जमे रहे

## कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को ऊंचाई पर नहीं देख सकते

**गुमला।** बोकारो से गुमला पहुंचे प्रधानमंत्री चुनावी सभा में और आक्रमक दिखे। उन्होंने कांग्रेस, झामुमो और राजद को आदिवासियों का दुश्मन करार दिया। कहा कि कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को ऊंचाई पर नहीं देख सकते। भाजपा ने आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया, पर द्रौपदी मुर्मू के साथ कांग्रेस का क्या व्यवहार रहा है, ये पूरा देश जानता है। कांग्रेस ने उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। झारखंड में चंपई सोरेन के साथ जो हुआ, ये उनकी इसी सोच का नतीजा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी सोच के कारण इन लोगों ने पीवीटीजी समाज को लुप्तप्राय बना दिया था भाजपा ने इन्हें सम्मान दे सुरक्षित किया। ये लोग **शेष पेज 11 पर**

# इंडिया गठबंधन का अंतर्कलह तो भ्रष्टाचार बनाम महतो को महतो की चुनौती


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड में एनडीए और इंडिया गठबंधन सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ इंडिया के आरजेडी और कांग्रेस ने दो सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी खड़ा कर दिया एनडीए की राह आसान कर दी है। झारखंड विधानसभा के पहले चरण में पलामू प्रमंडल के सभी नौ सीटों पर मतदान होना है। प्रदेश के पांच प्रमंडलों में पलामू ही ऐसा है, जहां इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच तालमेल का अभाव दिखा है। सीट बंटवारे में विश्रामपुर, छतरपुर और प्रत्याशी चयन में पांकी सीट पर अंतर्कलह साफ दिखती है। कुछ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला के आसार भी बने हैं। इससे भाजपा खुद को यहां सेफ मान रही है। वहीं, इंडिया नेताओं को हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर ज्यादा भरोसा दिख रहा है।सभी 09 सीटों पर विकास का मुद्दा सबसे अधिक हावी है। प्रत्याशियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप और जातीय समीकरण से भी पूरा क्षेत्र रणभूमि में बदल गया है। इन सबके बीच एनडीए और इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं का चुनावी दौरा और जनसभा जोरों पर है। इन सीटों पर मतदान 13 नवंबर को होना है और सभी पर भाजपा ने प्रत्याशी हैं जबकि इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के 05, झामुमो के 03 और राजद के 03 सीटों पर प्रत्याशी हैं। कांग्रेस और राजद दो सीटों विश्रामपुर और छतरपुर में आमने-सामने हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इन दो सीटों पर बीजेपी को फायदा मिल सकता है।प्रमंडल में इंडिया के सबसे बड़े चेहरे हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन ने गठबंधन प्रत्याशियों की जीत का बीड़ा उठाया है और अपनी सरकार के कामों को वे भाजपा के 17 साल के शासन से ज्यादा अच्छा बता रहे हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं को वे झारखंडियों के हित में बता रहे हैं जबकि भाजपा नेताओं पर वे आदिवासी-दलितों का विकास नहीं करने का आरोप लगाते दिख रहे हैं।पहले चरण 13 नवंबर के चुनाव मेन 683 उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरे चरण के भी 20 नवंबर के चुनाव के नतीजे 23 23 नवंबर को आएंगे। तब तक दोनों गठबंधनों की राजनीति चरम पर है। झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन की रणनीति जनकल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आदिवासियों में लोकप्रियता और कल्पना सोरेन से धुंवाधार प्रचार कराकर महिलाओं के बीच मईंया सम्मान योजना को भुनाकर सत्ता में बने रहने की है, जिसमें भाजपा विरोधी अल्पसंख्यकों के सर्मथन की बड़ी भूमिका होगी। वहीं बीजेपी (एनडीए) सोरेन सरकार के कथित बालू,पत्थर पहाड़,राशन,नलजल योजना के पानी घोटाले जैसे भ्रष्टाचार और अधिकारी-भूमाफिया गठजोड़ की गिरफ्तारी और नगदी बरमदगी गिनाते हुए सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, जिसमें आजसू, एलजेपी, और जनता दल (यूनाइटेड) को शामिल किया गया है। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि और ग्रामीण संकट जैसे बुनियादी मुद्दे चर्चा में नहीं हैं पर बीजेपी बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों की बढ़ती संख्या,आदिवासियों से विवाहकर धर्म परिवर्तन से 10 % घटी जनसंख्या और राज्यव्यापी भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उछल रही है। आज पीएम मोदी ने गुमला की रैली में कहा कि कांग्रेस जेएमएम आदिवासियों,ओबीसी और अनुसूचित जाति के बीच फूट डालकर आपस में लड़ाना चाहती है इसलिए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे । जिन्होने गरीबों से अरबों लूटा है उन्हें लौटाना पड़ेगा। झारखंड की नई आवाज बने टाइगर जयराम महतो ने 1932 के खतियानधारी मूल निवासी बनाम बाहरी लोगों के मुद्दे को फिर से हवा दी है। झारखंड में कथित प्रवासी आबादी लगभग 35 प्रतिशत बताई जाती है जो स्थानीय आदिवासी आबादी की तुलना में अधिक संपन्न मानी जाती है। मुख्यमंत्रियों के अधूरे कार्यकाल और त्रिशंकु विधानसभा के लिए चर्चित राज्य झारखंड में 2009 में बीजेपी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा था,2014 में बीजेपी और आजसू ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा और एनडीए ने जीत दर्ज की जबकि 2019 में बीजेपी और आजसू ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और सीएम रघुवर दास हार गए थे। पांच क्षेत्रों में बंटे झारखंड में पलामू में 9 सीटें हैं, दोनों छोटानागपुर में 40 सीटें हैं,संथाल परगना में 18 सीटें और कोल्हान में 14 सीटें हैं। राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 9 सीटें और अनुसूचित जनजाति के लिए 28 सीटें आरक्षित हैं। बीजेपी ने अनुसूचित जाति की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत की है, जबकि लोकसभा चुनाव में जेएमएम की पकड़ अनुसूचित जनजाति वाली सीटों पर बढ़ी है। दक्षिणी छोटानागपुर में 11 अनुसूचित जनजातीय सीटें हैं, कोल्हान में 9, संथाल परगना में 7 और पलामू में सिर्फ एक। उत्तरी छोटानागपुर में अनुसूचित जनजाति के लिए कोई सीट नहीं है। अनुसूचित जाति की चार सीटें उत्तरी छोटानागपुर में, दो पलामू में, और एक-एक दक्षिण छोटानागपुर, कोल्हान, और संथाल परगना में हैं। राज्य की कुल आबादी में अनुसूचित जाति का हिस्सा करीब 12 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति का हिस्सा 26 प्रतिशत है। पिछले लोकसभा चुनाव में कुर्मी बहुल क्षेत्रों में लाखों वोट लाकर जयराम महतो ने कुर्मी महतो वोट की राजनीति करने वाले सुदेश महतो के सबल विकल्प के रूप में अपने को प्रस्तुत किया ।अब देखना है कौन इतिहास बनाता है और कौन बनता है।




# झारखंड सरकार ने जल, जंगल, बालू, खनन, जमीन सब बेच दिया : चिराग



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर\रमना।** केंद्रीय मंत्री सह लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में पलामू जिला के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के हैदरननगर हाई स्कूल के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह व गढ़वा जिला के रमना में इंटरमीडिएट उच्च विद्यालय चटनीया के मैदान में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही के पक्ष में चुनावी जनसभा कर माहौल बनाया। दोनों जगहों पर आयोजित जनसभा में केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने में प्रत्याशियों को सहयोग करने की अपील की। रमना में आयोजित कार्यक्रम में भानू प्रताप शाही ने चिराग पासवान को वंशीधर राधा कृष्ण का फोटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे झारखंड से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण किया है। झारखंड सरकार ने जल, जंगल, बालू, खनन, जमीन सब कुछ उनके हक **शेष पेज 11 पर**

# महिला आरक्षित बोगी में पुरूषों को बैठने से महिलाओं को होती है परेशानी




## महिला बोगी में पुरुष यात्री कर रह है बेहिचक यात्रा


**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड पर चलने वाली विभिन्न ट्रेन में महिला आरक्षित बोगी में पुरुषों को यात्रा करते देखा जा सकता हैं। रेलवे में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नियम-कानून भी है और कार्रवाई भी होती है, लेकिन सारे कायदे-कानून आरपीएफ जवानों की मौजूदगी में टूट रहे हैं। जपला में महिला बोगी में पुरुष यात्री बेहिचक यात्रा कर रहे रहे हैं। रेलवे पुलिस भी चेकिंग के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। किसी ओहदेदार की शिकायत और रेलवे के आलाधिकारियों के आदेश के बाद ही रेलवे सुरक्षा बल पुलिस महिला बोगी में चेकिंग कर पुरुष यात्रियों से जुर्माना वसूलती है। डेहरी ऑनसोन से बरवाडीह शटल सवारी गाड़ी, बरकाकाना से डेहरी ऑनसोन, रांची वाराणसी एक्सप्रेस, डीजीआर, बीडीएम जैसी ट्रेनों का मुख्य रूप से संचलन होता है। साथ ही 6-7 ट्रेन जपला से होकर गुजरती हैं। सभी को मिलाकर लगभग दो -तीन गाड़ियों में महिलाओं के लिए अलग बोगी है और लगभग हरेक में यही तस्वीर दिखती है, फिर भी जपला आरपीएफ पुलिस सप्ताह में एक दिन महिला बोगी में केवल 5-10 यात्रियों पर कार्रवाई कर रही है। टोकने पर कहते हैं कि भीड़ के कारण आ गए, आगे उतर जाएंगे कजरात के एक यात्री ने कहा कि आरक्षित बोगी में अक्सर पुरुष यात्री जाते हैं। जब उनसे आरक्षित बोगी की बात की जाती है तो अक्सर अन्य बोगी में भीड़ की बात कहते हुए अगले स्टेशन पर उतर जाने का बहाना बनाते हैं। पुरुष यात्रियों के आने से असहज हो जाती हैं जपला के यात्री ने कहा कि यात्रा के दौरान सुरक्षाकर्मी कहीं पर नजर नहीं आते हैं। महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी में पुरुष यात्री चढ़ जाते हैं तो महिलाएं असहज महसूस करती हैं। कोई देखने वाला नहीं हैं। जपला आरपीएफ की लापरवाही से हर दिन दर्जनों यात्री महिला बोगी में सफर करते हैं।

### चेकिंग के दौरान की जाती है कार्रवाई

आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा ने कहा कि महिला बोगी में पुरुष यात्री के पकड़े जाने पर धारा 162 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसके तहत 500 रुपए जुर्माना का प्रावधान है। जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में छह माह की कैद का प्रावधान है, परंतु भीड़ के कारण दिव्यांग व महिला आरक्षित बोगी में यात्रा करते हैं। इससे महिलाओं को असुविधा होने के साथ ही सुरक्षा का खतरा भी रहता है।

# प्रशासन की पहलः ग्रामीणों ने लिया मतदान बहिष्कार का निर्णय वापस




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत के गोल्हना गांव के ग्रामीणों ने बिजली नहीं, तो वोट नहीं के निर्णय को वापस ले लिया है। इस दिशा में बीडीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा व अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने रविवार को पहल कर उनकी मांगों के त्वरित निष्पादन कराने को आश्वस्त किया गया है। इस गांव के मतदान केंद्र संख्या 51 सह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीण मतदाताओं के साथ प्रशासन संग हुई बैठक में मतदान केंद्र पर बिजली की हालत बदतर बताई गई है। जिससे अंधेरे में विस चुनाव में मतदान नहीं करने का चुनाव में का संकल्प मतदाताओं ने लिया था। 31 अक्टूबर को इस संबध में ग्रामीणों विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार भी कराया था, जिसमें मतदान केंद्र पर बिजली नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया था। इस समस्या के समाधान के लिए उपस्थित अधिकारियों ने अगले 24 घंटे के भीतर मतदान केंद्र संख्या 51 पर बिजली उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। इनके आश्वासन पर वोट बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया गया है। वार्ता में उनके अलावा ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता अंकु सिंह राणा, मुखिया जितेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, राहुल सिंह, टिंकू सिंह, मनोज सिंह, सरयू सिंह, आलोक सिंह, धीरेंद्र सिंह, रामजी सिंह, सागर सिंह, संजीत सिंह, अभिषेक सिंह, विकास सिंह सहित कई अन्य मतदाता शामिल थे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज छतरपुर में

**छतरपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में चुनावी सभा करेंगे। यह जानकारी पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने छतरपुर कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में महागठबंधन सरकार के कार्य के आधार पर आम जनता महागठबंधन को सहयोग कर रही है। पलामू लोकसभा अंतर्गत विधानसभा की पांचो सीट महागठबंधन बेहतर स्थिति में है। हेमंत सरकार झारखंड में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना सहित अन्य योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा है कि जिनकी जितनी आबादी उनको उतना हक मिलना चाहिए। पलामू जिले में सिर्फ छतरपुर विधानसभा ही एससी रिजर्व सीट है, जहां इंडिया गठबंधन ने राधा कृष्ण किशोर को टिकट देकर सम्मान दिया है। भारतीय जनता पार्टी नफरत की राजनीति कर बांटने का काम कर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धनंजय यादव, छतरपुर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, छतरपुर नगर अध्यक्ष मुस्ताक आलम, छतरपुर मंडल अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष फिरदौस आलम समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# दो घरों में 7 लाख की चोरी, छठ पूजा के दौरान घर से बाहर था परिवार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बिहार सीमा के कसमीप हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शांति नगर स्थित बंद घर से शनिवार की रात 6 लाख नकद सहित 7 लाख की संपत्ति की चोरी हो गयी। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा स्थानीय थाना में चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार शांति नगर मुहल्ला में रामदुलारे विश्वकर्मा के मकान में अमरेंद्र कुमार व मंजय कुमार मेहता का परिवार किराए पर रहता है। छठ पूजा के लिए दोनों परिवार मकान बंद कर अपने रिश्तेदार के यहां गये थे। रविवार को अमरेंद्र कुमार जब वापस लौटे तो घर का दरवाजा का ताला के साथ ही कमरों में रखे लोहे का अलमीरा व बक्सा टूटा पाया। मंजय कुमार मेहता के भी कमरे का ताला टूटा पाया गया। चोरों ने अमरेंद्र कुमार के घर से सोने का चेन, कान की बाली, मंगटीका सहित 6 लाख का जेवरात, 60 हजार नकद, मंजय कुमार मेहता के घर से 2 लाख का जेवर, 10 हजार नकद की चोरी कर ली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### वाहन की चपेट में आने से किशोरी की मौत



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के झरगाड़ा गांव निवासी अजय बैठा की तीन वर्षीय पुत्री रीया कुमारी की प्रचार वाहन की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अजय बैठा ने बताया कि उसकी बेटी घर के दरवाजे पर खेल रही थी, इस क्रम में प्रचार वाहन की चपेट में आ गई। प्रचार वाहन लेकर चालक फरार हो गया। इस घटना से उतेजित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने ग्रामीणों व प्रचार वाहन के प्रत्याशी का पता लगाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उचित मुआवजा दिलाने का भी भरोसा दिया है, तब ग्रामीण शांत हुए ।

# दो दिवसीय पलामू किला जतरा मेला संपन्न, लाखों की बिक्री हुई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राजा मेदिनी राय की याद में लगने वाला दो दिवसीय पलामू किला जतरा मेला रविवार को समाप्त हो गया। लोक आस्था का पर्व छठ के पारण की सुबह लगने वाला जतरा मेला में लाखों का व्यापार हुआ। मेले की जितनी भी प्रशंसा की जाए बहुत कम है। मेले में झारखंड, बिहार तथा यूपी समेत कई राज्यों से लाखों की संख्या में राजा मेदिनी राय की किला का दीदार करने पहुंचे थे। पलामू किला जतरा मेला इतना प्रचलित हो चुका है कि छठ पारण की सुबह किला एवं मेला देखने काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यह मेला 400 वर्षों से लगता आ रहा है। राजा मेदनीराय महाप्रतापी राजा के साथ हर गरीब की दुःख सुख में साथ देने वाला राजा थे। इसकी कहावत आज भी प्रचलित है। धनी-धनी राजा मेदनीया घर-घर बजे मथनिया। राजा रात के समय अपनी प्रजा की सुख-दुःख का हाल-चाल लेने निकलते थे। जिनके घर में गाय भैंस नहीं रहती थी, वहां गाय भैंस पहुंचा दिया जाता था। इनके राज्य में दूध की नदियां बहती थी।

### मेला में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी

राजा मेदनीराय का ऐतिहासिक किला देखने के बाद लोगों ने कल कल बहती औरंगा नदी के किनारे पिकनिक का भरपूर आनंद उठया। नदी किनारे करीब 3 किलोमीटर में मांस, मछली, मुर्गा, अंडा के साथ हजारों लीटर हड़िया दारु की दुकान लगी थी, जिसकी जमकर हुई बिक्री। मेला में कई प्रकार के झूला, समेत कई चीजों का आनंद लिया। देसी मिठाई लकठो, टिकरी, गटौरी, बादाम, कृषि कार्य के लिए कुदाल, कोडनी, हंसुआ, कुलहाड़ी के अलावा पारंपरिक हथियार में सबसे ज्यादा तलवार की बिक्री खूब रही। मेला के संरक्षण आशुतोष सिंह चेरो, अध्यक्ष प्रदीप सिंह चेरों, सचिव गणेश सिंह चेरो, उप मुखिया उमेश सिंह चेरो, अरविंद सिंह चेरो, मनोज सिंह चेहरो, अशोक सिंह चेरो समेत कई लोग मौजूद थे।

### मेला में शांति व्यवस्था बनी रही

मेला में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने पहले दिन 200 तथा दूसरे दिन 100 पुलिस कर्मियों को लगाया था। मेला समिति द्वारा भी 200 वालंटियर लोगों के सुरक्षा में लगाया गया था।

## अनदेखी | कौरव जलाशय परियोजना वर्षों से अधूरा

# लब्जी नदी का अस्तित्व खतरे में



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एक मात्र नदी लब्जी (कौरव) के अस्तित्व अब खतरे में है। पूरे वर्ष के कुछ माह ही इस नदी पर पानी नजर आता है। नदी के रास्ते में कहीं-कही तो अतिक्रमण भी साफ नजर आने लगा है। स्थानीय लोग बताते है कि अगर अब भी हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सिर्फ रेगिस्तान छोड़ कर जाएंगे। लोग इस स्थिति के उत्पन्न होने के लिए लोग सीधे तौर पर सरकार के अदूरदर्शिता को जिम्मेवार मानते है। इनका कहना है इस क्षेत्र के हताई गांव में 36 वर्ष पूर्व लब्जी नदी पर बनने वाले कौरव जलाशय योजना की आधारशीला रखे जाने के बाद किसानों को अपने अच्छे दिन आने की उम्मीद बनी थी। लोग बताते हैं कि शिलान्यास के बाद ना तो राजनेताओं और ना ही प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्माण कार्य शुरू करने की पहल की। बता दे कि क्षेत्र में व्याप्त जलसंकट के निदान की संयुक्त बिहार सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. बिदेश्वरी दुबे ने स्वंय हताई द्वारपार जंगल में पहुंच कोरव नदी पर बांध निर्माण का शिलान्यास किया था। लोग बताते है कि पूरा हो जाने के बाद यह योजना क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों के लिए वरदान साबित होता। इससे हजारों एकड़ बंजर भूमि को सिंचित किया जा सकता था। बांध नहीं बनने से नदी का पानी बेकार में बह कर चला जाता है।

### इन गांवों की जमीन होगी सिंचित

विश्रामपुर प्रखंड के चेचरिया, ब्रहमोरिया, भंडार, बरिगांवा, अमवा, सेमरी, अटरिया, गुरी, नौगड़ा, नौडीहा, बसना, दमारो, झरहा, टोना, पिपरा, कधवन, सेवरा, जरका, लालगढ़, पंजरी, लादी, रबदा, वैरिया आदि सहित दो दर्जन से अधिक गांवों की भूमि को सिंचित किया जा सकता था।

### लगातार सूखती जा रही लब्जी नदी

प्रखंड क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी पंकज कुमार तिवारी बताते है कि क्षेत्र की लाईफ लाइन लब्जी नदी का अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। कौरव जलाशय परियोजना को पूरा कर ना सिर्फ इस नदी दुबारा लाइफ लाइन में बदला जा सकेगा, बल्कि सैकड़ों एकड़ भूमि पर सिंचित की जा सकेगी।



झारखंड चुनाव 2024

# मतदान बढ़ाने के लिए चल रही विशेष जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नगर निगम क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पिछले चुनावों में नगर निगम क्षेत्र के 46 बूथों पर मतदान प्रतिशत 50% से भी कम था, जबकि 10 बूथों पर यह आंकड़ा 30-40% के बीच रहा था।

चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार, इस बार ऐसे बूथों पर विशेष ध्यान देते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सहायक नगर आयुक्त सभ्यता सिन्हा के नेतृत्व में गठित टीम इन बूथों पर जाकर मतदाताओं से मिल रही है, उन्हें मतदान के महत्व को समझा रही है, और जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।



प्रभावित बूथों में राजकीय बालिका मध्य विद्यालय बारालोटा, पंचायत भवन हनुमान नगर बारालोटा, मिशन स्कूल अबादगंज, सिंचाई विभाग स्थित बूथ, स्टेशन रोड का आबकारी भवन, और पुराना कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बूथ शामिल हैं। इन क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए टीम ने चौपाल और अन्य जागरूकता सत्र आयोजित किए हैं।

सहायक नगर आयुक्त समिता ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि इन बूथों पर मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय सुधार हो। इसके लिए टीम नियमित रूप से इन क्षेत्रों में जा रही है, लोगों से मुलाकात कर रही है और उन्हें मतदान का महत्व समझा रही है। विशेषकर, महिलाएं और युवा मतदाता जो पिछले चुनावों में कम सक्रिय थे, उन्हें इस बार मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**नगर निगम क्षेत्र के 46 बूथों पर गत चुनाव में मतदान प्रतिशत 50 से भी कम था, जबकि 10 बूथों पर यह आंकड़ा 30-40 के बीच रहा था।**

सहायक नगर आयुक्त समिता ने बताया कि हम मतदान के इस पर्व में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। हमारे प्रयास यही हैं कि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे और लोकतंत्र को सशक्त बनाए।

# योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा आज, तैयारियां पूरी, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अपनी रणनीति को मजबूत करने में जुटी है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, जहां वे भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया के समर्थन में जनता से वोट की अपील करेंगे। सभा स्थल पर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, और सीएम के आगमन से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ दोपहर 1 बजे हाउसिंग कॉलोनी मैदान में बनाए गए अस्थाई हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। सभा स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



भाजपा के विधानसभा प्रभारी रघुराज पांडे ने बताया कि सभा में लगभग दस हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। डाल्टनगंज विधानसभा के सभी 426 बूथों से कार्यकर्ता इस सभा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, उसकी वजह से उनकी लोकप्रियता बढ़ी है, और झारखंड के लोग भी उन्हें सुनने के लिए उत्सुक हैं।

पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पिछले कुछ दिनों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं और हर गांव एवं बूथ से लोगों को सभा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभा में सीएम योगी के विचारों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग आएंगे, जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# गौ सेवा व गौ संरक्षण हमारी प्राथमिकता : मारवाड़ी युवा मंच

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रविवार को मारवाड़ी युवा मंच ने अक्षय नवमी के अवसर पर बैरिया बायपास रोड स्थित गौशाला में एक विशेष गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मंच के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने मिलकर गौशाला में मौजूद सभी गायों को हरा पलक, चोकर, गुड़, खल्ली आदि खिलाए। इसके अलावा, गौ माता के पालन-पोषण के लिए कुछ राशि भी दान स्वरूप गौशाला समिति को दी गई।

मारवाड़ी युवा मंच के गौ सेवा प्रभारी ने बताया कि मंच हमेशा से गौ माता के पालन-पोषण और संरक्षण के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे गौ सेवा के प्रति जागरूक हों और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही, जो लोग सक्षम हैं, वे गौशाला के विकास और गौ संरक्षण के लिए अपने आय का कुछ हिस्सा दान करें।

इस कार्यक्रम में दीपक नेमाल, पीयूष तुलस्यान, अरुण शंघाई, संदीप केजरीवाल, सौरव, मिल्की सांवरिया, निशांत सिंघानिया, अशोक हाजीपुरिया, स्वरूप शंघाई, मनोज अग्रवाल, श्याम पोद्दार, श्याम कामदार, गणेश वर्मा, टिंकू शंघाई आदि कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## चुनाव को लेकर 48 घंटे के लिए बंद रहेंगी शराब दुकानें

**मेदिनीनगर।** पलामू में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने शराब दुकानों के संचालन पर रोक लगा दी है। सोमवार शाम 4 बजे से सभी शराब दुकानें 48 घंटे के लिए बंद रहेंगी। 11 नवंबर की शाम 3 बजे चुनाव प्रचार थमने के बाद, एक घंटे के भीतर शराब दुकानें बंद करने का आदेश जारी किया गया है। चुनाव समाप्ति के बाद, 13 नवंबर को मतदान के बाद शाम 5 बजे से शराब दुकानें पुनः खुल जाएंगी। 12 और 13 नवंबर को जिले में ड्राई डे रहेगा, जिसके तहत सभी शराब दुकानों को बंद रखा जाएगा। पलामू के उत्पाद अधीक्षक ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 49 घंटे तक सभी स्तर की शराब दुकानों को बंद करने का निर्देश दिया गया है।

# 13 नवंबर को मतदान के लिए 12 बूथ स्थानांतरित, सुरक्षा के मद्देनजर निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत 13 नवंबर को मतदान होना है, और इस बार अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान में शामिल करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, पलामू जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 12 मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

**डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता का मतदान केंद्र अब राजकीय मध्य विद्यालय बिजका में स्थानांतरित हुआ है।

प्राथमिक विद्यालय तुरेर का मतदान केंद्र अब उत्क्रमित उच्च विद्यालय मदगड़ी (च) में रहेगा। कुटकु उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बना मतदान केंद्र भी उत्क्रमित उच्च विद्यालय मदगड़ी (च) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

**पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण**

बिहरा राजकीय मध्य विद्यालय में बना मतदान केंद्र अब सालमदीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्थानांतरित किया गया है। बघमरी जीरो उत्क्रमित मध्य विद्यालय का मतदान केंद्र भी अब सालमदीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रहेगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय आबुन का मतदान केंद्र अब उत्क्रमित मध्य विद्यालय जान्जो में शिफ्ट किया गया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय केकरगढ़ में स्थित मतदान केंद्र को अब मध्य विद्यालय द्वारका में स्थानांतरित किया गया है।

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खटाई टोला, सनेया का मतदान केंद्र अब उ. उच्च विद्यालय मदगड़ी (च) में शिफ्ट किया गया है।

**छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनाग का मतदान केंद्र अब प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग में रहेगा।

**हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर का मतदान केंद्र अब उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज (उत्तरी भाग) में स्थानांतरित किया गया है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापपुर का मतदान केंद्र अब उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुदंड (उत्तरी भाग) में रहेगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा का मतदान केंद्र अब उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदंड (दक्षिणी भाग) में स्थानांतरित किया गया है। यह स्थानांतरण मतदान प्रक्रिया की सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिससे मतदाता आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# सड़क दुर्घटना में पांच घायल, बच्चा सुरक्षित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सिरमा पथरा के पास एक अनियंत्रित टेंपो के पलटने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे हुई, जब पाटन से मेदिनीनगर जा रही टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में चालक मौके से फरार हो गया, जबकि स्थानीय निवासियों ने घायलों को मेदनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया। घायलों में ममता देवी (36), राम प्रवेश राम (65), प्रियंका कुमारी (29), पम्मी कुमारी (18), और चार वर्षीय मनीष कुमार शामिल हैं। ममता देवी को सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। रामप्रसाद राम को भी सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। प्रियंका कुमारी, जो अपने बेटे मनीष और बहन पम्मी के साथ मेदिनीनगर जा रही थीं, ने बताया कि चालक अत्यधिक गति में



गाड़ी चला रहा था। सवारियों ने उसे गति कम करने का आग्रह किया, लेकिन उसने अनसुना कर दिया, जिससे टेंपो सिरमा पथरा में पलट गई। इस दुर्घटना में पम्मी कुमारी को सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं, जबकि मनीष कुमार के सिर में हल्की चोट लगी। सभी घायलों का इलाज मेदनी राय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह अस्पताल पहुंचे और अपने देखरेख में घायलों का इलाज सुनिश्चित करवाया।

# शहर में ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था पूरी तरह खराब, भगवान भरोसे यातायात व्यवस्था

मनीष तिवारी

**मेदिनीनगर।** आजकल लगभग सभी महानगरों में ट्रैफिक व्यवस्था ट्रैफिक सिग्नल के माध्यम से संचालित हो रही है, लेकिन मेदिनीनगर में यह व्यवस्था पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो चुकी है। महानगर बनने के बावजूद, यहां यातायात की व्यवस्था डंडों और हाथ के इशारे से नियंत्रित की जा रही है, जो दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकता है।



दिन हो या रात, यातायात पुलिस को चौक-चौराहों पर अपने हाथों से ट्रैफिक नियंत्रित करते हुए देखा जाता है। हालांकि, जैसे ही शाम होती है, शहर में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है, और इस कारण यातायात पुलिस को सही से अपना काम करते हुए देख पाना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है क्योंकि यातायात पुलिस के पास हैंड ट्रैफिक लाइट सिग्नल नहीं होते, जिससे वे केवल हाथ या डंडे से गाड़ियों को रुकने या जाने का इशारा करते हैं।

इस असुविधाजनक व्यवस्था के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मेदिनीनगर के लगभग सभी ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से खराब पड़े हुए हैं और उनका मरम्मत या सही तरीके से संचालन करने वाला कोई नहीं है। इसकी वजह से आम जनता को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, खासकर व्यस्त घंटों में जब सड़कें जाम हो जाती हैं।

यातायात सिग्नल का काम न केवल गाड़ियों की गति को नियंत्रित करता है, बल्कि यह सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद करता है। जब तक इन सिग्नल्स को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक मेदिनीनगर में ट्रैफिक व्यवस्था की हालत गंभीर बनी रहेगी। इस मुद्दे का समाधान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात मिल सके।

## वाहन जांच में कार से 8 लाख 90 हजार रुपए बरामद



**नावाबाजार।** प्रखंड थाना चेक पोस्ट के पास रविवार की शाम एसएसटी टीम द्वारा वाहन जांच के क्रम में कार से 8 लाख 90 हजार रुपए बरामद किया गया। कार औरंगाबाद से मेदिनीनगर की ओर जा रही थी। एसएसटी टीम ने वाहन व रुपये को जब्त कर लिया है। साथ ही रुपयों की जांच की जा रही है। वाहन सवार मेदिनीनगर के उस्ताद अंसारी अपने आप को व्यापारी बताते हुए थाना प्रभारी चिंटू कुमार के समक्ष अपना ब्यान दर्ज किया। बताया कि वह व्यापारी हैं। व्यवसाय के सिलसिल में औरंगाबाद से मेदिनीनगर जा रहे थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, युवाओं से मतदान की अपील



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, और इस समय राजनीतिक दल जनता को आकर्षित करने में जुटे हैं। वहीं, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। यह अभियान शाहपुर, अंकड़ाही, हरभोंगा, भुईंया टोली, पनेरी बांध और चैनपुर इलाकों में चलाया गया। अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि जिनकी उम्र 18 साल या उससे अधिक है, वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि 'एक-एक वोट कीमती है, कोई भी वोट छूटने न पाए।'

लक्ष्य श्रेष्ठ ने सभी युवाओं से यह अपील की कि वे खुद मतदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, 'वोट की चोट से हम सरकार बदल सकते हैं, इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।'

# लोकतंत्र के पर्व में सपरिवार भाग लेकर करें मतदान : आयुक्त

- **प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान, लोकतंत्र की मजबूती का दिया संदेश**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने रविवार को समाहरणालय परिसर में बनाए गए सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान किया। आयुक्त मुंडा ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देने का संदेश दिया और सभी नागरिकों से चुनाव में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया।



उन्होंने कहा, मतदान करना लोकतंत्र में अपनी सीधी भागीदारी का प्रमाण है। मैंने मतदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया, और अब आम जनता भी लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दे। आयुक्त मुंडा ने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि देश के भविष्य की जिम्मेदारी उनके हाथ में है, और उनकी भागीदारी से लोकतंत्र और भी सुदृढ़ होगा। आयुक्त ने प्रमंडल के सभी निवासियों से आग्रह किया कि वे 13 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर सपरिवार पहुंचें और उत्सवी माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा, इस चुनाव पर्व को सफल बनाकर देश के गर्व का हिस्सा बनें और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें।

# नावाटोली के महादलित परिवारों का नारकीय जीवन, मूलभूत सुविधाओं से वंचित

रेवती रमण

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 13 नवंबर को डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा। इस चुनावी माहौल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए घोषणाएं और वायदे कर रहे हैं। लेकिन मेदिनीनगर के चित्रगुप्त मंदिर के पास स्थित नवाटोली बस्ती में महादलित परिवारों के लिए कोई बदलाव नजर नहीं आता। यहां के करीब 20 परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। नवाटोली बस्ती के निवासी मुख्य रूप से शहर की सफाई व्यवस्था और दाह संस्कार का काम करते हैं। लेकिन इन परिवारों को न तो स्वच्छ पानी, न शौचालय की सुविधा और न ही अन्य बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हैं। बस्ती में एक ही



चापानल है, जिस पर सभी लोग निर्भर रहते हैं। इसके अलावा बस्ती के बीच से एक बड़ी नाली गुजरती है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम से अनुरोध करने के बावजूद नाली पर स्लैब नहीं डाला गया, जिससे हमेशा बदबू आती रहती है।

इस बस्ती के लोग अब भी चुनाव में यह आशा लगाए हुए हैं कि शायद इस बार कोई प्रतिनिधि उनके मुद्दों को समझेगा और उनकी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करेगा।

स्थानीय निवासी जगजीत राम ने बताया कि वे दशकों से यहां रहते हैं और उनके पास आधार कार्ड और वोटर आईडी भी है, लेकिन शहर में मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं उन्हें नहीं मिलतीं।

बबली देवी ने बताया कि उनकी बस्ती में पीने के पानी की समस्या है। एकमात्र चापाकल होने के कारण महिलाओं को दिनभर लाइन में लगना पड़ता है। कई बार तो उन्हें नदी से पानी लाना पड़ता है, जिसका उपयोग वे नहाने और खाना बनाने के लिए करते हैं।

टुनटुन राम ने कहा कि उन्हें नगर निगम (पूर्व में नगर परिषद) की जमीन पर बसाया गया था, ताकि वे सफाई में मदद कर सकें, लेकिन खुद की जमीन न होने के कारण वे आवास जैसी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। उनके अलावा आस-पास के सभी घर पक्के हैं, जबकि वे कच्चे या झोपड़ीनुमा घरों में रहने को मजबूर हैं। उनका डर यह है कि कहीं एक दिन उन्हें विस्थापित न कर दिया जाए।

यह स्थिति से सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि चुनावी वादों और घोषणाओं के बावजूद कई बस्तियां आज भी मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं और उनके मुद्दों की अनदेखी की जा रही है।

# हेमंत व मिथिलेश ने मिलकर झारखंड व गढ़वा को लूट लिया: हिमंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा सह प्रभारी हिमंता बिश्वा सरमा ने रविवार को पेशका में आयोजित चुनावी सभा कहा कि हेमंत सोरेन व मिथिलेश ठाकुर ने मिलकर झारखंड और गढ़वा को लूट लिया। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। आलम यह है कि सोने के भाव में झारखंड में बालू बिक रहा है। बुर्जुगों, विधवाओं, विकलांगों का पेंशन रोक कर तीन महीनों से मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं को 1000 रुपया देकर ठगा जा रहा है। वह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी के पक्षा में एक चुनावी जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना कुछ लोगों को दिया तो गया, लेकिन बालू इतनी महंगी है कि गरीब घर बना ही नहीं पा रहे। लखना की घटना का जिक्र करते हुए कहा के हेमंत सोरेन और मिथिलेश ठाकुर का देन है कि यहां दुर्गा पूजा में मूर्ति विसर्जन को रोका जा रहा है। रामनवमी की जुलूस नहीं निकल पा रही। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष मूर्ति विसर्जन तथा रामनवमी के




जुलूस को रोक कर दिखाएं। हेमंत सोरेन कल्पना सोरेन पर चुटकी लेते हुए कहा कि दोनों फिल्म के टाइटल के तरह एक दूजे के लिए प्रचार कर रहे हैं। गरीबी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से इन्हें कोई मतलब नहीं है। कालाबाजारी व लूट के पैसे के घमंड में मिथिलेश ठाकुर इतना चूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मां भगवती के ऊपर अपने माता-पिता का नाम लिखवा दिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा कि सरकार बनते ही सबसे पहले लूट व भ्रष्टाचार मे लिप्त लोगों को जेल भेजा जाएगा। सीजीएल सहित सभी परीक्षाओं में हुई धांधली की जांच कराई जाएगी। 2 लाख 87 हजार लोगों को नौकरी दी जाएगी। सहारा में डूबे हुए पैसे को सभी को लौटाया जाएगा। छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा की तर्ज पर 31 किलो धान की खरीद की जाएगी। बुर्जुगों को ढ़ाई हजार रुपए के साथ गोगो दीदी योजना की राशि एक साथ दी जाएगी। नरेंद्र मोदी ने घोषणा किया है कि झारखंड में सरकार बनते ही 21 लाख लोगों को आवास दिया जाएगा तथा बालू फ्री उपलब्ध कराई जाएगी। भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी ने हेमंत सरकार व मिथिलेश ठाकुर पर कड़ा प्रहार किया। कहा कि भ्रष्टाचार, बालू की कालाबाजारी, नल जल योजना में हजारों करोड़ का घोटाला करने का आरोप लगाने के बाद लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, सांसद वीडी राम पूर्व सांसद घूरन राम, संतोष दुबे, सूरज गुप्ता, दीपक शर्मा, मुन्ना तिवारी, डॉक्टर लालमोहन, रुपू महतो, सुषमा कुशवाहा, अमृतांजलि दुबे, चंपा देवी, उदय कुशवाहा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामप्रवेश चंद्रवंशी, मुखिया राम प्रताप शाह, डॉक्टर विश्वनाथ ठाकुर, वीरेंद्र नाथ तिवारी, जगजीवन राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव ने किया।

# डिजिटल होगा टीकाकरण का रिकॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** टीकाकरण की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए यू विन पोर्टल की शुरूआत की गई है। अब टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध होगा, जिससे नागरिकों का टीकाकरण डेटा सुरक्षित व सुव्यवस्थित रखा जा सकेगा। इस नई प्रणाली के तहत नागरिक यूविन पोर्टल का उपयोग करके टीकाकरण का स्थान और समय भी बुक कर सकेंगे, जिससे टीकाकरण की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

**डिप्थीरिया से लेकर निमोनिया तक का रिकॉर्ड :** यू विन पोर्टल में खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, न्यूमोकोकल, निमोनिया, मेनिनजाइटिस, हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, पटुसिस, पोलियो, रोटा वायरस, डायरिया, हेपेटाइसिस बी के कारण होने वाला निमोनिया जैसी सभी वैक्सीनेशंस का रिकॉर्ड शामिल रहेगा। पोर्टल कोविड-19 वैक्सीन मैनेजमेंट सिस्टम के आधार पर तैयार किया गया है। नागरिक पोर्टल पर टीकाकरण के लाभ, इसके प्रकार, संभावित दुष्प्रभाव, और देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी देख सकेंगे. यह कदम न केवल टीकाकरण की प्रक्रिया को सरल बनाएगा, बल्कि इससे स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ेगी. इस डिजिटल प्रणाली का उद्देश्य टीकाकरण की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, सुलभ और पारदर्शी बनाना है। सरकार का मानना है कि यह कदम टीकाकरण कवरेज बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच आसान बनाने में मददगार होगा।

### कोविन की तर्ज पर बना यू विन

स्वास्थ्य विभाग ने यू विन पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल की मदद से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को लगने वाले सभी वैक्सीनेशन का डिजिटल रिकार्ड रखा जाएगा। यह पोर्टल कोविड के दौरान बनाए गए कोविन पोर्टल की तर्ज पर काम करेगा। सभी डाटा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। जिले में पोर्टल ने काम करना शुरू कर दिया है। अभी तक वैक्सीनेशन का डाटा ऑनलाइन संभालना चुनौती का काम होता था, इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को वैक्सीनेशन के कार्ड थमाए जाते थे, इसी कार्ड में टीके नाम और पूरा ब्यौरा दर्ज रहता था। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत रहती थी कि एक बार कार्ड गुम हो जाता था, तो टीकाकरण गड़बड़ा होगा। इस पोर्टल के जरिए गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को लगने वाले सभी वैक्सीन का डाटा एक जगह रखा जा सकेगा। नवजात शिशु से लेकर 17 साल तक की उम्र तक हर बच्चे का वैक्सीनेशन रिकॉर्ड इस पोर्टल पर होगा।

## न्यूज बॉक्स

### काला नमक किरण खेती कर पांच गुना ज्यादा कमा रहे मुनाफा



**मेदिनीनगर।** काला नमक किरण प्रकाश अवध संवेदी प्रजाति का धान है, जिसे वैज्ञानिकों से 23 से 24 साल में विकसित किया है। इस पर 2019 में वैज्ञानिकों को कामयाबी मिली थी, जिसके बाद देश के अलग-अलग हिस्से में किसान इसकी खेती कर रहे है। झारखंड के पलामू जिले के पंडवा प्रखंड के लामी पतरा गांव के रहने वाले किसान ओमकार नाथ पिछले तीन साल से काला नमक किरण की खेती कर रहे हैं। बताया कि आज के समय में सोशल मीडिया शिक्षा ही नहीं बल्कि किसानों के लिए भी फायदेमंद हो रहा है। किसान ओमकार नाथ ने बताया कि काला नमक किरण की जानकारी उन्हे यूट्यूब से मिली, जिसके बाद इसकी खेती शुरू किया। इस साल वह लगभग 1 एकड़ में इसकी खेती किए हैं। फसल भी पूरी तरह तैयार हो गया है। भविष्य में बड़े पैमाने पर करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से वह कृषि से जुड़े है। 5 से 6 वर्षों से ऑर्गेनिक खाद से खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हे अच्छा मुनाफा मिल रहा है। काला नमक किरण की खेती भी ऑर्गेनिक तरीके से कर रहे है। इसमें जीवामृत, घन जीवामृत के साथ वर्मी कंपोस्ट का भी प्रयोग कर रहे है। यूरिया खाद का प्रयोग नहीं के बराबर करते हैं।

**लागत खर्च अधिक नहीं :** सामान्य धान की तरह ही इसकी खेती होती है। इसमें लागत खर्च भी अधिक नहीं लगता है, लेकिन इसे तैयार होने में सामान्य धान की तुलना में 10 से 15 दिन अधिक समय लगता है। इस वर्ष लगभग एक एकड़ में इसकी खेती कर रहे हैं, जिसमें उन्हें 10 से 12 हजार रुपए खर्च हुआ है। मुनाफा के बारे में कहा कि लागत खर्च काटकर उनके पांच गुना मुनाफा होने वाला है, क्योंकि, फसल बहुत अच्छी तरह तैयार हुआ है। बाजार में बासमती चावल 70 से 80 रुपए प्रति किलो की दर से मिलता है। जबकि काला नमक किरण बाजार में 150 से 200 रुपए किलो मिलता है। वहीं ऑनलाइन मार्केट में जाए तो काला नमक किरण का दाम 300 रुपए किलो है। स्वाद सुगंध और पोषक तत्वों से भरपूर काला नमक किरण बासमती चावल की तुलना में ज्यादा बेहतर है। जिसे वो एमाजोन जैसे साइट पर भी बिक्री करते है।

# आंतों में जमी गंदगी को सोख लेगा ये देसी ड्रिंक

### प्रतिदिन पिएं एक ग्लास कब्ज में भी रामबाण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अगर आपका पेट साफ होगा तो आप अंदर-बाहर से स्वस्थ रहेंगे। अधिकतर लोगों का पाचन दुरुस्त नहीं रहता है। कब्ज की समस्या बनी रहती है। सुबह सही तरीके से पेट साफ नहीं होता है। शरीर के अंदर अपशिष्ट पदार्थ इकट्ठा होकर सड़ते रहते हैं, जिससे कई तरह की समस्याएं शुरू हो सकती हैं। ऐसे में पेट और आंतों की अच्छी तरह से सफाई हर दिन बहुत जरूरी है। हालांकि, एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि हर दिन तीन लीटर पानी पीकर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखा जा सकता है। इससे आंतों में मौजूद वेस्ट पदार्थ भी निकलते हैं। लेकिन, कुछ लोग पानी तो कम पीते ही हैं, दिन भर अनहेल्दी और बिना फाइबर वाली चीजों का सेवन करते हैं, जिससे कब्ज बढ़ जाता है। आपका भी पेट सही से सुबह साफ नहीं होता है, कब्ज की समस्या है, तो आंतों को साफ करने का ये तरीका आजमाकर देखें।

**इसके लिए आप निम्न चीजें लें:**
**सौंफ-आधा कटोरी**
**जीरा- आधा कटोरी**
**खसखस- 1 चम्मच**
**काली मिर्च-10-12 दाने**
**छोची इलायची- 3-4**
**काला नमक -स्वादानुसार**
**मिश्री- 1 चम्मच**

**ऐसे करें तैयार**

इन सभी सामग्री को मिक्सर ग्राइंडर में डालकर अच्छी तरह से पीसकर पाउडर बना लें। अब इस पाउडर को आप एयर टाइट कंटेनर में स्टोर करके भी रख सकते हैं। जब भी आपका पेट ठीक से साफ न हो, कब्ज की समस्या हो, आंतों में कई दिनों तक गंदगी जमी रहे तो आप इस पाउडर का सेवन करें। इसके लिए एक गिलास सादे पानी में एक चम्मच इस पाउडर को डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे पिएं आपको फायदा जरूर होगा। पेट की सेहत भी दुरुस्त रहेगी। सौंफ में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंतों को अंदर से साफ करके पेट के इंफेक्शन से भी बचाते हैं।

### आंतों को साफ करने का घरेलू नुस्खा

आंतों की सफाई करने के लिए ये घरेलू नुस्खा बता रही हैं डाइटिशियन शुभी अग्रवाल। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट हेल्दीटिप्स 7131 पर एक वीडियो शेयर किया है। आंतों को साफ करने के लिए आपको कुछ समाग्री चाहिए। ये सब आपके किचन में भी मौजूद होंगी। नहीं भी हैं, तो आप मार्केट से ला सकते हैं।

# खेत जोतने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना अंतर्गत लोवादाग में ट्रैक्टर द्वारा खेत जोतने से बौखलाए लोगों ने शनिवार की रात्रि ट्रैक्टर मालिक सोहबारिया गांव निवासी अशोक चौधरी के घर घुस कर पांच लोगों ने मारपीट किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पहुंच पांच लोगों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए लोगों मे लोवादाग निवासी अजउद्दीन अंसारी, इजराइल अंसारी, इसराइल अंसारी, शैरा बीबी,तथा जुबैदा बीबी शामिल हैं। उक्त मामले को लेकर अशोक चौधरी द्वारा मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। अशोक चौधरी द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार शनिवार को वह शितला पेड़ नदी में मछली पकड़ने गया था।



वहीं कुछ लोग पहुंचे तथा खेत जोतने को लेकर उसके साथ उलझने के बाद मारपीट पर उतारू हो गए। मामला बढ़ता देख अशोक चौधरी वहां से घर लौट गया। रात्रि साढ़े सात बजे कुछ लोग लाठी डंडे, गड़ासा आदि से लैश होकर अशोक चौधरी के घर जा कर मारपीट करने लगे। हो हल्ला सुनने के बाद आसपास के लोग वहां जमा हो गए। बाद में ग्रामीणों ने मेराल पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विष्णु कांत, इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद ने उक्त मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### आंवला नवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु और शिवजी का वास, मिलेगा अक्षय पुण्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आंवला नवमी का पर्व रविवार को भक्तिभाव और श्रद्धा से मनाया गया। इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य का फल कभी समाप्त नहीं होता। पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में आंवला नवमी पर भक्तों की भीड़ आंवला पेड़ के नीचे बैठकर भोजन करने के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव के साथ आंवला पेड़ के नीच बैठकर आराधना कर परिवार के साथ भोजन ग्रहण परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन कर भगवान का याद किया जाता है। आंवले के वृक्ष की धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस वृक्ष में भगवान विष्णु और शिवजी का निवास माना गया है। इस दिन इनके पूजन से मनोकामनाएं पूर्ण



होती हैं। अक्षय नवमी के दिन महिलाएं सात्विक भोजन तैयार करती हैं। परंपरागत रूप से इस दिन सात प्रकार की सब्जियों को मिलाकर विशेष भोजन बनाया जाता है। आंवले के वृक्ष के नीचे पूजन के बाद महिलाएं परिवार और ब्राह्मणों को भोजन कराती हैं, जिससे उन्हें अक्षय पुण्य का लाभ मिलता है। महिलाएं इसे अपने परिवार की सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन के लिए करती हैं, और इस परंपरा को बड़े श्रद्धाभाव से निभाती हैं।

### धार्मिक महत्व और पुण्य लाभ

शास्त्रों में उल्लेख है कि इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करने और दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। आंवला नवमी के अवसर पर इस पुण्य को प्राप्त करने के लिए भक्तपूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। इसे भगवान विष्णु एवं शिव का आशीर्वाद पाने का माध्यम मानते हैं।

# खंडहर में तब्दील हुआ खरौंधी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

### 80 हजार की आबादी का इलाज भगवान भरोसे



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड के गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड में 3.50 करोड़ रुपये की लागत से बना 100 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले 15 वर्षों से खंडहर बन चुका है। प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित इस अस्पताल को स्थानीय आबादी की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया था। लेकिन आज तक इसमें एक भी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई, जिससे लगभग 80 हजार की आबादी का इलाज भगवान भरोसे हो रहा है। प्रखंड के ग्रामीणों को इलाज के लिए गढ़वा, डाल्टनगंज, रांची और पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के वाराणसी जैसे दूरदराज के शहरों का सहारा लेना पड़ता है। छोटे-छोटे इलाज के लिए उन्हें भारी सफर और आर्थिक खर्च उठाना पड़ता है, जो यहां के लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका है।

### ग्रामीणों का दर्द:इलाज के लिए दूरदराज का सफर, भारी खर्च

प्रखंड के ग्रामीण जैसे कृपा शंकर चन्द्रवंशी, आलोक प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, उमाशंकर प्रसाद, विकास कुमार, अभिषेक जायसवाल और रवि हुसैन का कहना है कि उनकी जिंदगी भगवान भरोसे है। छोटी से छोटी बीमारी के लिए उन्हें गढ़वा, डालटनगंज, रांची या वाराणसी जाना पड़ता है। इलाज के लिए सफर करने में जितना खर्च होता है, वह इलाज के खर्च से भी अधिक हो जाता है। कोरोना काल में तो हालात इतने खराब हो गए थे कि इलाज के अभाव में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही के अथक प्रयास से खरौंधी में यह अस्पताल बना था। यदि उस समय स्वास्थ्य विभाग ने एक डॉक्टर की भी नियुक्ति की होती, तो अस्पताल खंडहर नहीं बनता।

### प्रखंड में अन्य उप-स्वास्थ्य केंद्रों की भी हालत दयनीय

प्रखंड के सिसरी, चौरिया, खरौंधी, अरंगी, अमरोरा, राजी और करिवाडीह में स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र भी जर्जर हालत में हैं। इन केंद्रों पर भी डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं है। केवल कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की नियुक्ति की गई है, लेकिन वे भी अक्सर अपने केंद्रों पर अनुपस्थित रहते हैं और भवनाथपुर में देखे जाते हैं। प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी भी अपनी स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष कर रहा है। यहां डॉक्टर की पोस्टिंग तो हुई थी, लेकिन वे भी भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। इन सभी समस्याओं का प्रभाव सीधे तौर पर प्रखंड के 80 हजार लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें मजबूरन इलाज के लिए दूसरे राज्यों का सहारा लेना पड़ता है।

**पहल**

### कर्नाटक के विशेषज्ञों ने ग्रामीण को किया जागरूक

# हाथी से बचाव के लिए ग्रामीणों को दिया सुझाव

- वन विभाग की टीम पूरी तरीके से सतर्कता से कर रही काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के खुरी गांव के मसरा टोला में वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा के निर्देश पर हाथी से बचाव को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर कर्नाटक से आए डॉक्टर रुद्रआदित्य द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम जंगली हाथियों से लोगों के सुरक्षा के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्र में बढ़ रहे हैं हाथियों के हमले और उत्पात पर रोकथाम के लिए ग्रामीणों को कई तरह



के सुझाव दिया गया। बताते चले की चिनियां प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों हाथियों का उत्पात लगातार जारी है, चिनियां वन विभाग की टीम पूरी तरीके से सतर्क है, ताकि क्षेत्र में किसी भी तरह की कोई जान माल की हानी नहीं हो। कर्नाटक से आए विशेषज्ञ रुद्र आदित्य ने बताया कि जंगल के किनारे गांव व खेत होने के कारण हमेशा हाथियों का खतरा बना रहता है। इससे सुरक्षा के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है। घर के आस पास सफाई रखें। उजाले की व्यवस्था रखें। कहा कि हाथी दिखाई पड़ने पर हाथियों के साथ छेड़छाड़ ना कर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग व प्रखंड अंचल प्रशासन को दे, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं घटे। हाथी भगाते समय निर्धारित दूरी बनाए रखने, मशाल व मिर्ची पाउडर का उपयोग करने सहित महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई। बताते चले कि बीते 2 सालों से हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान है, जिसे लेकर विभाग द्वारा हाथियों से बचाव के तरीकों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। मौके पर चिनियां प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, वनरक्षी प्रेमचंद दास, विपिन कुमार, हेमंत तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

### सीओ ने की पहल, ग्रामीणों ने लिखित आश्वासन मांगा

**मोहम्मदगंज।** रविवार की देर शाम अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी ने कोल्हुआ देवी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के साथ वोट वहिष्कार के विषय पर बैठक की। इसमें उन्होंने ग्रामीणों से निवेदन किया कि वे सभी मताधिकार का प्रयोग करें। जिस पर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कहा कि जब तक जिला प्रशासन लिखित आश्वासन नहीं देगा, तब तक ग्रामीण अपने बूथ पर मतदान नहीं करेंगे। बैठक में श्याम बिहारी सिंह,रामचन्द्र मिश्र, बिनोद बिहारी सिंह, बाबर अंसारी, विकास कुमार सिंह, रितेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अफताब अंसारी,गोधन राम, नागेन्द्र तिवारी, धनंजय तिवारी, अमलेश तिवारी, श्याम मिश्र, श्याम सुंदर ठाकुर, बाबू साहब मेहता, अवधेश चन्द्रवंशी, सुबोध राम ,मुखदेव राम, श्याम लाल राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार बनने पर विकास की नई लहर आएगी : मनोज तिवारी



**हेमंत सरकार रोटी, बेटी और माटी की रक्षा करने में नाकाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को लातेहार जिले के सरयू प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। मनिका विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्णा सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में मनोज तिवारी ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने से राज्य में विकास की गति बढ़ेगी और जनता को एक इमानदार और मजबूत सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल हरेकृष्णा सिंह का नहीं है, बल्कि झारखंड को एक नई दिशा देने का अवसर है। एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समर्थन है, जिससे राज्य में भाजपा की सरकार बनाकर विकास की नई राहें खोली जा सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की मौजूदा सरकार झारखंड के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करने में असफल रही है और भ्रष्टाचार में लिप्त है। हेमंत सरकार रोटी, बेटी और माटी की रक्षा करने में पूरी तरह नाकाम रही है। यहां न केवल राज्य की बेटियों की सुरक्षा खतरे में है, बल्कि आदिवासी समाज के हितों की भी अनदेखी की जा रही है। उन्होंने रघुवर दास सरकार के दौरान की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो महिलाओं के लिए मुफ्त गैस सिलेंडर और एक रुपये में भूमि रजिस्ट्री जैसी योजनाएं फिर से शुरू की जाएंगी, जो पिछली भाजपा सरकार के दौरान लागू थी। फूलो झानो पढ़ो योजना के तहत बेटियों को 21 हजार रुपये सालाना और बेरोजगार युवाओं को मासिक 2 हजार रुपये का भत्ता दिया जाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, मनिका विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह व अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रदेश में बनने वाली है एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार : प्रतुलनाथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने रविवार को चंदवा के होटल आकाश स्थित भाजपा के चुनावी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर झारखंड मुक्ति मोर्चा,कांग्रेस, राजद द्वारा संयुक्त रूप से जारी एक वोट सात गारंटी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सत्ताधारी गठबंधन के एक वोट के बदले सात झूठ के वायदों पर नहीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के 2019 के मेनिफेस्टो निश्चय पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कुल 114 वायदे जनता से किए थे, परंतु 5 वर्षों में इस सरकार ने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। 5 वर्षों तक जनता ठगी गयी। इस बार जनता झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगी। झारखंड 2019 में सरकार ने अपनी निश्चय पत्र में कहा था कि सरकार गठन के 2 साल के भीतर राज्य के खाली पड़े सभी सरकारी पदों पर नियुक्ति हो जाएगी। आज की स्थिति यह है कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2,87,000 पद अभी भी खाली है। 5 वर्षों में 25 लाख रोजगार किया गया था। बेरोजगारों को 5000 रुपए और 7000 रुपए का प्रति महीना भत्ता देने का वादा किया था। इनके सारे वादे झूठे साबित हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सभी आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, रसोईया को नियमित करने की बात कही थी। प्राथमिक से लेकर पीएचईडी तक सभी प्रकार की शिक्षा बेटियों के लिए निःशुल्क, हर अनुमंडल में महिला महाविद्यालय, हर गरीब परिवार की महिलाओं को 2000 रुपया प्रतिमाह चूल्हा खर्च,तीन लाख की आबादी पर एक महिला थाना की स्थापना की बात की थी। सारी घोषणाएं हवा हवाई हो गई। उन्होंने ने कहा निश्चय पत्र के आदिवासी, दलित संरक्षण के लिए पेसा कानून को सख्ती से लागू करने का वादा किया था। आज तक नियमावली भी लागू नहीं हो पाया। हेमंत ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य में भी बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थी, लेकिन आज भी 96 प्रतिशत मिडिल स्कूलों में स्थाई प्रिंसिपल नहीं है। प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूल के कुल शिक्षकों के 68 प्रतिशत पद खाली है। हमारी सरकार बनने पर सभी अनुबंधकर्मी नियमित किये जाएंगे। लातेहार, मनिका विस में भाजपा क्लीन स्वीप कर रही है और प्रदेश में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने वाली है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र यादव के अलावे महामंत्री दीपक निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामवृक्ष चौधरी, रामप्रसाद साव, आशीष उर्फ गुड्डू सिंह, कृष्णा कुमार समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

## वर्षों से उपेक्षित है सरजामातु मतदान केंद्र जाने वाली सड़क



**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत सरजामातु मतदान केंद्र बूथ संख्या 272 जाने वाली सड़क वर्षों से उपेक्षित रही है। जबकी विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी भी मतदान केंद्र तक इसी रास्ते से पहुंचते है। ग्रामीण सतीश कुमार, शनिदेवल कुमार, उपेंद्र कुमार यादव, प्रकाश भारती, सूरज यादव, अवधेश यादव ने बताया की कालीकरण मुख्य सड़क से मतदान केंद्र तक लगभग आधा किलोमीटर सड़क गड्ढा युक्त है जहां वाहनों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में मतदान केंद्र तक पहुचने में पोलिंग कर्मियों को थोड़ी परेशानी हो सकती है।

## भाड़ा विवाद में समझाने गए दुकानदार के साथ मारपीट

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी गांव में टेंपो भाड़ा को लेकर हुए विवाद में बीच बचाव करने गये दुकानदार मो. तौफीक को टेंपो ड्राइवर आदित्य जायसवाल नामक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में घायल दुकानदार मो. तौफीक ने बताया कि शनिवार को लोहरसी गांव की एक महिला इंदिरा गांधी चौक से आदित्य जायसवाल पिता विनोद जायसवाल के टेंपो में सवार होकर लोहरसी गांव में पहुंची। टेंपो से उतरने के बाद महिला ने ड्राइवर को 20 रुपये भाड़ा देकर घर की ओर जाने लगी, तभी उक्त टेंपो ड्राइवर उसके साथ उलझ गया और उसके साथ भाड़ा को लेकर अभद्र व्यवहार करने लगा। यह सब देखकर वंहा मौजूद महिला का पति गुड्डू भुइयां भी वहां पहुंचा और ड्राइवर को समझाने लगा। टेंपो ड्राइवर आदित्य महिला के पति से भी उलझ गया और बदतमीजी करने लगा। विवाद बढ़ता देख वंहा पर मौजूद मो. तौफीक अपने दुकान से निकल कर दोनों पक्षों को समझाकर अपने अपने घर भेज दिया। इस दौरान टेंपो ड्राइवर ने मो. तौफीक से भी गाली गलौज कर देख लेने की धमकी दी। उसके बाद टेंपो ड्राइवर वहां से चला गया और दूसरे दिन रविवार की सुबह अपने साथियों के साथ लोहरसी पहुंच कर दुकानदार मो. तौफीक को घर से बुलाकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट में तौफीक घायल हो गये। घायल तौफीक को लेकर स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे और उसका प्राथमिक उपचार कराया। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार ने चंदवा थाना में आवेदन देकर आदित्य जायसवाल व उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## फूलसु विरोहर मतदाताओं को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत स्थित विरोहर टोला में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी बीडीओ अमित कुमार पासवान के नेतृत्व में विधानसभा आम चुनाव को लेकर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। बीडीओ ने मतदाताओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया। मौजूद मतदाताओं को मतदान के दिन अपने-अपने परिवार, गांव और समाज के सभी मतदाताओं से निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान करने की अपील की। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम शत प्रतिशत मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है, ताकि कोई मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रह जाये ।

## भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित के साथ इतवारी छठ संपन्न

**इतवारी छठ करने से व्रती को सुहागन व धन, वंश, वैभव आदि की होती है प्राप्ति**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न नदी, तालाबों व जलासयों में रविवार को सैकड़ों की संख्या में छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। जल में घंटों खड़े रहकर सूर्य की आराधना की एवं डूबते सूर्य की लालिमा देख अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना किया। भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ इतवार छठ का समापन हुआ। बताया गया कि इतवार छठ का महत्व भी छठ महापर्व के सामान ही है। कहा जाता है कि जो महिला छठ महापर्व की हैं वो प्रथम इतवार को भी 24 घंटे का उपवास रखकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती हैं। इससे पूर्व विधी विधान से व्रती नहाती खाती हैं खरना भी करती हैं। तथा प्रत्येक कार्य छठ महापर्व के जैसे ही किया जाता है। कहा जाता है कि इतवार छठ करने से व्रती को सुहागन व धन, वंश, वैभव आदि की प्राप्ति होती है।

## नहीं पहुंच पाए राजद नेता तेजस्वी यादव, फोन से सभा को संबोधित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ\गिद्धौर(चतरा)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राजद नेता तेजस्वी यादव रविवार को महागठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी लातेहार विधानसभा के बालूमाथ स्थित प्लस टू हाई स्कूल के पास मैदान में बैद्यनाथ राम व चतरा जिला के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान मनोज चंद्रा के पक्ष में रविवार को मोबाइल से ऑन लाइन जनसभा को संबोधित कर चुनावी माहौल बनाया। बताया कि तेजस्वी यादव का दोनों स्थानों पर चुनाव कार्यक्रम था, लेकिन हेलीकॉप्टर में आयी तकनीकी खराबी के कारण उन्होंने दोनों जनसभा को मोबाइल से ही संबोधित कर लोगों से गठबंधन प्रत्याशियों को सहयोग करने की अपील की। दोनों स्थानों पर ग्रामीण की काफी भीड़ थी। तेजस्वी के नहीं आने के कारण लोगों को निराशा हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार ने कई जन उपयोगी योजना शुरू किया, जिसका सीधा लाभ गरीब लोगों तक पहुंची है। आज हर महिला के खाते में प्रति माह 1000 रुपया जा रहा है। गठबंधन के निर्णय ने झारखंड के हजारों परिवार का बिजली बिल माफी कर दिया। दो 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिया। किसानों का 2 लाख तक का ऋण माफ कर दिया गया। ऐसे कई योजनाओं से झारखंड वासियों को लाभ दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में इन ऐतिहासिक फैसले लिए अगर जनता का समर्थन यूं ही रहा तो आने वाले 5 सालों में भी जनता के हित में कई ऐतिहासिक फैसला गठबंधन की सरकार द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को सहयोग देने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में अलग-अलग राज्यों के कई भाजपा के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री भी चुनावी जनसभा कर रहे हैं। एक झारखंडी को हराने के लिए यह रणनीति अपनाई गई है। कार्यक्रम मंच संचालन मोहम्मद जुनैद अनवर ने किया। इस दौरान विभिन्न पार्टियों को छोड़ कर सैकड़ों लोगों ने झामुमो का दामन थामा लिया। सभी को जिला अध्यक्ष ने पार्टी का पट्टा पहना कर शामिल कराया। मौके पर गठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि एक बार और मौका दें बचे हुए विकास को जरूर पूरा करने का प्रयास करेंगे। बालूमाथ के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, मनोज यादव, श्याम सुंदर यादव, प्रदीप गंझू, दीपक यादव, प्रीतलाल यादव, मो. मुजम्मिल,बीरेंद्र यादव,समसूल होदा, ईश्वर उरांव, मोतिउर रहमान, दिलीप यादव, मनोज यादव, मोहम्मद अजमल,प्रमोद राम, रीना उरांव,चंद्र मोहन यादव,संदीप उरांव,भोला सिंह,राजेश यादव सहित हजारों महिला पुरुष कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद थे। गिद्धौर के कार्यक्रम का संचालन प्रखंड प्रभारी बैद्यनाथ दांगी ने किया। सभा में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक, देवचरण दागी प्रखंड प्रभारी यदुनंदन पांडेय,बहादुर दांगी, विनोद ठाकुर, पूर्व जिप सदस्य राम लखन दांगी, राजद नेता कमलेश कुमार रजक, रामदेव यादव, राजेश कुशवाहा, महावीर दांगी, परमेश्वर दांगी,महिला मोर्चा के प्रदेश सचिव कामदेव दांगी सहित काफी संख्या में गठबंधन कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** पुलिस ने विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रविवा को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना से शुरू होकर बालूमाथ के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए टमटम टोला, मुरपा मोड़ चौक होते वापस थाना पहुंची। इस दौरान बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस प्रशासन निष्पक्ष और भय मुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अगर असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था को भंग करने या चुनाव में किसी प्रकार का बाधा डालने की कोशिश करेंगे तो शक्ति से निपटा जाएगा। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस उपद्रवियों से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने मतदाताओं से भय मुक्त व निष्पक्ष मतदान करने की अपील की।

## प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेतृ भाजपा में शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** चतरा लोक सभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह व भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीलम देवी ने भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के चुनावी दौरे में प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरनी हेरहंज टोला में पहुंच कर ग्रामीणों के साथ बैठक की।

वहां जेएमएम के प्रखंड उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का पट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान कांग्रेस महिला मोर्चा की पार्वती देवी ने भी भाजपा में शामिल हो गई। इसके बाद सांसद व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीलम देवी ने भाजपा नेता रंजीत जायसवाल के घर पहुंचकर उनके पिता नंदकिशोर जायसवाल भूतपूर्व मुखिया के निधन होने पर शोक व्यक्त किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष यादव,जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसावल, रंजीत जायसवाल मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव,यदुनन्दन प्रसाद,मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर भाजपा नेता उपेन्द्र यादव, अरविंद यादव, शिव मंगल सिंह, अवधेश यादव,श्यामलाल गोस्वामी, जितेंद्र यादव मिथिलेश गुप्ता, यमुना यादव, मंगल उरांव, बालचन्द साव, मालेश्वर भोक्ता, रामप्यारे यादव, अनिल उरांव, महेन्द्र उरांव, संदीप भगत समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एंव समर्थक मौजूद थे।

## सीनियर सिटीजन के लिए मतदान केंद्र पहुंचाने को लेकर प्रशासन है सजग

# स्वीप एक्टिविटी के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन, मतदाताओं को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 280 दिग्ही में मतदाताओं को स्वीप एक्टिविटी के तहत रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में जिले से सड़क निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए और मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। बीडीओ ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। आपके एक मत से ही देश व प्रदेश का भविष्य निर्धारण होगा। लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत मताधिकार का उपयोग करना है। इसलिए आपसभी मतदाताओं से आग्रह होगा की अगामी 13 नवंबर को पहले करें मतदान फिर जलपान ताकि अधिक से अधिक मत का उपयोग हो सके। साथ हीं अन्य लोगों को भी मतदान जरुर से जरुर करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।साथ हीं उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।बीडीओ मनीष कुमार ने बताया की बुथ पर मतदाताओं की लाईन में बैठने के लिए बैंच की व्यवस्था की गई है, ताकि लाईन में परेशानी न हो।इसके अलावा वृद्ध मतदाताओं को बूथ तक ले आने व जाने को लेकर वाहन की और व्हील चेयर की व्यवस्था हर बूथ पर की गई है।मौके पर जेपीएस सह डीपीआरो चंदन कुमार, बीएफटी सुबोध कुमार सिंह, पीएसएस रमाकांत मिश्रा, हृदय कुमार, बीएलओ रिकू देवी के अलावा सुपरवाइजर व भारी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के अंबेडकर चौक के समीप में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ साकेत सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदान के दिन अपने परिवार व गांव और समाज के सभी मतदाताओं से निष्पक्ष और भयरहित मतदान करने की अपील की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 18 वर्ष व उससे अधिक उम्र के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, बीएलओ से मतदाता सूची में अपना नाम देखने, आदर्श आचार संहिता, ईवीएम, वीवीपेट मशीन, मतदान के दिन मतदान पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य पहचान पत्र के साथ मत देने, दिव्यांग मतदाताओं को मत देने हेतु विशेष सुविधा सहित आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव अभियान को सफल बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित लोगों के साथ चौपाल में चर्चा की गई। रात्रि चौपाल में मुखिया मनोज कुमार साहू,अखिलेश यादव,बीपीओ अजय कुमार,जिला खनन पदाधिकारी अरुण कुमार टोप्पो, रोजगार सेवक,मिथलेश यादव, नवनीत कुमार नवीन,मुकेश केसरी,मुकेश शर्मा, अभिषेक रजक,पंचायत सेवक मुकेश यादव,रंजन कुजार राजू,शिव मंगल सुमन दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# ईवीएम की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखे पुलिस व पोलिंग पार्टी : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में रविवार को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक नगर भवन, लोहरदगा में हुई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया की अहम जिम्मेवारी सेक्टर पदाधिकारियों की है। मतदान के समय जो रिजर्व ईवीएम हैं उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। ईवीएम को सुरक्षित वाहनों में ही रखा जाए और किसी भी परिस्थिति में ईवीएम को छोड़कर कहीं जाना नहीं है। बिना पुलिस के ईवीएम वाले वाहन का मूवमेंट नहीं हो। इस्तेमाल किये गये ईवीएम और बिना इस्तेमाल किये गये ईवीएम को अलग-अलग रखना है। किसी भी स्थिति में ईवीएम स्थान पर मिक्स नहीं करना है। मतदान के दिन (13 नवंबर 2024) बूथों में मतदाताओं की लाईन नियमित रूप से चलती रहनी चाहिए। अगर मतदान प्रक्रिया धीमी है तो इसकी सूचना जिला के वरीय पदाधिकारियों को दें। आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक सहयोग जिला स्तर से दिया जाएगा। बूथों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो। लाईन धीमी किसी भी स्थिति में नहीं चले। जिन बूथों में वोटिंग चार बजे तक होना है उसमें ख्याल रखा जाए। पीठासीन पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशी के एजेंट को निर्धारित प्रारूप समय से उपलब्ध करा दिया जाए। मोबाईल एप्स पर समय से डेटा अपलोड किये जाएं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई भी पदाधिकारी इधर-उधर भ्रमणशील नहीं रहें। दवाईंया और अन्य जरूरत की वस्तुएं अपने साथ रखें। यूनिट की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही होनी चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ,अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, सभी सेक्टर पदाधिकारी व सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।





### पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा सर्वोपरि : एसपी

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि बीते बार बहुत ही अच्छे तरीके से निर्वाचन संपन्न कराया था। पोलिंग पार्टियों को अच्छी तरह सुरक्षा देना आपकी जिम्मेवारी है। अपने वाहनों की टैगिंग समय से करा लेंगे। पुलिस पदाधिकारी और सेक्टर पदाधिकारी एक दूसरे के बीच बेहतर समन्वय बना कर रखेंगे। जिन पोंलिंग बूथों में चार बजे का पोलिंग है वहां लाईन में लगे हुए मतदाताओं को वोटिंग करा लेना है। कोई भी काम हड़बड़ी में नहीं करना है। सभी प्रारूप बेहतर तरीके से भरा जाना है। क्यूआरटी टीम और सीएपीएफ टीम के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहेंगे। जिन ईवीएम में वोट समाप्त हो जाएगा उन्हें जमा कर स्कॉट करते हुए निर्धारित रिसिविंग सेंटर में जमा करना है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का पालन निश्चित रूप से करेंगे।

### कुडू में डॉ रामेश्वर उरांव ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# कांग्रेस की सोच समानता पर समाज का विकास करना है

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव, कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अगवाई में रविवार को कुडू प्रखण्ड क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस दौरान ग्रामीणों से बैठक कर जनसामान्य को गठबंधन की सरकार के कल्याणकारी प्रयास और सोच से अवगत कराया गया। लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने की अपील किया गया। आयोजित सभा में प्रत्याशी रामेश्वर उरांव ने कहा कि, लोहरदगा सीट से आप मुझे जीत दिलाइए। राज्य में गठबंधन सरकार बनते ही पेंशन योजना के तहत ढाई हजार मिलेंगे। बेघर को अबुआ आवास संवेदनशीलता पर दिया जाएगा। समाज के गरीब समुदाय के लोगों के उत्थान और विकास के



लिए विशेष कार्य करने की सोच है। महिलाओं को सस्ते मूल्य पर एलपीजी गैस उपलब्ध होगा। बेरोजगार युवाओं को नौकरी के अवसर मिलेंगे। उन्हें, बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा। कांग्रेस की सोच समानता पर समाज का विकास करना है। गरीब, दलित, पिछड़ी और आदिवासी समाज का आरक्षण प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा। हमने वादा कर इसे पूरा करके दिखाया है। मौके पर कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने लोगों से कहा कि, वातावरण पूरी तरह कांग्रेस की बन गई है। स्थानीय जनता मतदान कर इसे जीत में सुनिश्चित कर अपना आशीर्वाद दें। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक ग्रामीण मौजूद थे।

# मीडिया कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों समेत आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोगों को पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान की व्यवस्था की है। इसके तहत लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र मे गत 8 से 10 नवंबर तक मतदान किया गया। इसके तहत सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों ने लोहरदगा डीएसओ कार्यालय





स्थित मतदान केंद्र में अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। इस दौरान मीडिया कर्मियों ने जन अपील किया कि 13 नवंबर को मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाते हुए अपना बहुमूल्य वोट जरूरी करें। मौके पर लोहरदगा जिले के वरिष्ठ पत्रकार सत्यकाम ने कहा कि भारत चुनाव आयोग द्वारा एक अच्छी पहल है और हमलोग पहली बार पोस्टल बैलेट से मतदान कर रहे हैं। उन्होंने जन अपील किया कि 13 नवंबर को मतदाता अपने घरों से निकलकर मतदान करें।

### युवा नेता किशोर सिंह के कार्यों को सराहा गया

## सियासी जमीन पर जल्द ही एक युवा नेता का होगा पदार्पण : अनवर अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू (लोहरदगा)**

लोहरदगा भाजपा के अलसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनवर अंसारी ने प्रखण्ड के कोठीटोला निवासी युवा नेता किशोर सिंह के कार्यों को सराहा। वहीं एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत के लिए ककरगढ़ पंचायत की बागडोर संभाल रहे। लंबे समय से समाजसेवा के कार्यों क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहे किशोर सिंह को देख कर ये साफ है कि सियासी जमीन पर जल्द ही एक युवा नेता का पर्दापण होने जा रहा है। उन्होने बताया कि इनके



साथ अल्पसंख्यक मोर्चा की पूरी टीम जिसमें मुजीबुल अंसारी, तबारक अंसारी, शाहिद अंसारी, करिम अंसारी, हबीब अंसारी, अलामुदिन अंसारी, आरिफ अंसारी, बबलू अंसारी और मजीद अंसारी सहित सैंकड़ो युवा लगातार क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के लिये अथक प्रयास कर कर रहे हैं।

### हैलो वोटर्स रोड शो का आयोजन आज

**लोहदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदाता जागरूकता के लिए आज सोमवार को स्वीप कोषांग की ओर से लुथेरन विद्यालय मैदान से सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, तक हैलो वोटर्स रोड शो का आयोजन सोमवार को 10 बजे से किया जाएगा। यह रोड शो लुथेरन मैदान से प्रारंभ होकर, बरवाटोली चौक, न्यू रोड, पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में संपन्न होगा। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, लोहरदगा द्वारा दी गई।

### कीटनाशक खाकर अधेड़ ने की आत्महत्या



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र उरु कदम टोली में अधेड़ व्यक्ति ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया. जिसे इलाज के दौरान हुई मौत हो गई. घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु कदम टोली का है. जानकारी के अनुसार अधेड़ व्यक्ति की पहचान किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत मेरले ग्राम निवासी 50 वर्षीय जगदीश उरांव के रूप में किया गया है. कीटनाशक खाने की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों ने देहाती नुक्सा के तहत प्राथमिक उपचार किया था. जिसके बाद जगदीश उराँव को उल्टी एवं दस्त हुआ। लेकिन कीटनाशक दवा सेवन से पूरे शरीर में जहर फैल गया। इलाज के लिये अस्पताल ले जाने में देर होने के कारण मृत्यु हो गया।

## नि:शुल्क विशेष जांच व चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में रविवार को चौथे सप्ताह भी लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कुंबाटोली, ईदगाह रोड स्थित अंजुमन हॉस्पिटल में एक दिवसीय विशेष जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची के डॉ इरफान आलम और उनकी टीम के द्वारा 199 मरीजों का नि:शुल्क जांच एवं इलाज किया गया। शिविर में लोहरदगा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों ने अपनी जांच एवं इलाज कराए, साथ ही डॉ इरफान आलम से परामर्श भी लिए। इस अवसर पर मरीजों को निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद (बेलू), कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, नाइब सदर नईम खान, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, प्रबंधन समिति के फारूक कुरैशी आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि अंजुमन हॉस्पिटल को चालू कराने की सभी प्रक्रियाएं लगभग पूरी कर ली गई है। जिसकी विधिवत शुरूआत जल्द किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों और मेम्बरान, आरिफ हुसैन, इरशाद आलम, मुस्लिम युथ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहेमिन, एजाज अहमद और हॉस्पिटल टीम अनीस आलम, जफर आलम, शोएब अहमद (रजवी), साहिल रजा, दानिश अली और कफिल अहमद आदि का अहम योगदान रहा।

### 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

## स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपने जीवनशैली में अपनाएं : रामजीवन पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में सेन्हा प्रखंड में आयोजित 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रान्त प्रभारी रामजीवन पांडे ने नव प्रशिक्षुओं को योग, प्राणायाम, आसन, ध्यान का गहन प्रशिक्षण दिया एवं पूरे जिले में योग के प्रचार प्रसार के लिए आह्वान किया।

प्रान्त प्रभारी ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में दैनिक योग कक्षा लगाकर, निःशुल्क योग शिविर का आयोजन कर समिति के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपना पुरुषार्थ करें क्योंकि स्वस्थ रहना बहुत चुनौती पूर्ण कार्य हो गया है। उन्होंने कहा योग की जीवनशैली में अपनाएं। इस शिविर में पंद्रह प्रशिक्षुओं को सह योगशिक्षक शिक्षक का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जो आगामी



17 नवम्बर से मुख्यालय हरिद्वार में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग , प्राणायाम, अध्यात्म आदि ऋषियों द्वारा दी गयी ब्रह्मविद्या दिव्य विद्या है। जिसका अनुसरण कर के मनुष्य पूर्ण, स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन जी सकता है, उन्होंने नव प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पूरे जिले को योगमय बनाना है जिसके लिए अखण्ड पुरुषार्थ करने की आवश्यकता है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह ने भी प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद दिया एवं उत्साह बढ़ाया।

विदित हो कि इस योग प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि के जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह,

पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, योग शिक्षक विजय कुमार, युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल, शिवराज विजय आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। समापन के क्रम में यज्ञ हवन आचार्य रघुनन्दन द्वारा कराया गया एवं खीर प्रसाद का वितरण विजय कुमार द्वारा किया गया।

### लोहरदगा पहुंचे एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, कहा

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बेहतर शिक्षा के लिए कार्य किए जाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) झारखंड के बैनर तले प्रदेश स्तरीय छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवर्धन ठाकुर, राष्ट्रीय समन्वयक आयुष सिंह एवं आरुषि वंदना एवं प्रदेश के तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए कहा कि पिछले कार्यकाल में गठबंधन सरकार ने आम जनों के लिए बहुत ही कल्याणकारी योजनाओं के साथ कार्य किया है एवं इस बार भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो सात गारंटी में खास करके देश में बेहतर शिक्षा के लिए कार्य किए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में जैसे 24 जिला में 24 इंजीनियरिंग कॉलेज, 24 मेडिकल कॉलेज, 24 यूनिवर्सिटी एवं हर एक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना एवं गारंटी सामाजिक न्याय में एसटी समुदाय को 28% प्रतिशत एवं एससी समाज को 12% एवं ओबीसी समाज को 27% प्रतिशत आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण गारंटी देने का कार्य करने जा रही है। जो कि समाज हित में बहुत ही हितकारी गारंटी साबित होगा। इसलिए गठबंधन सरकार को पुनः अपने कीमती वोट के साथ भारी मतों से वोट देकर जीत दिलाने का कार्य करें।

## लोहरदगा जिला मोमिन कांफ्रेंस ने डॉ रामेश्वर उरांव को दिया समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला मोमिन कांफ्रेंस ने डॉ रामेश्वर उरांव को अपना समर्थन दिया है। इसे लेकर लोहरदगा जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र के अतार कॉलोनी स्थित कार्यालय में बैठक हुई। तत्पश्चात मोमिन कांफ्रेंस के जिलाध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोहरदगा विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को हमारी कमिटी ने अपना समर्थन दिया है। उन्हें जीत दिलाने के लिए हमारे कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी कार्य करेंगे। रौनक इकबाल ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार को जीत दिलाने में मोमिन कांफ्रेंस की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मोमिन कांफ्रेंस की पूरी कमेटी यूपीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाएंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सवारत हुसैन, सईद अंसारी, मुर्शीद आलम, नुरूल हसन, आलम अंसारी, ओबैदुल्लाह प्रवेज, युसूफ अंसारी, जाबिर अंसारी, सकीम अंसारी, जहुर अंसारी, इलियास अंसारी, एनुल अंसारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधान सभा चुनाव को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ पर स्थित कंडरा चौक पर निर्मित अस्थाई चेक पोस्ट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान दंडाधिकारी जयंत कुंडलना की मौजूदगी में हुई। अभियान में एसआई अभिनाश कुमार राम ने पुलिस बल के सहयोग से दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहनों का जांच किया। वाहन जांच के क्रम में वाहनों का डिक्की व यात्रियों का बैग, थैला सहित अन्य वस्तुओं को खोल कर बारीकी से जांच किया गया। साथ ही साथ वाहनों का कागजात, हेलमेट का भी जांच किया गया। वही लोगों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का नियम तथा यातायात नियमों को सख्ती से पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया। वहीं बाहर व दूसरे जिला से आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर भी प्रशासन की पैनी निगाह है। मौके पर दंडाधिकारी जयंत कुंडलना, एसआई अविनाश कुमार राम दलबल के साथ मौजूद थे।

### बिशुनपुर से निर्दलीय प्रत्याशी शिवकुमार भगत ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इस बीच बिशुनपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी शिवकुमार भगत उर्फ टून टून ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वो ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए और 13 नवंबर को अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान शिवकुमार भगत ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जीत के बाद उनकी समस्याओं को दूर करने और इलाके के विकास को लेकर हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। शिवकुमार भगत ने बिटपी, पतरा टोली, बलसोता सरना टोली, सोरंदा बांधटोली, पलमी, सेमरा, धनमुंजी, भौरो नदी टोली, भैसमुंदो, मसमानो, बेदाल, मलंग टोली, अमदरी, गड़रपो, पोढहा सहित कई गांवों का दौरा किया। मौके पर इम्तियाज अंसारी, साजिद अंसारी, राधेश्याम साहू, रकीब अंसारी, दानियल लकड़ा, मंसूर अंसारी, इसराफिल अंसारी, फिरोज अंसारी सहित बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नेहा महतो पहुंची कुडू कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**कुडू (लोहरदगा)।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो रविवार को कुडू पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं और आमजनों ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर उन्होंने आजसू (एनडीए) के चुनावी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की और जीत का मंत्र दिया। मौके पर उन्होने कहा कि समस्त विधानसभा क्षेत्र में आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत को जनता का आपार समर्थन मिल रहा है। लोगों का कहना है कि दिवंगत विधायक कमल किशोर भगत के सपनों को नीरू शांति भगत ही पूरा कर सकती हैं। वहीं बड़ी संख्या में लोग मौजूदा विधायक के नकारात्मक रवैये से नाराज दिख रहे क्योंकि क्षेत्र में उन्होंने कोई काम नहीं किया, बस जनता को ठगने का काम किया।

### नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

## चुनाव प्रचार थमते ही बंद हो जाएंगे मयखाने

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इसी क्रम में सम्पूर्ण लोहरदगा जिलान्तर्गत लोक परिशान्ति कायम रखने के निमित जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 11 नवंबर के अपराह्न 05.00 बजे से 13 नवंबर के अपराह्न 05.00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू किया है। इसके अधीन किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला, दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी मादक, लीकर या



वैसे ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा। किसी प्रकार के घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्र बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा आयोजित किया जाना वर्जित है। मतदान केंद्रों के 200 मीटर के परिधि के अन्दर कोई प्राइवेट वाहन की अनुमति नहीं होगी, सिवाय आवश्यक सेवाओं अथवा निर्वाचन से सम्बद्ध वाहनों हेतु। सेलुलर फोन, इत्यादि का प्रयोग मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में नहीं किया जा सकेगा।

# स्थानीय विधायक पांच साल तक मंत्री की खुमारी में सोए रहे : राजू गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने किस्को प्रखंड के खरकी, कोच, कशियाड़ीह, नवाडी, तिसिया, डूमरटोली, सलैया, नारी, नीनी आदि गांव के भ्रमण कर एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के लिए वोट की अपील की। मौके पर उन्होंने कहा की लोहरदगा विधायक व झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव सिर्फ मंत्री के गुमान में रहे। वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। परंतु एक बाहरी व्यक्ति को लोहरदगा का दर्द क्यों दिखे। लोहरदगा का दर्द स्वर्गीय कमल किशोर भगत और आजसू को दिखता था। जिसका उदाहरण है डर बाती जलाशय योजना जो 2015 में कैबिनेट से तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने पास किया था। इससे किस्को एवं लोहरदगा प्रखंड के लगभग 900 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई होती है। अगर यह सरकार थोड़ा सा भी ध्यान देती तो यह परियोजना पूरी हो गई होती। इसका लाभ क्षेत्र



के किसानों को मिलता।

इसी तरह इस सरकार की नाकामी यह है पाखर खरकी देवदरिया पंचायत में कांग्रेस सरकार ने 1988 के सर्वे में आदिवासियों की रैयती जमीन को अनावाद बिहार सरकार दर्ज कर दिया। जिससे रैयत परेशान है और आंदोलन कर रहे हैं। इन आंदोलनरत आदिवासियों को इंडिया गठबंधन सरकार द्वारा न पूछा गया ना उनके दर्द को समझा गया। बल्कि उनके जमीनों से उन्हें बेदखल किया गया है। इसका कारण है यहां के विधायक बाहरी व्यक्ति है जो क्षेत्र में गए नहीं तो क्षेत्र की समस्या को क्या समझेंगे। उन्होंने कहा कि ध्रुव मोड़ से पाखर तक एवं किस्को से होन्दगा कुजरा पथ अत्यंत खराब है। जिसका सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। खराब रोड के कारण पाखर के लोगों ने आंदोलन किया। प्रशासन द्वारा आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया, पर विधायक ने इसके बारे में सोचना भी मुनासिब नहीं समझा। इस तरह होंदगा का पुल गिरने के बाद यहां के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और सरकार दोनों से क्षेत्र की अनदेखी एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण वोट बहिष्कार का फैसला लिया। यहां भी प्रशासन ने जाकर पहल की। झारखंड आंदोलनकारी के बारे में भी हेमंत सरकार जो झामुमो आंदोलनकारियों के अगुवा की पार्टी कहलाती है आंदोलनकारी के बारे में सोचना भी मुनासिब नहीं समझा आंदोलनकारी इन से मिलते रहे की जो लोग आंदोलनकारी हैं उनको सही से चिन्हित कर पेंशन और मान सम्मान दिया जाए परंतु ईश्वर हेमंत सरकार का ध्यान तक नहीं गया इससे साफ जाहिर होता है कि एनडीए ने राज्य अलग किया है तो आंदोलनकारी को मान सम्मान पेंशन और स्वतंत्रता सेनानी के बराबर का दर्जा भी एनडीए ही देगी भ्रमण के क्रम में आंदोलनकारी सह केंद्रीय सदस्य श्री गुप्ता ने क्षेत्र के दर्द को बयान करते हुए कहा कि हम लोग आंदोलन झारखंड के संपूर्ण विकास एवं लोहरदगा को एक सुंदर एवं सुसज्जित लोहरदगा बनाने के लिए किए थे। परंतु जो लोग आंदोलन को बेचने और खरीदने का कार्य किया। जो लोग कहते थे की झारखंड हमारे लाश पर बनेगी ।वह लोग आज सत्ता में आकर झारखंड के विनाश में लगे हुए हैं और इसके अगवा हेमंत सोरेन हैं। हमें फिर से मौका मिला है इस सरकार को उखाड़ फेंकने का और नए तथा आंदोलनकारी के मनपसंद सरकार बनाने का। इसलिए हमें नीरू शांति भगत को जीताकर भेजना होगा।

## एक नजर

### सांप के डसने से किशोर घायल अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के सोनमेर गांव में 17 वर्षीय आशीष कुमार (पिता भीम साहू) को खेत की ओर जाते समय काले नाग सांप ने डस लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सांप के डसने के बाद आशीष घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे तूकई गांव के एक भगत के पास ले गए, जहां झाड़-फूंक कर सांप के दो दांत भी निकाले गए। इसके बाद आशीष को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, आशीष खेत की मेड पर जा रहा था, तभी झाड़ियों में छिपे काले नाग ने उसे पैर में काट लिया और झटके से छिप गया।

### कुत्ते ने बाइक पर बैठी महिला को काटा

**गुमला।** बड़ाइक मोहल्ला में एक कुत्तिया अचानक बाइक में बैठे महिला के पीठ में काट ली। इसके बाद जख्मी महिला को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक खड़िया पाड़ा निवासी 45 वर्षीय मिल्यानी मिंज डीएसपी रोड के एक होटल में काम करती है। होटल का मालिक उसे पहुंचाने बाइक से उसके घर जा रहा था। तभी बड़ाइक मोहल्ला में बाइक का अगला चक्का एक कुत्तिया के बच्चे पर पड़ गया जिससे बच्चा जोर-जोर से चिल्लाने लगा इसके बाद बाइक धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगा इसी बीच कुतिया उछल कर पीछे बैठी महिला के कमर को काट ली।

### आचार संहिता उल्लघंन के मामले में प्रत्याशी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**गिरिडीह।** निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, 28 धनवार के द्वारा बताया गया कि प्राप्त वीडियो क्लिप के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के कार्यकताओं के द्वारा धनवार प्रखंड के उत्तरी डोरंडा पंचायत अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मार्ग के उत्तर भाग में वैष्णवी दुर्गा मंदिर में लोगों को अपने पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित कर शपथ ग्रहण कराने का मामला सामने आया है,। यह आचार संहिता का उल्लघंन प्रतीत होता है। उक्त मामले की जांच एफएसटी टीम द्वारा की गई है। जिसे लेकर धनवार थाना (घोड़थंबा ओ.पी.) में इठर एक्ट सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और अनुसंधान कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# जगद्धात्री पूजा व देव दीपावली का कार्यक्रम स्थगित, आम लोगों में निराशा



**नवीन मेल संवाददाता। बसिया(गुमला)** जगद्धात्री पूजा और देव दीपावली पर बसिया में इस वर्ष यह दोनों आयोजन नहीं होंगे। इन दोनों आयोजनों के आयोजकों के अनुसार विधानसभा चुनाव को लेकर यह स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि अनुमंडल मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक श्री दुर्गा मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष कार्तिक माह के नवमी तिथि को उड़िया समाज के द्वारा जगद्धात्री पूजा सह लंगर का आयोजन किया जाता रहा है। श्री दुर्गा सेवा ट्रस्ट के सचिव संतोष कुमार बिसी के अनुसार चुनावी व्यस्तता के कारण इस कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इसी तरह देव दीपावली आयोजन समिति के अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि चुनावी व्यस्तता के कारण इस वर्ष सोलह नवंबर को पड़ने वाले देव दीपावली के विस्तृत कार्यक्रम को भी स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। बताते चलें कि हिंदू धर्म में जगद्धात्री पूजा और देव दीपावली का एक खास महत्व रहा है। मान्यता है कि शक्तिसंगम तंत्र, उत्तर कामाख्या तंत्र, भविष्य पुराण स्मृति संग्रह और दुर्गाकल्प आदि ग्रंथों में उल्लेखित जगद्धात्री पूजा का एक विशेष महत्व रहा है। इसी तरह मान्यता है देव दीपावली के दिन देवतागण धरती का रुख करते हैं। ऐसे में इस दिन दीपावली की ही तरह यहां न केवल सभी घरों में दीए जलाए जाते हैं बल्कि बसिया से होकर गुजरने वाली दक्षिणी कोयल नदी के मनोरम घाट पर सामुदायिक दीपावली के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ज्ञातव्य है कि दुल्हन की तरह दक्षिण कोयल नदी के विहंगम घाट को सजाकर हजारों दीयों के साथ आयोजित देव दीपावली और जगद्धात्री के विशिष्ट पूजा की यहाँ अच्छी खासी धूम रहती है। इसे देखने के लिए दूर दूर से लोग आते हैं। इस वर्ष चुनावी व्यवस्था व आम लोगों में व्याप्त निराशा के बीच उपरोक्त दोनों सामुदायिक कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## घाघरा के गोया गांव में अज्ञात शव मिला



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के गोया गांव स्थित रैयना मसरिया नदी से एक अज्ञात शव मिला है। शव ग्रामीणों के अनुसार वार्ड सदस्य चिंता कुमारी अहले सुबह अपने खेत में काम करने गई थी। तब नदी में तैरते हुए एक शव को देखी। इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। वही सूचना पाकर नदी के पास ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना घाघरा थाना को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी तरुण कुमारदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया। हालांकि शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हत्या या आत्महत्या मामले की जांच में घाघरा पुलिस जुटी हुई है।

# डीसी ने चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में पी-2 और पी-1 दिनों की तैयारियों के साथ मतदान दिवस की अंतिम व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता गुमला, पीडी आईटीडीए, निदेशक डीआरडीए, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दिवस तक और ईवीएम सीलिंग प्रक्रिया पूरी होने तक उच्चतम स्तर की सतर्कता बरती जाए। मतदान दिवस पर सभी दायित्वों और तैयारियों की पुनः समीक्षा की गई ताकि किसी भी प्रकार की अड़चन न आए। आरओ और एईआरओ को मतदान केंद्रों और क्लस्टरों में सभी आवश्यक सुविधाओं की जांच करने के विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि पी-2 दिवस से सभी मतदान केंद्रों के आसपास अपराह्न 5 बजे से और क्रिटिकल बूथों वाले क्षेत्रों में अपराह्न 4 बजे से धारा 144 लागू कर दी जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को उच्च सतर्कता में रहने और औचक छापेमारी व जांच को तेज करने का निर्देश दिया है। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज ने बताया कि धारा 144 लागू होने के बाद जिले में पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बन सकेगा और बाहरी व्यक्तियों का जिले में रुकना प्रतिबंधित रहेगा।

#### गुमला जिले में मतदान केंद्रों की स्थिति और व्यवस्थाएं

गुमला जिले में कुल 965 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 202 क्रिटिकल मतदान केंद्र, 3 अति संवेदनशील केंद्र और 21 शैडो एरिया में स्थित मतदान केंद्र हैं। 13 मतदान केंद्रों पर सामग्री हेलीकॉप्टर से भेजी जाएगी और 18 केंद्रों का पुनर्स्थापन किया गया है। जिले के 125 केंद्रों पर केवल महिला कर्मचारी तैनात होंगी, और 120 केंद्रों में पी-1 और पी-3 पोलिंग पार्टी में भी महिलाएं ही कार्यरत होंगी। जिले में 7 पर्दानशी मतदान केंद्र और 30 ऐसे केंद्र हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है।

# बिजली तार की चपेट में आने से भाजपा कार्यकर्ता घायल



नवीन मेल संवाददाता। तिसरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव में भाजपा के एक कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लगाने के क्रम में 11 हजार वॉल्ट के तार की चपेट में आकर घायल हो गए. घायल कार्यकर्ता लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले रंजीत लहरी पिता धनेश्वर लहरी हैं. मिली जानकारी के अनुसार रंजीत लहरी रविवार की दोपहर अपने घर की छत पर भाजपा का झंडा लगा रहे थे. इसी क्रम में झंडा छत के पास से गुजरे तार में सट गया. जिससे रंजीत लहरी को जोरदार झटका लगा और वह छत से नीचे गिर गया. इधर इसकी सूचना मिलते ही भाजपा के युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता लक्ष्मीपुर गांव पहुंचे और आनन - फानन में घायल कार्यकर्ता को अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया. जहाँ प्रभारी डॉ. देवव्रत व अनीता टोप्पो ने उसका इलाज कर बेहतर इलाज के लिए उच्च अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ता उसे बेहतर इलाज के लिए ले गए. मौके पर भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव,संतोष सिंह नीतेश यादव, विजय यादव, मुकेश यादव, मुकेश प्रजापति, महताब अंसारी, अशोक सिंह मौजूद थे.

## पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# निश्चित रूप से मुझे धनवार की जनता का मिलेगा आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)** धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले प्रत्याशी सह पूर्व विधायक राजकुमार यादव का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। रविवार को उनके द्वारा राजधनवार, गांवा और तिसरी के दर्जनों गांवों का भ्रमण कर माले के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान उन्होंने राजधनवार के कई क्षेत्रों में दौरा किया। धनवार प्रखंड के कोडाडीह मदरसा मोड़ के पास एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राजकुमार यादव ने कहा कि स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा में एक भी सवाल उठाने का काम नहीं किया है। यहां का सबसे ज्वलंत मुद्दा ढ़िबरा को लेकर भी उन्होंने बयान दिया है,उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें आशीर्वाद देती है तो ढ़िबरा निश्चित रूप से चालू होगा। साथ ही अपने विधायक काल के कार्यों का बखान करते हुए उन्होंने जनता से 20 नवम्बर को अपने मत का प्रयोग जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम 24 घंटे, 365 दिन जनता की सेवा में लगे रहते हैं। जनता इस बात को बखूबी समझती है की कि कौन उनका सच्चा हितैषी है। धनवार में जनता निश्चित रूप से मुझे आशीर्वाद देगी। इस बैठक में मुख्य रूप से मुखिया शंकर पासवान, मुखिया सुभाष यादव, भाकपा माले के प्रखंड सचिव कयूम अंसारी ,रामेश्वर चौधरी, सगीर अंसारी ,हरिदास, मोहम्मद कुदुस अंसारी, इलियास अंसारी, मंजूर मियां, निजाम अंसारी, आलम अंसारी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिसई में झामुमो व भाजपा उम्मीदवारों का निर्दलीय बिगाड़ रहे खेल




**बसिया (गुमला) ।** इस बार सिसई विधानसभा क्षेत्र में सारा समीकरण उलट पुलट होकर रह गया है। इस पलटा पलटी के कारण जहां सत्ताधारी झामुमो की नींद उड़ी हुई है तो भाजपा का भी हाल बेहाल है। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2014 के चुनाव तक यहां कांग्रेस व भाजपा ही लड़ाई हुआ करती थी। वर्ष 2014 में जनजाति समाज के युवाओं के दम पर निर्दलीय जिग्गा मुंडा ने न केवल कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखा दिया बल्कि 2019 आते-आते भाजपा को भी मुकाबले से बाहर कर दिया। पहली बार इस चुनाव में सबकुछ उलट पलट होकर रह गया है जबकि एक तरफ कट्टर कांग्रेसी व भाजपा के परंपरागत विरोधी स्व. कार्तिक उरांव, स्व. सुमति उरांव, स्व. बंदी उरांव और गीताश्री उरांव की पारिवारिक विरासत संभाल रहे डॉ अरुण उरांव भाजपा के प्रत्याशी बनकर सामने हैं। ऐसे में अब दिलचस्पी इस बात पर जताई जा रही है कि अपनी पारिवारिक विरासत के विरूद्ध भाजपा से चुनाव लड़ रहे डॉ उरांव को यहां के जनजाति समाज का कितना समर्थन मिल पाता है? इसी तरह ग्राम सभा, पत्थलगड़ी व पंचायत चुनाव में एकल पद के आरक्षण के मामले घोर सदान विरोधी रुख अपनाने वाले इस परिवार की विरासत संभाल रहे डॉ उरांव को यहां भाजपा के कोर वोटर समझे जाने वाले सदानों का कितना समर्थन मिल पाएगा? बताते चलें कि भरनो जिप सदस्य, जनजाति समाज अति लोकप्रिय और ग्राम सभा बाईस पड़हा पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था सिसई-भरनो, राजी पड़हा प्रार्थना सभा व कंपाट मुंडा बाईस पड़हा समर्थित जेंगा उराँव सहित कई ऐसे प्रत्याशी मैदान में हैं जिन्हें गत चुनाव तक झामुमो की जीत के कर्णधार के तौर पर देखा जाता है।

### चुनाव को लेकर बीडीओ ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**गुमला।** आगामी चुनावों में बीमरला और दिरगांव पंचायतों के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके असंतोष को दूर करने के उद्देश्य से, घाघरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से इन क्षेत्रों का दौरा किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर हुई इस पहल के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और समाधान का आश्वासन दिया। बीमरला और दिरगांव के नागरिकों ने स्थानीय समस्याओं को लेकर पोल बॉयकॉट की चेतावनी दी थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई का वादा किया। इस संवाद से ग्रामीणों का असंतोष दूर हुआ और चुनाव में भागीदारी के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। अब बीमरला और दिरगांव के नागरिक मतदान के लिए तैयार हैं और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भूमिका निभाने को संकल्पित हैं।



# आ रही है झारखंड में भाजपा सरकार : सुरेश साव

**धनवार (गिरिडीह)।** भाजपा प्रदेश का समिति सदस्य सुरेश साव ने रविवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र के बोदगो पंचायत और पांडे जी में आयोजित चुनावी सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान पार्टी के मंडल अध्यक्ष व पार्टी के पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे। साथ ही बोदगो पंचायत के बेको में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। समस्त ग्राम वासियों से भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान समस्त ग्राम वासियों ने जिस आत्मीयता और उत्साह के साथ समर्थन और आशीर्वाद का आश्वासन दिया। उसके लिए प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेश साव ने सभी के प्रति बहुत आभार प्रकट किया। श्री साव ने कहा कि इस बार भाजपा सरकार को आने पर राज्य का बेहतर विकास होगा और युवाओं को रोजगार का रास्ता भी खुलेगा। केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा और राज्य आगे की ओर बढ़ेगा।

## फूड पॉइजनिंग से 19 लोगों की तबीयत बिगड़ी, 15 वर्षीय छात्रा की हुई मौत

**गुमला।** सिसई प्रखंड के पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत लरंगो गांव में शनिवार रात अचानक 19 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इस फूड पॉइजनिंग घटना में 15 वर्षीय छात्रा मुनिका कुमारी की जान चली गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद परिजन शव को घर वापस ले गए और शनिवार अपराह्न उसका अंतिम संस्कार किया। गांव में फूड पॉइजनिंग से बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोग उल्टी, सिर दर्द, चक्कर और पेट दर्द से पीड़ित हो गए। अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों में शांति देवी, आशा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, अनमोल साहू, तेतरु साहू, पुनिता देवी, रोशन साहू, कलशपति देवी, रिया कुमारी, मनीषा कुमारी, अमित लोहरा, सोनिका कुमारी, सुसेना देवी, रूपक लोहरा, सुप्रिया कुमारी, बादल कुमार साहू, मुनिका देवी, अर्जुन लोहरा और खुशबू कुमारी शामिल हैं। इस घटना ने गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। अस्पताल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और फूड पॉइजनिंग के कारणों की जांच की जा रही है।


**अनुलग्नक-47**
**प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA**
**प्रारूप C-1**
(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु)

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**
(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **श्री राम सिंह, आबादगंज, सुदना, डालटनगंज पलामू, झारखंड, पिन - 822101**
राजनीतिक दल का नाम (स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें) : **निर्दलीय**
निर्वाचन का नाम : **विधानसभा निर्वाचन 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **76, डालटनगंज**

मैं **श्री राम सिंह** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

**लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | न्यायालय का नामप्रकरण सं. एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| क. | संबद्ध पुलिस थाने के नाम पत्ते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं. | थाना- मझिआंव जिला- गढ़वा राज्य - झारखंड | मझिआंव थाना कांड संख्या - 164/14 | प्राथमिक संख्या 164/14 दिनांक 17/11/2014 |
| ख. | न्यायालय के नाम के साथ मामला संख्या | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश गढ़वा एस.टी. नं. 200/2019 | एस.टी. नं. 200/2019 | एस.टी. नं. 200/2019 |
| ग. | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिताण आदि की धारा...) | U/S 147, 148, 149, 341, 323, 337, 338, 353, 37, 338, 371, 511, 188, I.R.C. and 126, 127 R.P.Act. | and Section 9 of Bihar Sound Act. | शून्य |
| घ. | अपराध का संक्षिप्त विवरण | नाजायज मुजमा बनाकर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का सभा नहीं होने देना मना करने पर पुलिस का रायफल छिनने तथा इटे एवं पत्थर चलाकर गम्भीर रूप से घायल करना | | |
| ङ. | क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | हां | शून्य | शून्य |
| च. | यदि उपर्युक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है, तो वह तारीख दें. जिसको आरोप विरचित किए गए थे | 06/06/2019 | शुन्य | शून्य |
| छ. | क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील /पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है ( हां या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं | नहीं | नहीं |

**श्री राम सिंह**
**निर्दलीय (प्रत्याशी)**
**76, डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र**


## गुमला में प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा में पहुंचे लोगों ने कहा

# पीएम के आगमन से गुमला जिला के सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** बिरसा मुंडा की पावन धरती गुमला में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ। नरेंद्र मोदी के आगमन से क्या झारखंड की राजनीति कहें या गुमला की राजनीति में बदलाव देखने को मिलेगा। बताते चलें कि गुमला जिला में 3 विधानसभा क्षेत्र हैं गुमला, सिसई, विशुनपुर,जहां पिछली बार तीनों सीट में बीजेपी की हार हुई थी। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुमला के सिसई रोड स्थित एरोड्रम में आगमन हुआ। क्या गुमला में दिखेगा मोदी लहर, क्या मोदी के आने से झारखंड व गुमला की राजनीति में बदलाव आएगा।

पंचम बैठा ने बताया कि इस बार हमारे राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। क्योंकि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमला आ रहे हैं। मोदी जी का डंका पूरे विश्व में बजता है।उनके कार्यकाल में हर जगह विकास का कार्य बहुत तेज गति से हो रहा है।आज उनका जो आगमन हुआ है, बिरसा मुंडा के पावन धरती में गुमला में यह बहुत ही बहुत ही अच्छा है।उनके आने से लोगों में आस जगी है।और उनके आने से यहां का समीकरण बदलेगा,यहां की जनता अपना मतदान देकर झारखंड राज्य में बीजेपी की सरकार बनाएगी।और उनके आगमन से निश्चित रूप से झारखंड में बीजेपी की सरकार बनेगी,मोदी की लहर बह रही है। केंद्र सरकार की ओर से हर तरह का लाभ लोगों को दी जा रही है। इसलिए झारखंड में भी इनका सरकार बनना निश्चित है। मोदी के आने से गुमला का समीकरण चेंज होगा,उनके आने से ऐसा लगता है कि गुमला विधानसभा के तीनों सीटों में बीजेपी जीतेगी और झारखंड राज्य में बीजेपी की सरकार बनेगी और और गुमला के विधायक यहां से जीत कर विधानसभा जाएंगे।

सूरज लोहरा ने बताया कि गुमला जिला वासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि आज बिरसा की पावन धरती गुमला में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हुआ है। नरेंद्र मोदी के आने से भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों के लिए ऊर्जा का कार्य करेगी। पीएम बहुत ही लोकप्रिय नेता हैं, उनकी लहर राज्य, देश के साथ साथ विदेशों में देखने को मिलता है।

### दूर दराज से आने वालों ने पीएम के बारे में क्या कहा

सीताराम साई ने बताया कि मैं रायडीह प्रखंड के ऊपर खटंगा से लगभग 25 किलोमीटर के दूरी से प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने के लिए आया हूं और उन्हें देखने के लिए आया हूं। वे बहुत ही अच्छे नेता हैं और पूरे विश्व में लोकप्रिय हैं। उनका जो कार्य करने का शैली है वह बहुत ही अच्छा है। उनके कार्य करने का शैली बहुत अच्छा है। उनका कार्य को देखकर बहुत ही अच्छा लगता है। और उनके कार्यकाल में पानी की धारा की तरह विकास की धारा बह रही है। उनके कार्यशैली को हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग पसंद करते हैं। इसलिए देश के बाहर विदेश में भी उन्हें काफी मान सम्मान मिलता है। इस बार गुमला जिले में मोदी के आगमन से गुमला जिला में निश्चित ही बीजेपी का खाता खुलेगी और तीनों विधानसभा सीट में बीजेपी जीतेगी।और पूर्ण बहुमत के साथ में झारखंड में सरकार बनाएगी।मोदी जी का जो लहर है, हम लोगों का विश्वास है, निश्चित रूप से मोदी के आगमन से मोदी के आगमन से गुमला में व झारखंड में बीजेपी की जीत होगी।

यह न कहो, कल मैं अधिक समय तक ध्यान करूंगा। तुम अचानक पाओगे कि तुम्हारी सदिच्छाएं पूरी होने से पहले ही एक वर्ष बीत गया। बल्कि यह कहो, शेष सब कुछ प्रतीक्षा कर सकता है, परंतु मेरी ईश्वर की खोज प्रतीक्षा नहीं कर सकती। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानन्द के वचनामृत'

## संपादकीय


# सब्जी की तरह धान की खेती भी कहीं कम न हो जाए

झारखंड और उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान राज्य हैं, पर दोनों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। पिछले कई वर्षों से झारखंड में धान की सरकारी खरीद आशा के अनुरूप नहीं रही है। यहां के किसान धान की खरीद प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि धान के गीला होने का बहाना बनाकर राज्य में धान की सरकारी खरीद बहुत देर से शुरू किया जा रहा है। वहीं, न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम में निजी राइस मिल धड़ल्ले से धान खरीद रहे हैं। निजी राइस मिल के एजेंट राज्य भर में फैले हैं, जो तुरंत नगद भुगतान कर देते हैं, जिसकी छोटे और सीमांत किसानों की बहुत आवश्यकता होती है। दूसरी ओर, किसानों को सरकारी खरीद में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रति 40 किलो के बोरे में दो किलो काट कर वजन का हिसाब किया जाता है। क्रय केंद्रों में आज नहीं कल खरीद होगी का सामना करना पड़ता है। लैंप्स और पैक्स को रिश्वत देने के अलावा छह महीने से लेकर साल भर बाद भुगतान होता है। इससे किसान सरकारी क्रय केंद्रों में धान की बिक्री से हिचकिचाते हैं। वहीं, पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में पहली नवंबर से धान खरीद शुरू हो गई। लखनऊ संभाग के जनपदों में खरीद अलग-अलग तिथियों में रखी गई है। लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ पहली नवंबर से खरीद शुरू हुई, जबकि हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में पहली अक्टूबर से ही धान खरीद चल रही है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जो सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित किए जा रहे हैं। योगी सरकार ने किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की तरफ से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण चल रहा था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली नवंबर से धान खरीद शुरू हुई। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहली अक्टूबर से शुरू हुई धान खरीद 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद 28 फरवरी 2025 तक चलेगी। अभी चुनावी माहौल में भी झारखंड को क्रय में यूपी की तरह चुस्ती दिखानी चाहिए। झारखंड में पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के समय सप्ताह भर में धान के मूल्य का भुगतान हो जाता था। यहां राजनीति से इतर इस बात को समझने की जरूरत है कि झारखंड में अधिसंख्य छोटे किसान हैं, जिन्हें अगली फसल या पिछला बकाया चुकाने के लिए तुरंत धन की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में झारखंड को भी तत्काल भुगतान के साथ शीघ्र क्रय की व्यवस्था देखनी चाहिए, अन्यथा मजबूर किसान फिर औने-पौने दाम पर अपनी साल भर की कमाई बेचेंगे। डर यह भी है कि जैसे बिचौलियों से परेशान होकर उन्होंने सब्जी की खेती कम कर दी है, वैसी ही धान के साथ भी न करें। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष आरोप लगाया था कि देर केंद्र सरकार के कारण हो रही है यदि केंद्र के स्तर पर देर होती है तो भी स्पष्ट करना चाहिए । किसानों के हितों की बात सर्वोपरि होनी चाहिए। भाजपा(एनडीए) ने धान के 3100 तो इंडी गठबंधन ने 3200 न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है अब देखना है कि हार या जीत के बाद किसका आश्वासन पूरा होता है।

# बाल विवाह से निजात कैसे मिले?



राकेश दुबे



भारत के बहुत से समाजों के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान हैऔर उसमें समाज के वे तथाकथित बड़े लोग भाग भी लेते हैं,जिनके ज़िम्मे समाज सुधार भी है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है कि लोग परंपराओं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं। हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? यह हम सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें।

उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। इसको लेकर समाज में जागरूकता के प्रसार की जरूरत है ताकि बच्चे भी ऐसे किसी प्रयास का विरोध कर सकें। जिसमें बाल विवाह पर नियंत्रण करने वाले विभागों की जिम्मेदारी व सजगता बढ़ाने की भी जरूरत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा

### लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है

बाल विवाह का विरोध करने वाले किशोरों को भी संबल भी मिल सके। यही वजह है कि इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा रुख दिखाते हुए कहना पड़ा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? एक संबंधित याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कोर्ट को कहना पड़ा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिये बाधित नहीं किया जा सकता। यद्यपि कोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि यह कानून संपूर्ण नहीं है और इससे जुड़ी कुछ कमियों को दूर करने की जरूरत है। जिसके निराकरण के लिये समन्वय का ध्यान रखने की जरूरत है। अदालत ने एक महत्वपूर्ण बात भी कही कि बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

# अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति



डॉ. सत्यवान सौरभ

मनोरंजन और समाचार मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति बन गई है, खासकर अपराध में शामिल व्यक्तियों को नायक के रूप में चित्रित करने में। यह ग्लैमराइज्ड प्रतिनिधित्व न केवल न्याय और सत्य को बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफॉर्म के नैतिक कर्तव्य को कमजोर करता है, बल्कि प्रभावित दर्शकों, विशेष रूप से युवाओं को अपराध को आकर्षक या वांछनीय मानने के लिए गुमराह करता है। इस तरह के चित्रण से मीडिया की सामाजिक ज़िम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत पड़ती है। अपराधियों को सनसनीखेज बनाकर, मीडिया की कहानियाँ आपराधिक न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, कानून तोड़ने वालों को जवाबदेह ठहराने के बजाय उन्हें सहानुभूतिपूर्ण या वीरतापूर्ण प्रकाश में पेश कर सकती हैं। जब समाचार आउटलेट किसी अपराधी की पृष्ठभूमि या उद्देश्यों को अत्यधिक कवर करते हैं, तो वे अनजाने में सहानुभूति पैदा कर सकते हैं, जिससे उनके कार्यों की गंभीरता कम हो जाती है। मीडिया चित्रण अक्सर अपराधियों को गलत समझे जाने वाले या विद्रोही व्यक्तियों के रूप में रोमांटिक बनाता है, जिससे एक विषम सार्वजनिक धारणा बनती है जो उनके कार्यों की सच्चाई को कमजोर करती है। अपराधियों का महिमामंडन समाज के नैतिक संतुलन को बिगाड़ता है, वास्तविक उपलब्धियों की बजाय अवैध साधनों के माध्यम से भौतिक सफलता को बढ़ावा देता है। मिजार्पुर जैसे शो एक ऐसी कहानी बनाते हैं जिसमें आपराधिक कृत्य धन और सम्मान की ओर ले जाते हैं, जो संभावित रूप से दर्शकों के मूल्य प्रणालियों को प्रभावित करते हैं। अपराधियों का महिमामंडन पीड़ितों के परिवारों के लिए बहुत ही दुखद हो सकता है, क्योंकि यह उनके द्वारा किए गए दुख को खारिज करता है और न्याय और जवाबदेही की आवश्यकता को नकारता है।

पुष्पा और गब्बर जैसे चरित्र जो कानूनी सीमाओं के बाहर अपराध से लड़ते हैं, वे सतर्कतावाद को रोमांटिक बना सकते हैं, जिससे न्याय की एक दोषपूर्ण समझ पैदा होती है। युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और गलत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को समर्पित सोशल मीडिया फैन पेज आपराधिक कृत्यों का महिमामंडन करते हैं, जिससे वे सराहनीय लगते हैं। फिल्मों और श्रृंखलाओं के माध्यम से आपराधिक महिमामंडन के लगातार संपर्क में आने से युवा हिंसा के प्रति असंवेदनशील हो सकते हैं, सहानुभूति कम हो सकती है और आक्रामकता सामान्य हो सकती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काम की बात

# कैसी होगी दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति?



निरंजन मार्जनी

डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। लगभग सारे चुनावी सर्वेक्षण और अनुमानों को गलत साबित करते हुए ट्रम्प ने अपनी प्रतिद्वंदी और अमेरिका की वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। कैसी होगी दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति?

दुनिया की महासत्ता होने के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का असर पूरी दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में अमेरिका की विदेश नीति का रूख भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे विश्व व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। लगभग सारे चुनावी सर्वेक्षण और अनुमानों को गलत साबित करते हुए ट्रम्प ने अपनी प्रतिद्वंदी और अमेरिका की वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। दुनिया की महासत्ता होने के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का असर पूरी दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में अमेरिका की विदेश नीति का रूख भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे विश्व व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ट्रम्प की विदेश नीति क्या रह सकती है यह समझना जरूरी है। राष्ट्रपति का चुनाव जीतते ही ट्रम्प को अलग अलग देशों के नेताओं की तरफ से बधाई संदेश भेजे गए। ट्रम्प ने कुछ नेताओं से फोन पर भी बात की। जिन नेताओं से ट्रम्प ने सबसे पहले बात की उनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान शामिल थे। इस बातचीत के मायने भी विदेश नीति की दृष्टि से देखते हैं। मोदी के साथ बात करना भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों को दर्शार्ता है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए इसकी एक वजह थी मोदी और ट्रम्प की व्यक्तिगत मित्रता। दोनों नेता एक दुसरे को अपना दोस्त कहते हैं। हालांकि कूटनीति राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर की जाती है लेकिन ऐसी व्यक्तिगत मित्रता भी कई बार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ट्रम्प के दुसरे कार्यकाल में भी भारत से अमेरिका के दृढ संबंधों की अपेक्षा है। इसका मतलब है की भारत और अमेरिका के बीच सामरिक रिश्ते और आगे बढ़ सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# नकारात्मक मनोदशाओं से मुक्ति



## बोधि वृक्ष

**जब आप अपने सच्चे स्वरूप में स्थित होते हैं, तो आप प्रत्येक कार्य और समस्त अच्छी वस्तुओं का आनंद ईश्वरीय आनंद के साथ लेते हैं। उनके मतवाला बना देने वाले परमानंद से भरपूर आप सभी कार्यों को आनंदपूर्वक पूरा करते हैं।**



श्री श्री परमहंस योगानंद

आपकी प्रसन्नता किसी भी बाह्य परिस्थिति से कदापि प्रभावित नहीं होनी चाहिए। आपका परिवेश कैसा भी हो उसे अपनी आन्तरिक शान्ति को स्पर्श न करने दें। जब आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण प्राप्त कर लेते हैं तो आप अपने सच्चे स्वरूप में रहत हैं। आत्मा का सच्चा स्वरूप परमानन्द, ज्ञान, प्रेम और शान्ति है। यह सुख की ऐसी अवस्था है कि चाहे आप कुछ भी कर रहे हों, आप उसका आनन्द लेते हैं। कहीं भी सन्तुष्टि प्राप्त करने में असमर्थ, एक आशान्त दानव की तरह संसार में भटकते रने की अपेक्षा क्या यह अधिक अच्छा नहीं है? जब आप अपने सच्चे स्वरूप में स्थित होते हैं, तो आप प्रत्येक कार्य और समस्त अच्छी वस्तुओं का आनन्द ईश्वरीय आनन्द के साथ लेते हैं। उनके मतवाला बना देने वाले परमानन्द से भरपूर आप सभी कार्यों को आनन्दपूर्वक पूरा करते हैं। आध्यात्मिक जीवन में व्यक्ति ठीक नन्हें बच्चे की तरह बन जाता है- न कोई घृणा, न लगाव, जीवन और आनन्द से भरपूर।

सच्चा सुख समस्तत बाहरी अनुभवों की चुनौतियों का सामना कर सकता है। जब आप अपन विरूद्ध दूसरों की बुराइयां की यन्त्रणा को सह सकें और बदले में प्रेम एवं क्षमा दे सकें, तथा जब आप बाह्य परिस्थितियों क समस्त पीड़ादायक प्रहारों के होते हुए भी, दैवी आन्तरिक शान्ति को बनाए रख सकें, तब आप इस सुख को जान पाएंगे। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**मर्यादित व्यवहार में थे पुरुषोत्तम राम।**
**उन पर भी लगते रहे, कई कई इल्जाम।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## देश की बात

## वैश्विक परिपेक्ष में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का महत्व

# शिक्षा किसी भी देश की सीमाओं में बंधी नहीं होती



**डॉ दीपक प्रसाद**
सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, कार्तिक उरांव महाविद्यालय
रांची विश्वविद्यालय रांची

भारत में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर साल 11 नवंबर को मनाया जाता है, जो देश के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर समर्पित है। मौलाना आजाद ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को आधुनिक और समावेशी बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य शिक्षा के महत्व और समाज में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। परंतु, शिक्षा का महत्व केवल एक देश तक सीमित नहीं है; यह वैश्विक स्तर पर सभी समाजों में विकास, शांति, और समृद्धि का स्तंभ है।

दुनिया भर में, शिक्षा को समाज के विकास, लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन, और शांति स्थापना के लिए एक प्रभावी उपकरण माना गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सतत विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals - SDGs) में से एक मुख्य लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। शिक्षा से ही समाज में आर्थिक सुधार, स्वस्थ जीवन शैली, और स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सकता है। शिक्षा के माध्यम से लोगों में आलोचनात्मक सोच विकसित होती है, जिससे वे सही निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। भारत ने पिछले कुछ दशकों में शिक्षा क्षेत्र में बहुत प्रगति की है। भारत में, नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला और कौशल-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, दुनिया के अन्य देशों जैसे फिनलैंड, जापान, अमेरिका ने भी अपनी शिक्षा प्रणाली को अद्यतित करने में बड़ी सफलताएँ हासिल की हैं। फिनलैंड में शिक्षा को अनौपचारिक और ज्यादा अनुभव-आधारित बनाया गया है, जबकि जापान ने विज्ञान और गणित में बच्चों को मजबूत बनाने के लिए अपना एक विशेष मॉडल अपनाया है। वैश्विक स्तर पर शिक्षा में लैंगिक और आर्थिक असमानता एक बड़ी समस्या है। कई विकासशील देशों में बालिका शिक्षा को लेकर चुनौतियाँ हैं। इसके लिए भारत जैसे देश में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएँ चलाई जा रही हैं। वहीं, अफ्रीका और एशिया के कई हिस्सों में बाल श्रम, बालिका विवाह, और गरीबी जैसी समस्याएँ बच्चों की शिक्षा में बाधा डालती हैं। विश्व स्तर पर, विश्व शिक्षा दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है, जो शिक्षा की महत्ता और इसकी पहुंच को बढ़ाने के लिए देशों को एक मंच प्रदान करता है। इसके माध्यम से, कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन शिक्षा को लेकर जागरूकता फैलाते हैं। यूनेस्को (UNESCO) और यूनिसेफ (UNICEF) जैसे संगठनों का योगदान भी वैश्विक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। ये संगठन बच्चों और युवाओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं, ताकि शिक्षा हर किसी के लिए सुलभ हो सके। भारत का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस न केवल देश के भीतर बल्कि वैश्विक स्तर पर भी शिक्षा के महत्व को दशार्ने का अवसर है। यह दिवस भारत को वैश्विक मंच पर शिक्षा के क्षेत्र में अपने दृष्टिकोण और सुधारों को साझा करने का अवसर देता है। भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार से वैश्विक स्तर पर अन्य देशों को भी नई नीतियों और विचारों को अपनाने के लिए प्रेरणा मिल सकती है। 21वीं सदी में शिक्षा की भूमिका केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को आज की जटिल समस्याओं से निपटने के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। जलवायु परिवर्तन, वैश्विक गरीबी, और स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए शिक्षा एक प्रमुख भूमिका निभाती है। शिक्षा के माध्यम से ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए नवाचारों को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का महत्व हमें यह सिखाता है कि शिक्षा किसी भी देश की सीमाओं में बंधी नहीं है। यह हर इंसान का मौलिक अधिकार है और इसके बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। भारत का यह दिवस शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है और यह विश्व को इस दिशा में प्रेरणा देने का कार्य करता है। शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग और संवाद से ही हम एक बेहतर, समृद्ध और शांतिपूर्ण दुनिया की कल्पना कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, शिक्षा के महत्व की इस वैश्विक भावना को उजागर करने और सभी देशों को समानता, समृद्धि, और सहयोग के लिए प्रेरित करने का एक आदर्श अवसर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# किसानों के तीन लाख तक के कर्ज माफ, बेरोजगारों को प्रतिमाह 4000

**एजेंसी। मुंबई**

अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का घोषणा पत्र जारी किया है। महाविकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र के किसानों का तीन लाख रुपये तक का कर्ज माफ करने, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा और हर वर्ष पांच सौ रुपये में छह रसोई गैस सिलेंडर और बेरोजगारों को चार हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया है। रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) की नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत सहित एमवीए ने नेता की मौजूदगी में कांग्रेस के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाविकास आघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाविकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र के लिए पांच गारंटी घोषित की थी। हमारी पांच गारंटी महाराष्ट्र में सभी के कल्याण में सहायक होंगी। इसके तहत महाराष्ट्र के प्रत्येक परिवार को लगभग 3 लाख रुपये वार्षिक सहायता मिलेगी। हमारी महालक्ष्मी योजना सभी महिलाओं को वित्तीय सहायता देगी, जिन्हें हर महीने 3000 रुपये दिए जाएंगे। हम महाराष्ट्र की महिलाओं के लिए एक मुफ्त बस सेवा शुरू करेंगे।


खरगे ने महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए महाअघाड़ी का घोषणा पत्र किया जारी

### हर वर्ष छह रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में


खरगे ने कहा कि महिलाओं को राहत मिले, इसलिए हर वर्ष छह रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये कीमत पर दिए जाएंगे। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाड़ी चुनी गई तो महाराष्ट्र में जातिगत जनगणना कराई जाएगी। इसके साथ ही आरक्षण की मयार्दा की 50 प्रतिशत को खत्म कर दिया जाएगा। खरगे ने कहा कि तेलांगना में जातिगत जनगणना शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं ,बल्कि यह पता लगाने के लिए की जा रही है कि लोगों का जीवनस्तर किस तरह का है। किस जाति के लोगों को सरकारी लाभ मिल रहा है। जाति जनगणना का उद्देश्य लोगों को विभाजित करना नहीं है, बल्कि यह समझना है कि विभिन्न समुदायों की स्थिति कैसी है ताकि वे अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। खरगे ने कहा कि किसानों का 3 लाख तक का कर्ज माफ और नियमित कर्ज अदायगी करने वाले किसानों को 50,000 की छूट दी जाएगी। साथ ही किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। खेती के लिए गारंटीशुदा कीमत दी जाएगी और फसल बीमा की दमनकारी शर्तें हटाई जाएंगी। पढ़े-लिखे बेरोजगारों के लिए 4000 प्रतिमाह ग्रेच्युटी दी जाएगी। 2.5 लाख सरकारी नौकरियों पर तत्काल भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# 25 लाख नौकरियां, 10 लाख छात्रों को 10 हजार प्रति माह

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र किया जारी
- सरकार बनने के सौ दिन में लागू होगा घोषणापत्र महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारत जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया। घोषणा पत्र में भाजपा ने महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान देने के साथ ही विकसित महाराष्ट्र बनाने के लिए राज्य को प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनाने पर जोर दिया गया है। भाजपा ने राज्य के निम्न आय वर्ग के लोगों को प्रतिमाह राशन देने का वादा भी किया है। मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, आशीष शेलार सहित अन्य नेता उपस्थित थे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपानीत एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के 100 दिन के भीतर घोषणा पत्र लागू करना शुरू कर दिया जाएगा। शाह ने बताया कि इस घोषणा पत्र में वृद्धावस्था पेंशन धारकों को 2100 रुपये देने का वादा किया गया है। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकतार्ओं को 15 हजार रुपये वेतन और बीमा कवरेज देने, 25 लाख नौकरियां पैदा करने और 10 लाख छात्रों को 10 हजार रुपये प्रति माह देने का वादा घोषणा पत्र में किया गया है।



### मेक इन महाराष्ट्र लागू करेंगे

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र को प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। 'मेक इन महाराष्ट्र' रणनीति को लागू करने से, भारत के अग्रणी विनिर्माण राज्य के रूप में महाराष्ट्र की स्थिति मजबूत होगी। महाराष्ट्र एक वैश्विक फिनटेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) राज्य बन जाएगा। इसके लिए वैश्विक फिनटेक कंपनियों को आकर्षित करने वाला माहौल बनाया जाएगा और वित्तीय प्रौद्योगिकी में नई अवधारणाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ में अनुसंधान, नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए देश का पहला विशेष विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। नागपुर, पुणे, छत्रपति संभाजीनगर, अहिल्यानगर और नासिक को आधुनिक एयरोनॉटिकल और अंतरिक्ष विनिर्माण केंद्र के रूप में उन्नत एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी और विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। वर्ष 2027 तक महाराष्ट्र में 50 लाख दीदियां बनाने के लिए प्रत्येक 500 स्वयं सहायता समूहों का एक औद्योगिक क्लस्टर बनाया जाएगा और 11 हजार करोड़ रुपये का प्रारंभिक रिवॉल्विंग फंड प्रदान किया जाएगा। 'अक्षय खाद्य योजना' के तहत, निम्न आय वर्ग के लोगों को हर महीने मुफ्त राशन प्रदान किया जाएगा, जिसमें चावल, ज्वार, मूंगफली के छिलके, नमक, चीनी, हल्दी, लोबिया, जीरा और लाल मिर्च पाउडर शामिल होगा।

# बिजनौर में पेचकस से गोदकर दंपति और उसके बेटे की हत्या

**तिहरे हत्याकांड से गांव में फैली सनसनी, चार संदिग्ध हिरासत में लिए गए**

**एजेंसी। बिजनौर**



उत्तर प्रदेश में जनपद बिजनौर के शहर कोतवाली क्षेत्र में पति—पत्नी और उनके बेटे की पेचकस से गोदकर हत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना का खुलासा रविवार को उस वक्त हुआ जब मृतक की मां उसके घर पहुंची। तिहरे हत्याकांड की खबर पाकर पुलिस के तमाम अधिकारी व फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना की जांच पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि खलीफा कॉलोनी निवासी मंसूर उर्फ भूरा (50) कबाड़ का काम करता है। रविवार की सुबह के वक्त पड़ोस में रहने वाले भाई के यहां रह रही उसकी मां हसीना जब मंसूर के घर पहुंची तो घर के बाहर से कई बार आवाज लगाई। काफी देर तक आवाज लगाने पर भीतर से कोई आहट नहीं आयी तो वह उसने खिड़की से झांककर देखा तो मंसूर उसकी पत्नी उबैदा के शव खून से सने बरामदे में पड़े थे। रक्तरंजित शव देखकर मां हसीना ने आस पड़ोसियों को इकट्ठा करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो देखा कि पति—पत्नी का शव बरामदे तो बेटे याकूब (18) की शव दूसरे कमरे में पड़ा था। एसपी झा ने बताया कि घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई है। शव के घाव देखकर पेचकस से गोदकर हत्या करने की आशंका है। मौके पर कोई हथियार नहीं मिला है। पुलिस घटना की जांच में जुटी एसपी ने बताया कि मृतक दंपति के पांच बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा चांद अपने परिवार को लेकर कहीं बाहर रहता है। दूसरा बेटा जहूर, जो शहर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। तीसरा बेटा मतलूब हत्या के आरोप में जेल में कैद हैं। चौथे बेटे याकूब की हत्या हो गई है। पांचवां बेटा तस्लीम अपनी बहन की ससुराल नजीबाबाद गया हुआ था।

# एमवीए सरकार आई तो क्या महाराष्ट्र में आरएसएस पर लगेगा प्रतिबंध

- महाविकास अघाड़ी के लिए हिंदुओं से ज्यादा कीमती हैं मुस्लिम वोट

**एजेंसी। मुंबई**

**महाराष्ट्र में मुस्लिमों की कुल आबादी 1.3 करोड़ है। 288 विधानसभा सीटों में से 38 ऐसी सीटें हैं जहां पर करीब 20 फीसदी मुसलमान हैं। इसमें से भी 9 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत से ज्यादा है। मुंबई में 10 सीटों पर मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत से अधिक है।**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है, यहां वोट के खातिर शरद पवार-उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के गठबंधन वाली महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता और इससे जुड़ी राजनीतिक पार्टियां किसी भी हद तक जाने को तैयार दिख रही हैं। इन्हें बहुसंख्यक से ज्यादा मुसलमानों के एकमुश्त वोट की चिंता है, इसलिए इन्होंने यहां 12 परसेंट वोट के लिए एक डील महाराष्ट्र उलेमा बोर्ड से कर ली है। पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग एकतरफा मुस्लिम वोट महाविकास अघाड़ी को मिले थे। मुस्लिम उलेमाओं ने इसी जनसंख्या का फायदा उठाते हुए पिछली बार की तरह इस बार भी अपनी मांगें एमवीए के सामने रखीं और अब उन्हें वैसा ही इन नेताओं ने मान लिया है। यहां इनकी सबसे बड़ी शर्त जो सामने आई है, वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर पूरी तरह से महाराष्ट्र में प्रतिबंध लगा देने की। इस संबंध में सामने आया है कि ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड, महाराष्ट्र के चेयरमैन नायाब अंसारी ने महाविकास अघाड़ी को एक पत्र लिखा था, जिसका जवाब भी कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार) ने उनकी सभी शर्तें मानते हुए उन्हें दिया है और उलेमा बोर्ड के नेताओं को चुनाव प्रचार के लिए आमंत्रित किया है। यहां शर्त मानने का मतलब यह है कि यदि महाराष्ट्र में कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव गुट समेत महाविकास अघाड़ी में जुड़े राजनीतिक संगठनों और नेताओं की सरकार बनती है तो वह सबसे पहले आरएसएस पर प्रतिबंध लगाएगी। इसके साथ ही वक्फ बिल का विरोध यदि यहां एमवीए की सरकार बनती है तो वह खुलकर करेगी। नौकरी और शिक्षा में 10 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण महाराष्ट्र में लागू हो जाएगा। साल 2012 से 2024 के दौरान जिन भी मुसलमानों को दंगे फैलाने के आरोप के चलते जेल में बंद किया गया था, उन्हें जेल से बाहर लाया जाएगा। पुलिस भर्ती में मुस्लिम युवाओं की प्राथमिकता के आधार पर भर्ती होगी। महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड के लिए 1000 करोड़ का फंड एमवीए की सरकार आती है, तो वह देगी। इमामों-मौलानाओं को 15000 रुपये महीना देना शुरू कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी की सरकार बनती है तो 48 जिलों में मस्जिद,कब्रिस्तान और दरगाह की जब्त जमीन का पुनः सर्वे कराने का आदेश दिया जाएगा। मौलाना सलमान अजहरी को जेल से बाहर निकालने के लिए सच्चा प्रयास भी करेंगे। रामगिरी महाराज और नीतेश राणे को जेल में डालने की मांग को एमवीए की सरकार पूरा करेगी।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 11वें हाथी की मौत

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों 10 हाथियों की मौत के बाद अब हाथी शावक की भी मौत हो गई। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर रेंज क्षेत्र में 3 दिन पूर्व नन्हा हाथी शावक बीमार हालत में मिला था, जिसको तत्काल रेस्क्यू कर पार्क प्रबंधन ताला हाथी कैम्प ले आया था। जहां डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था, लेकिन रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि पनपथा बफर रेंज अंतर्गत खारी बड़ी टोला बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 179 पटपरहा हार से 1 जंगली हाथी का बच्चा झुंड से बिछड़ कर लावारिस अचेत बीमार अवस्था में मिला था। जिसका उपचार करवाया गया और इसको रामा हाथी कैम्प में रखा गया।

# केंद्र सरकार ने स्वच्छता कैंपेन में कबाड़ बेच कमाए 650 करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने अक्टूबर में चले स्वच्छता अभियान के तहत निकले कबाड़ को बेचकर 650 करोड़ रुपये से अधिक की आय आर्जित की है। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय द्वारा दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देशों से प्रोत्साहित होकर 2021-24 के बीच चलाए गए स्पेशल कैंपेन के तहत 2,364 करोड़ रुपये की आय कबाड़ को बेचकर प्राप्त हुई है। इससे अधिकारियों के लिए अधिक ऑफिस स्पेस फ्री हुआ है और दक्षतापूर्ण कार्य करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्पेशल कैंपेन 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था। स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया। स्पेशल कैंपेन 4.0 में 5.97 लाख से अधिक साइटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया है और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ, विशेष अभियान का आकार और पैमाना बढ़ रहा है और 2023 में 2.59 लाख साइटों की तुलना में 2024 में 5.97 लाख से अधिक साइटों को कवर किया गया। स्पेशल कैंपेन 4.0 की समीक्षा कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और केंद्र सरकार के सचिवों द्वारा कार्यान्वयन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए की गई। स्पेशल कैंपेन 4.0 की प्रगति को दैनिक आधार पर इसके लिए बनाए गए स्पेशल पोर्टल पर मॉनिटर किया गया। सिंह ने स्पेशल कैंपेन 4.0 के तहत केंद्रीय सचिवालय में लंबित मामलों में कमी की सराहना की, जिसमें अधिकांश मंत्रालयों/विभागों ने अपने लक्ष्यों का 90-100 प्रतिशत हासिल किया। बयान में आगे कहा गया कि यह स्पेशल कैंपेन 31 अक्टूबर को बंद हो गया है। इसके परिणाम काफी अच्छे रहे हैं।

### पीएम ने की स्वच्छता से जुड़े विशेष अभियान की प्रशंसा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वच्छता से जुड़े विशेष अभियान 4.0 की सराहना की। इस अभियान के माध्यम से केवल स्क्रैप का निपटान करके 2,364 करोड़ रुपये (2021 से) का राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने आज सहयोगी मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह के अभियान की सराहना एक्स पोस्ट पर की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से स्वच्छता और आर्थिक विवेक दोनों को बढ़ावा देकर स्थायी परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने कहा, प्रशंसनीय! कुशल प्रबंधन और सक्रिय कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करने से इस प्रयास के अच्छे परिणाम मिले हैं। यह दशार्ता है कि कैसे सामूहिक प्रयासों से स्वच्छता और आर्थिक विवेकशीलता दोनों को बढ़ावा देकर स्थायी परिणाम मिल सकते हैं।

## दिल्ली कैबिनेट की 10,000 बस मार्शल्स को बहाल करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल की रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में 10,000 बस मार्शल्स की बहाली की सिफारिश की गई। दिल्ली सरकार का कहना है कि अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल को भेजा जाएगा। दिल्ली सरकार ने इस विषय में बताया कि रविवार को मंत्रिमंडल की बैठक दिल्ली सचिवालय में हुई। दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री आतिशी को एक रिपोर्ट सौंपी गई। इस रिपोर्ट में तत्काल प्रभाव से बसों में मार्शल्स बहाल करने की सिफारिश की गई है। दिल्ली सरकार का कहना है कि 10,000 मार्शल्स बसों में फिर लगाए जाएंगे। एलजी को मंत्रिमंडल का यह प्रस्ताव भेजा जाएगा। दिल्ली सरकार का कहना है कि उनके इस कदम से दिल्ली में 10,000 बस मार्शल्स को उनका रोजगार मिल सकेगा। प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में अगले 4 महीने तक बस मार्शल भी अहम भूमिका निभाएंगे।

# व्यापारी समुदाय सम्मान का पात्र, व्यवस्था का दबाव महसूस न करें : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**


महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी के समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग से जुड़े लोगों को व्यवस्था का दबाव महसूस नहीं होना चाहिए। वे समाज में सम्मान के पात्र हैं और अर्थव्यवस्था के चालक तथा सामाजिक सद्भाव में योगदानकर्ता हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी (मेट्स) के रजत जयंती समारोह के समापन को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा बचाने और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि अनावश्यक आयात पर अंकुश लगे। उन्होंने कहा कि व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग से जुड़े हमारे लोगों को व्यवस्था का दबाव महसूस नहीं होना चाहिए। वे समाज में सम्मान के पात्र हैं। वे धन सृजक, नौकरी प्रदाता, अर्थव्यवस्था के चालक और सामाजिक सद्भाव में योगदानकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार में लगे लोगों ने समाज को वापस लौटाने की कला सीख ली है। यहां तक कि हमारा स्वतंत्रता आंदोलन भी उनके महत्वपूर्ण योगदान को चिह्नित करता है। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने मतभेद को स्वीकार करने को भारतीय सभ्यता का अंग बताया और सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि दूसरा अपनी बात कहे और हम उसे मानें ही। पर उसकी बात न सुनना, उस पर चिंतन और मंथन न करना, यह हमारी सभ्यता का अंग नहीं है। विभिन्न मत रखना एक ऊर्जा है। इससे ही व्यक्ति को स्वयं को सही करने की अनुमति मिलती है और कुछ नहीं तो सिक्के का दूसरा पहलू तो दिखता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना बाकी सब अर्थहीन हो जाता हैं। सामाजिक समरसता हमारा आभूषण है।

# झारखंड और महाराष्ट्र में बनेगी एनडीए की सरकार : चिराग पासवान

**एजेंसी। पटना**



झारखंड, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और कई राज्यों की कुछ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार जारी है। इस बीच रविवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि झारखंड और महाराष्ट्र में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बन रही है। चिराग पासवान ने कहा, दूसरे राज्यों में हो रहे उपचुनाव में भी एनडीए के प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे। झारखंड में जो माहौल है, वह भाजपा और एनडीए के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में चुनावी रैलियां करने जा रहे हैं। इस पर चिराग ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव में अपनी भूमिका को शत-प्रतिशत निभाने में विश्वास रखते हैं और वह पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। पहले लोग मानते थे कि कई राज्यों में एनडीए या भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन राज्यों में भी सरकार बन रही है। हमारे सामने सबसे बड़ा उदाहरण हरियाणा है। झारखंड में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभाएं हैं और आगे महाराष्ट्र में भी चुनावी सभाएं होनी हैं। यह हमारे विश्वास को मजबूत करती है कि 23 नवंबर को झारखंड और महाराष्ट्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।" चिराग पासवान ने कहा है कि हमारे लिए खुशी की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो कार्यक्रम बिहार में भी होंगे। 13 नवंबर को वह दरभंगा आ रहे हैं।

महिला एसीटी हॉकी

# अपनी धरती पर खिताब बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम



**2016** सिंगापुर में खिताब जीता हैं / **2023** रांची में खिताब जीता हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नए ओलंपिक सत्र की शुरूआत अपनी धरती पर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को उसका पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा। भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा। भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। स्ट्राइकर नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। भारत को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी। भारतीय डिफेंस की कमान उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के हाथ में होगी। मिडफील्ड में कप्तान टेटे के अलावा नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिटा टोप्पो और लालरेम्सियामी जिम्मा संभालेंगी। फॉरवर्ड पंक्ति में नवनीत , संगीता कुमारी, दीपिका , प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग पर जिम्मेदारी होगी। गोलकीपिंग में पूर्व कप्तान सविता और युवा बिछू देवी खारीबम पर नजरें रहेंगी। सुशीला और ब्यूटी फिटनेस समस्याओं से उबरकर टीम में वापसी कर रहीं हैं। सोमवार को बाकी मैचों में जापान का सामना दक्षिण कोरिया से और चीन की टक्कर थाईलैंड से होगी। टूनार्मेंट के सारे मैच अब फ्लडलाइट में कीट पतंगों के झुंड से संभावित व्यवधान से बचने के लिये शाम की बजाय दोपहर में खेले जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दिन का पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा।

# दूसरे टी20 मैच में 124 पर ढेर हुए भारतीय टीम



हार्दिक पांड्या 39 नाबाद

## रिंकू सिंह ने 11 गेंदों पर नौ और अर्शदीप सिंह ने छह गेंद पर सात नाबाद रन बनाए

**ग्केबरहा,(आईएएनएस)।** पहले मैच में 200 से ज्यादा का स्कोर करने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां दूसरे टी20 मैच में 124 रनों पर सिमट गई। टॉप ऑर्डर के फेल होने के बाद मध्यक्रम में हार्दिक पांड्या (39 नाबाद), अक्षर पटेल (27) और तिलक वर्मा (20) के कुछ रन जुटाने की वजह से भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंच सका। इनके अलावा कोई और बल्लेबाज दहाई अंक में भी नहीं पहुंच सका। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों में 14 अतिरिक्त रन दिए, जिनमें आठ वाइड के थे।

लगातार दूसरे मैच में टॉस जीतने के बाद मेजबान टीम ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारत की शुरूआत बेहद खराब रही। पहले मैच में धुआंधार शतक जमाने वाले संजू सैमसन मैच की तीसरी गेंद पर बिना कोई रन बनाए आउट हो गए। मार्को जेनसन की गुड लेंथ गेंद उनके लेग स्टंप पर लगी।

अगले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर अभिषेक शर्मा (4) गेराल्ड कोएत्जी का शिकार बने। जेनसन ने उनका कैच लपका। चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर एंडिले सिमलाने ने कप्तान सूर्यकुमार यादव (4) को एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन वापस भेज दिया। उस समय टीम का स्कोर महज 15 रन था। तिलक वर्मा ने अक्षर पटेल के साथ पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन आठवें ओवर की आखिरी गेंद पर वह कप्तान एडेन मार्करम की गेंद पर डेविड मिलर को कैच थमा बैठे, जब टीम का स्कोर 45 रन था। अक्षर पटेल हार्दिक पांड्या के साथ पारी को आगे बढ़ा रहे थे, लेकिन वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। 12वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने नकाबायोमजी पीटर की गेंज को सीधे बल्ले से सामने की तरफ खेला। उनका तेज तर्रार शॉट गेंदबाज के हाथ को छूता हुआ सीधे नॉन स्ट्राइकर एंड पर स्टंप्स पर जाकर लगा। अक्षर क्रीज से बाहर थे।

हार्दिक पांड्या एक छोर थामे रहे, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कुछ खास समर्थन नहीं मिला। रिंकू सिंह ने 11 गेंदों पर नौ और अर्शदीप सिंह ने छह गेंद पर सात नाबाद रन बनाए।

20 ओवरों की समाप्ति पर भारत का स्कोर छह विकेट पर 124 रन रहा। दक्षिण अफ्रीका ने छह गेंदबाजों को मोर्चे पर लगाया, जिसमें केशव महाराज को छोड़कर सभी ने एक-एक विकेट लिए।

**(खबर लिखे जाने तक का अपडेट)**

## पाकिस्तान ने 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में जीती वनडे सीरीज



**पर्थ,(आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने रविवार को पर्थ स्टेडियम में तीसरे और अंतिम मैच में 23 ओवर शेष रहते 8 विकेट से जीत दर्ज करके मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से वनडे सीरीज में यादगार जीत दर्ज की। यह वनडे सीरीज जीत 2002 के बाद से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पाकिस्तान की पहली सीरीज जीत है। इस जीत ने कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज में मोहम्मद रिजवान के लिए एक विजयी शुरूआत का आगाज किया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने वनडे सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया को परेशान करना जारी रखा और सीरीज के निर्णायक मैच में भी यही हुआ।

## मुस्तफिजुर रहमान के दिसंबर में वेस्टइंडीज दौरे पर जाने की संभावना नहीं

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी व्हाइट-बॉल सीरीज में खेलने की संभावना नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए दिसंबर में छुट्टी के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से आवेदन किया है, जो गर्भवती हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने क्रिकबज से इस बात की पुष्टि की और कहा कि वे चल रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद यूएई से आने के बाद उनसे बात करने के बाद इस पर अंतिम फैसला लेंगे। अधिकारी ने कहा, यह सच है कि उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज के दौरान छुट्टी मांगी थी।

## शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहले टी20 में हराया

न्यूजीलैंड की टीम 19.3 ओवर में 135 रन पर सिमट गई।



**दांबुला (श्रीलंका)(आईएएनएस)।** शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने शनिवार को दो मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। डुनिथ वेलालेज ने 3-20 जबकि नुवान तुषारा, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना ने क्रमशः 2-14, 2-30 और 2-25 विकेट चटकाए, जिससे न्यूजीलैंड की टीम 19.3 ओवर में 135 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर रंगीरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वेलालेज, थीक्षना और थर्सरा के शानदार प्रयासों से न्यूजीलैंड का स्कोर पावरप्ले में 31/3 हो गया, जिससे वे अंत तक उबर नहीं पाए। ग्लेन फिलिप्स (13) और माइकल ब्रेसवेल (27) ने संघर्ष किया, लेकिन मेजबान टीम के गेंदबाजों ने प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजी लाइनअप पर लगातार दबाव बनाए रखा और दो विकेट जल्दी गिरने से उनकी बढ़त एक बार फिर रुक गई।

ईश सोढ़ी और फाउलकेस की 39 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड की पारी को आगे बढ़ाया, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नौवें विकेट के लिए न्यूजीलैंड की सर्वोच्च साझेदारी है और इसने सेंटनर और ईश सोढ़ी के बीच 38 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

इस साझेदारी ने न्यूजीलैंड को 135 रन के मामूली स्कोर तक पहुंचने में मदद की, जो अंततः अपर्याप्त साबित हुआ, हालांकि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने कुछ शुरूआती झटके दिए। कुसल मेंडिस शून्य पर आउट हो गए, जिन्हें मिशेल सेंटनर ने एलबीडब्ल्यू आउट किया, जो मुंबई में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से चूकने के बाद टीम में वापस आए थे।

## भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**कैनबेरा (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज यानी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच सीरीज की शुरूआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट के लिए 13 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान किया। दल में युवा नाथन मैकस्वीनी को शामिल किया गया है। मैकस्वीनी ने हाल ही में भारत-ए के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है। इसके अलावा विकेटकीपर जोश इंगलिस को भी पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

इनके अलावा बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ टीम को मजबूती प्रदान करेंगे। इनके अलावा ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श तथा विकेटकीपर एलेक्स कैरी शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ स्कॉट बोलैंड शामिल हैं। स्पिन गेंदाबाजी में अनुभवी नाथन लियोन दिखेंगे।



**पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क।



## रोहित की अनुपस्थिति में बुमराह टीम इंडिया के लिए बेस्ट कप्तान हो सकते हैंः पोंटिंग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से बाहर रहेंगे। ऐसे में टीम इंडिया की कमान इस मुकाबले में किसके हाथ में रहेगी इस सवाल पर सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि जसप्रीत बुमराह पर्थ टेस्ट में रोहित की अनुपस्थिति में टीम के लिए एक कुशल कप्तान साबित हो सकते हैं। इससे पहले रोहित शर्मा ने कहा था कि वह निजी कारणों से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में ह्यनिश्चित नहींह्व हैं। जसप्रीत बुमराह इस महत्वपूर्ण श्रृंखला के पहले मैच में भारत की अगुवाई करने के संभावित दावेदारों में शामिल हैं। बुमराह ने इससे पहले 2022 में बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी, जब कोविड संक्रमित होने के कारण रोहित वह मैच नहीं खेल पाए थे।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# बढ़ते साइबर क्राइम से लोग गंवा रहे करोड़ों रुपये

**एक 48 वर्षीय महिला को 5 दिनों तक साइबर अरेस्ट कर 5 करोड़ रू अपने खाते में डलवा लिए साइबर अपराधी**

**सरकार ऐसे ठगी नहीं होने देने, ठगों को पकड़ने , सजा देने का पुख़्ता इंतजाम नहीं कर पा रही**



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बीते 1 सितंबर को दिल्ली-एनसीआर में रहने वाली 48 वर्षीय कारोबारी महिला को एक फोन आता है। उसने फोन उठाया तो साइबर क्रिमिनलों के बुने जाल में ऐसे बुद्धि खोई कि अगले 5 दिनों तक साइबर एरेस्ट बनी रही और साइबर फ्रॉड करने वालों के बताए बैंक अकाउंट में 5 दिन के 5 करोड़ से अधिक रकम ट्रांसफर कर दिए। अचरज यह है कि लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। और पीएम मोदी द्वारा साइबर क्राइम इस तरह के मामले के बारे में सचेत करने के बावजूद , सरकारी महकमा , पुलिस कर्मी और बैंक अब तक कोई ऐसा उपाय क्यों नहीं किये, जिससे कोई व्यक्ति साइबर क्रिमिनलों के चंगुल में फँस कर, डर के मारे अपना धन इस तरह से साइबर क्रिमिनलों के बताए खाते में डालने से बच सके। ऐसा नहीं होने से बहुत से लोग साइबर क्रिमिनल के चंगुल में फँस डर कर धन उसके खाते में फेज दे रहे हैं , गँवा रहे हैं, और साइबर क्रिमिनल का बाल बांका नहीं होता। जिस बैंक खाते में पैसा ऐसे क्रिमिनल मंगाते हैं , उसके मार्फत सरकार चाहे तो उन ठगों तक पहुँच सकती है।

**जिस महिला ने 5 करोड़ रुपये गंवाई-**

पीड़ित महिला के अनुसार अनुसार दूसरी तरफ से फोन करने वाले आदमी ने फरार्टेदार अंग्रेजी बोलते हुए खुद को एक डीएचएल का कर्मचारी बताया। उसने बताया कि मुंबई से बीजिंग भेजे जा रहे एक पैकेज को बॉम्बे कस्टम ऑफिस ने रोका है,उसमें नशा वाला ड्रग्स था। महिला ने उस आदमी से कहा कि मैंने ऐसा कोई पैकेट नहीं भेजा है। डीएचएल कर्मचारी ने कहा कि विद्या (नाम बदल दिया गया है) को अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए मुंबई के कस्टम ऑफिस आना होगा। सतर्क होकर, उसने उस आदमी से उसके कर्मचारी का नंबर मांगा। महिला ने आप बीती सुनाते हुए कहा कि उस आदमी ने वो नंबर इतने आत्मविश्वास से दिया कि पहली बार मुझे लगा कि यह एक गंभीर स्थिति है।

**गैंग का कोई सीबीआई तो कोई ईडी का अधिकारी बताता रहा-**

अगले कुछ घंटों में पीड़ित महिला एक के बाद कई लोगों से फोन पर बात करती गई। पहले वाले ने खुद को एक कांस्टेबल बताया और उसे लॉग इन करने के लिए एक माइक्रोसॉफ्ट स्काइप आईडी और पासवर्ड दिया। कांस्टेबल के पीछे, एक इंटरकॉम में खड़खड़ाहट हुई, कहा-उसके नाम पर गिरफ्तारी वारंट है। जैसे ही विद्या घबराई, उसे अपने मामले की व्याख्या करने के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पास भेजा गया। वीडियो थोड़ी देर के लिए झिलमिलाया और एक वदीर्धारी पुलिस अधिकारी को डेस्क पर आदेश देते हुए दिखाया। उसके बाद उसने केवल एक आवाज सुनी। कभी वह खुद को केंद्रीय जांच ब्यूरो का एक अधिकारी बताता था तो कभी प्रवर्तन निदेशालय का। शातिरों ने निर्देश दिए, सलाह दी, धमकी दी, स्वर गुस्से और सहानुभूति के बीच उतार-चढ़ाव करता रहा। उसे कई बार अपनी आईडी बदलने और किसी भी अधिकारी से बात करने से पहले 'centa05' पासवर्ड का उपयोग करने के लिए कहा गया। दृढ़ लेकिन डांट वाली आवाज में निर्देश दिए गए- अपने फोन से सभी अतिरिक्त ऐप्स हटा दें। सभी कॉल स्पीकर फोन पर लें। अपना वीडियो चालू रखें, सिवाय तब जब आप बाथरूम में हों, लेकिन तब भी ऑडियो हमेशा चालू रहना चाहिए। महिला ने याद करते हुए बताया कि उन्होंने मुझे चाय बनाते और खाना खाते हुए देखा। शुरू में, वे उसके घर में काम करने वाले नौकर को आने देने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन बाद में मान गए।बाद में सोचने पर महिला कहती है कि कहानी अविश्वसनीय लगती है, लेकिन उस समय, उनके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया था। महिला ने आगे बताया कि मुझे बताया गया था कि मैं एक अपराधी गिरोह का हिस्सा थी जिसने 200 से अधिक परिवारों को ठगा था। अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए, मुझे दिखाना होगा कि मुझे अपराध की आय से कोई लाभ नहीं हुआ है। उसे अपने बैंक खातों और इनवेस्टमेंट साझा करने के लिए कहा गया था। जल्द ही फर्जी जांच अधिकारी बने लोगों ने उसकी बेगुनाही से आश्वस्त हो गए लेकिन अब वे चाहते थे कि वह जांच में सहयोग करे और गिरोह को पकड़ने में मदद करे। मुझे लगा कि वे मेरी रक्षा कर रहे हैं, और मैं उन्हें अपराधियों को पकड़ने में मदद कर रहा थी।सामने से आई आवाज ने उससे जांच शुरू करने के लिए अपना सारा पैसा देने को कहा। विद्या को बताया गया कि अगर वह निर्दोष पाई गई तो उसका पैसा वापस कर दिया जाएगा। 24 घंटों से भी कम समय बाद 2 सितंबर को उसने अपने म्यूचुअल फंड निवेश को बेचना शुरू कर दिया था। विद्या के शब्दों में उन्होंने मुझसे एचडीएफसी बैंक शाखा जाने को कहा, मुझे एक आईसीआईसीआई बैंक खाता दिया, और आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर करने को कहा। इस दौरान उन्होंने मुझे वीडियो पर रखा और जोर देकर कहा कि यह ऑपरेशन एचडीएफसी बैंक के भीतर अपराधियों को पकड़ने के लिए है जो मामले में शामिल हैं। मैंने उन पर विश्वास किया।

**कैसे लगा की उसके साथ साइबर धोखाधड़ी हो गया-**

4 और 5 सितंबर को महिला ने हरियाणा के झज्जर के एक खाते में 5 करोड़ रुपये से अधिक का ट्रांसफर किया, जिसमें मुश्किल से 1,500 रुपये का बैलेंस था। पहला हिस्सा जाने के बाद, मुझे आवाज में बदलाव लगा। 5 सितंबर को, मैं बता सकती थी कि दूसरे छोर पर खुशी मनाई जा रही थी। जांच की कोई बात नहीं थी। इसकी जगह हल्की-फुल्की बातचीत हो गई थी। तभी समझ में आया। उसने कॉल काट दिया और एक दोस्त को फोन किया, इस देरी से समझ आ गया कि मुझे धोखा दिया गया है।कुछ दिन बाद महिला ने एफआईआर दर्ज कराई और पाया कि कुछ ही घंटों में उसका पैसा कई अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन महिला को अपने पैसे वापस मिलने की बहुत कम उम्मीद है। दो महीने बाद वह मानती है कि पूरा प्रकरण उसके लिए भी पूरी तरह से तर्कहीन लगता है। उसके शब्दों में, उनके पास मुझे सम्मोहित करने, मेरे दिमाग में घुसने और मुझे इस तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित करने का एक तरीका था जो अब पूरी तरह से विचित्र लगता है।

**महिला ने इसके लिए बैंकिंग सिस्टम को भी दोषी बताया-**

पीड़ित महिला ने बैंकिंग सिस्टम को इतनी आसानी से इतनी ऊंची रकम के ट्रांसफर की अनुमति देने के लिए दोषी ठहराती हैं। उन्होंने कहा कि यदि इतनी बड़ी राशि रातों-रात स्थानांतरित की जा रही है तो बैंकिंग सिस्टम में रेड फ्लैग होना चाहिए। मैंने बैंक को बताया कि मुझे बड़ी सर्जरी के लिए पैसे की जरूरत है लेकिन तथ्य यह है कि मैं 45 मिनट तक शाखा में स्काइप वीडियो पर थी, इससे अलार्म बजना चाहिए था।वह कहती है कि डिजिटल गिरफ्तारी क्या है और यह कितना व्यापक है, इस बारे में जागरूकता की कमी है। यह एक शर्मनाक रहस्य है। एक बार अनुभव करने के बाद कोई भी इसके बारे में बात नहीं करना चाहता है । शिकायत नहीं करते क्योंकि वे पुलिस और न्यायपालिका द्वारा शर्मिंदा होते हैं।

## वाणिज्यिक बैंक और एनबीएफसी एमएसएमई सेक्टर को दें 1.54 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोनः वित्त मंत्री

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** भारत सरकार की ओर से सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और एनबीएफसी के लिए चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में 1.54 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त एमएसएमई लोन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंकों और एनबीएफसी को एमएसएमई के लिए कुल लोन वृद्धि का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में क्रमशः 5.75 लाख करोड़ रुपये, 6.21 लाख करोड़ रुपये और 7 लाख करोड़ रुपये रखना चाहिए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) की पार्टनरशिप में आयोजित किए गए 'नेशनल एमएसएमई कल्स्टर आउटरीच' प्रोग्राम में केंद्रीय वित्त मंत्री ने देश में इनोवेशन, रोजगार पैदा करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने में एमएसएमई के महत्व पर प्रकाश डाला।

## एआई डेवलपमेंट को बनाए रखने के लिए सैमसंग को बदलाव की जरूरत : विशेषज्ञ

**सियोल(आईएएनएस)।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निमार्ता कंपनी है। हालांकि यह इस समय कठिन बाजार स्थितियों और कमजोर तिमाही प्रदर्शन के चलते ₹संकट₹ में फंसी दिख रही है। खासकर हाई बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) के क्षेत्र में लीडरशिप खोने के कारण सैमसंग के सेमीकंडक्टर उद्योग में भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। 1990 के दशक से मेमोरी चिप मार्केट में सैमसंग का दबदबा रहा है, पर अब इसे चुनौती मिल रही है। ताइवान के बिजनेस टुडे के वरिष्ठ पत्रकार और चिप उद्योग विशेषज्ञ लिन होंग-वेन का कहना है कि वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर कई दीर्घकालिक चुनौतियां सैमसंग पर भारी पड़ रही हैं।

## भारत के स्टील निर्यात में अक्टूबर में हुई दोहरे अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का स्टील निर्यात इस साल अक्टूबर में सितंबर के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ा है, जो दिखाता है कि इस सेक्टर के आउटलुक में सुधार हो रहा है। यह जानकारी स्टील मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए डेटा से मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में भारत की ओर से 4.4 मिलियन टन स्टील का निर्यात किया गया है, जो कि सितंबर में 4 मिलियन टन था। आयात में गिरावट आई है जिससे घरेलू स्टील कंपनियों को तीसरी तिमाही में अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी।

## गुमला में पीएम मोदी ने की चुनावी जनसभा, कहा

# झारखंड में सत्ता की हवा पूरी तरह भाजपा के पक्ष में



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी भाषण की शुरूआत झारखंडी जोहार और स्थानीय नागपुरी भाषा से की। वहीं जय श्री राम के उद्घोष के साथ सभा में उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभा में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर कहा कि झारखंड में सत्ता की हवा पूरी तरह बदल चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभा में अपने संबोधन में कहा, इस भूमि पर माता अंजनी और वीर बजरंगबली का आशीर्वाद है। मुझे आप सभी जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है और यह सौभाग्य अब समग्र वोट में बदलकर झारखंड के विकास की नई दिशा तय करेगा। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान देखी गई भारी भीड़ का जिक्र करते हुए कहा, जहां-जहां भी गया, वहां की भीड़ ने पुराने रैलियों के रिकॉर्ड तोड़े हैं। गुमला में तो इतनी बड़ी संख्या में लोग उमड़े हैं कि सीमा अंकन के बाद भी हमारी आवाज भी नहीं पहुंच पा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता की आवाज एक ही है, रोटी, बेटी और माटी की पुकार। उन्होंने यह भी कहा कि यह सभा यह साफ दर्शाती है कि झारखंड के लोग भाजपा सरकार की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं और उनका समर्थन भाजपा को मिल रहा है।

### जनजातीय समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता

प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं को दोहराते हुए कहा, बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है और इस बार उनकी 120वीं जयंती मनाई जा रही है। हम पूरे देश में इसे जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम पर अंडमान में द्वीप का नामकरण किया है, और वहां लोग उनके शौर्य को नमन करने आते हैं। प्रधानमंत्री ने आदिवासी समुदाय के लिए सरकार द्वारा की गई पहल को रेखांकित करते हुए कहा, राजनीति में आने से पहले मैंने आदिवासी भाई-बहनों के साथ जीवन का बड़ा हिस्सा बिताया है। मैं उनकी मेहनत, ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता का कायल हूं। यही वजह है कि भाजपा सरकार में बड़ी संख्या में आदिवासी मंत्री हैं।

### असुर, कोरवा, बृजिया, बिरहोर, परहैया जनजातियों का विकास

प्रधानमंत्री मोदी ने असुर, कोरवा, बृजिया, बिरहोर, परहैया जैसी पिछड़ी जनजातियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पहले इन जनजातियों के विकास के लिए किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन मोदी जी ने उनकी परवाह की है। अब 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा समेत देशभर के हजारों गांवों का कायाकल्प किया जाएगा, ताकि इन जनजातियों का विकास हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी भलाई के लिए कार्यरत है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा

प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी अपनी आवाज उठाई। उन्होंने कहा, यहां कोई सरकारी भर्ती नहीं है, जिसमें धांधली नहीं हुई हो। लेकिन झारखंड के मेरे युवा साथियों, आप निश्चिंत रहें, मोदी बैठा है।

### कांग्रेस और जेएमएम पर तीखा हमला

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और जेएमएम पर तीखा हमला करते हुए कहा, इनका जनता की सुख-सुविधाओं से कोई लेना-देना नहीं है। ये सिर्फ अपनी तिजोरियां भरने में लगे हुए हैं। ये लोग गरीबों के हिस्से का चावल भी चुरा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग किया है और गरीबों के राशन तक में घोटाले किए हैं।

### झारखंड के विकास के लिए भाजपा की जरूरत है

प्रधानमंत्री ने अंत में कहा, झारखंड, यह देशभक्तों की भूमि है। यहां के वीर सेनानियों ने हमेशा देश के लिए संघर्ष किया है। हमें आने वाले पचास वर्षों की नींव को मजबूत करना है, और इसके लिए एक मजबूत भाजपा सरकार की आवश्यकता है। उन्होंने भाजपा और एनडीए के सभी उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की और कहा, आपका हर एक वोट झारखंड और भारत के निर्माण को गति देगा।

### झारखंड के हर नागरिक को पक्का मकान दिलाने का वादा

प्रधानमंत्री ने सभा में घोषणा करते हुए कहा, जो लोग कच्चे मकानों में रहते हैं, उनका नाम भेजिए, मैं हर झारखंडी को पक्का मकान दिलाऊंगा। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति को दशार्ता है कि वे राज्य के हर नागरिक के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विकास की नई दिशा के लिए भाजपा की वचनबद्धता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस भाषण ने गुमला में भाजपा की विकास योजनाओं के प्रति समर्थन और विश्वास को और भी मजबूत किया है। उनके द्वारा दिए गए संकल्प और योजनाओं ने राज्य में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगाई है। भाजपा की सरकार आने वाले चुनावों में राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए काम करेगी, लोगों को पीएम की यात्रा से यह उम्मीद बंधी है।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्टाचारियों को दिलाएंगे कड़ी सजा : नरेंद्र मोदी

**हमने पिछले 10 साल में 3,00,000 करोड़ रुपये से अधिक झारखंड को दिए**

**भाजपा चाहती है कि गरीबों को पक्का घर मिले। शहरों और गांवों की सड़कें बनें। बिजली और पानी मिले**

**हवा का रुख साफ है। भाजपा और एनडीए की सरकार बन रही है**

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है। रोटी-बेटी-माटी की पुकार, अबकी बार-भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि हमने झारखंड बनाया है और हम ही झारखंड को संवारेंगे। झारखंड गठन का विरोध करने वाले राज्य का विकास नहीं करेंगे। वे रविवार को बोकारो के चंदनकियारी में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे।



मोदी ने कहा कि एक आंकड़ा देता हूं, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। मैडम सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में बैठाया गया था। तब केंद्र सरकार ने झारखंड को 10 साल में बड़ी मुश्किल से 80,000 करोड़ रुपये दिए थे। इसके 10 साल बाद दिल्ली में सरकार बदली। आप सबने केंद्र में अपने सेवक मोदी को सेवा करने का अवसर दिया। हमने पिछले 10 साल में 3,00,000 करोड़ रुपये से अधिक झारखंड को दिए। हमारा प्यार चार गुणा ज्यादा है। क्योंकि, झारखंड को हमने बनाया है। हम ही तो संवारेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि गरीबों को पक्का घर मिले। शहरों और गांवों की सड़कें बनें। बिजली और पानी मिले। इलाज, शिक्षा, सिंचाई और दवाई की सुविधा हो लेकिन जेएमएम सरकार में पिछले पांच साल में क्या हुआ? आपकी अपनी ये सुविधाएं कांग्रेस-झामुमो के लोगों ने लूट लिया। इनके नेता बालू तस्करी से करोड़ों कमा रहे हैं और आप मुट्ठी भर बालू के लिए तरस रहे हैं। इनके पास नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। इतने नोट निकल रहे हैं कि गिनते-गिनते मशीनें भी थक जाती हैं। ये नोट कहां से आए। ये पैसे आपके हक का है। ये आपकी जेब से लूटा गया है।

मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार बनाने का आपने निर्णय कर ही लिया है। हवा का रुख साफ है। भाजपा और एनडीए की सरकार बन रही है। मैं आपसे वादा करता हूं कि इन भ्रष्टाचारियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसकी लड़ाई हम अदालत में लड़ेंगे। आपके हक का पैसा आप पर ही खर्च होगा। आपके बच्चों के भविष्य के लिए खर्च होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बहुत सारा पैसा ऐसा होता है, जो बिना सरकार की दखल के राज्यों में खर्च नहीं हो सकता। पहले तो उसमें से भी कट मनी चलती थी। लूट-खसोट देखकर मैंने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल शुरू किया। पीएम किसान सम्मान का पैसा अब सीधे किसानों के खाते में पहुंच जाते हैं। हम जो पैसे दिल्ली से भेजते हैं, वो पूरे के पूरे पैसे किसानों के अकाउंट में जाते हैं।

मोदी ने कहा कि बोकारो से हवाई सेवा जल्द ही शुरू होगी। इसी तरह हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट के जितने काम होते हैं, उस पर केंद्र सरकार खुद पूरे पैसे खर्च करती है। झारखंड में बैठी हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। झारखंड में 50 से ज्याद रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। इनमें सुविधाएं बढ़ाई जा रहीं हैं। बोकारो में एयरपोर्ट भी बन चुका है। मेरा तो सपना है कि जो हवाई चप्पल पहनता है, वो हवाई जहाज में जाए। सिंदरी का खाद कारखाना पहले की सरकारों की वजह से बंद हो गए थे। हमने इसे फिर से शुरू करवाया। इससे झारखंड के हजारों युवाओं को रोजगार मिला है। साथ ही कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी, तो वह सरकार ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पक्की नौकरी देगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी चंदनकियारी में अमर कुमार बाउरी समेत एनडीए के प्रत्याशियों का प्रचार करने के लिए आए हैं। अमर बाउरी चंदनकियारी (एससी) सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## मिथुन आज बहरागोड़ा व घाटशिला में करेंगे जनसभा, पोटका में रोड शो



**रांची।** मिथुन चक्रवर्ती सोमवार (11 नवंबर) को बहरागोड़ा और घाटशिला में जनसभा करेंगे। साथ ही, पोटका में रोड शो भी करेंगे। बताया गया कि मिथुन चक्रवर्ती 11 नवंबर को बहरागोड़ा विस क्षेत्र के नेताजी सुभाष शिशु उद्यान के पास स्थित मिडिल स्कूल मैदान, मानुसमुनिया में दिन में 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। वे घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के सर्कस ग्राउंड दाहीगोड़ा में दिन में 1:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मिथुन चक्रवर्ती पोटका विधानसभा क्षेत्र में दिन में 3:30 बजे से रोड शो करेंगे।

## यूपी के सीएम आज नगरउंटारी, हुसैनाबाद, पांकी और मेदिनीनगर में करेंगे जनसभा



**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार (11 नवंबर) को नगरउंटारी, हुसैनाबाद, पांकी और मेदिनीनगर में जनसभा करेंगे। बताया गया कि योगी आदित्यनाथ 11 नवंबर की सुबह 10:30 बजे से गढ़वा जिले के नगरउंटारी स्थित गोसाईंबाग मैदान, बंशीधर नगर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दिन में 11:30 बजे पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित सबडिवीजन ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के सीएम पलामू जिले के पांकी स्थित सिंचाई विभाग मैदान में दिन में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वे मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में दिन में 1:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना है : लालू यादव

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार को कोडरमा के मरकच्चो पहुंचे। उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित कर राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को वोट कर विजयी बनाने की अपील की। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने अंदाज में ही सभा को संबोधित किया। हेलिकॉप्टर खराब होने पर वे सड़क मार्ग से ही कोडरमा पहुंचे। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि आज सुबह उन्हें देखकर हेलिकॉप्टर डर गया। इसलिए सड़क मार्ग से गाड़ी में सो कर आए हैं। राजद सुप्रीम लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन मजबूत है। झारखंड में भी यह गठबंधन काफी मजबूत स्थिति में है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ कर फेंक देना है। आप सभी राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को भारी मतों से जीत दिलाएं। लालू प्रसाद ने कहा कि सुभाष यादव बहादुर आदमी हैं। इसलिए उन्हें कोडरमा से उम्मीदवार बनाया गया है। सभा को उम्मीदवार सुभाष यादव के अलावा जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने भी सम्बोधित किया।

## आज शाम थम जाएगा पहले चरण के प्रचार का शोर

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को कहा कि प्रथम चरण के चुनाव प्रचार का कार्य सोमवार शाम को थम जाएगा। जहां शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय है, वहां चुनाव प्रचार 48 घंटे पहले सोमवार को शाम चार बजे थम जाएगा। उन्होंने रविवार को रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार की समाप्ति के साथ चुनाव कार्य को लेकर वहां गए (जो वहां के वोटर नहीं हैं) राजनीतिक लोगों को वहां से चले जाना होगा। ऐसे लोगों को कैंपेन की अवधि समाप्ति के बाद पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। मालूम हो कि पहले चरण में राज्य में 43 सीटों पर चुनाव होना है।

## भाजपा के जीतू चरण राम और कांग्रेस के सुरेश बैठा हैं आमने-सामने

# कांके विधानसभा सीट के लिए है कांटे की टक्कर

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रांची जिले की सातों विधानसभा सीटों में कांके सीट पर लंबे समय से भाजपा का वर्चस्व रहा है। अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित कांके विस सीट पर वर्ष 2000 से लेकर वर्ष 2019 तक लगातार भाजपा का कब्जा रहा है। यहां तक कि वर्ष 2019 के चुनाव में जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को झारखंड में मुंह की खानी पड़ी थी, उस समय भी भाजपा के समरी लाल कांके विधानसभा क्षेत्र से विजयी हुए थे। वैसे, इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने समरी लाल का टिकट काट कर फिर से वर्ष 2014 के अपने विजयी प्रत्याशी डॉ जीतू चरण राम को मैदान में उतारा है। वर्ष 2024 के चुनाव में जीतू चरण राम का मुकाबला कांग्रेस के सुरेश बैठा से है।

कांके विधानसभा क्षेत्र का क्षेत्रफल काफी बड़ा है। यह बहुत दूर तक फैला हुआ है, खलारी से भी इसकी सीमाएं छूती हैं। तकरीबन पांच लाख मतदाताओं वाले इस विधानसभा क्षेत्र में पुरुष और महिला मतदाता लगभग बराबर हैं। इसके हिस्से में शहरी क्षेत्र कम तथा ग्रामीण एवं कस्बाई इलाके ज्यादा हैं। भाजपा से डॉ जीतू चरण राम को टिकट मिलना भी कुछ उसी तरह से है, जैसे रांची से पुराने योद्धा सीपी सिंह को टिकट मिलना।



जीतू चरण राम



सुरेश बैठा

### जीत का सूखा खत्म कर पाएगी कांग्रेस

इस बार भाजपा ने कोई रिस्क नहीं लेते हुए पुराने चेहरे डॉ जीतू चरण राम पर ही दाव खेला है। चूंकि कांके भाजपा की सीट मानी जाती है, ऐसे में सवाल है कि क्या इस बार भी भाजपा ही यहां से मैदान मारेगी। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि फिलहाल यहां से सबसे मजबूत दावा भाजपा का ही है, भले जीत का अंतर कम हो। वहीं, कुछ जानकारों का मानना है कि कांके में इस बार कांटे की टक्कर है। पिछले कुछ चुनावों में वोट का प्रतिशत कोई बहुत अच्छा नहीं रहा है और यहां के वोटर मुखर होकर कुछ बताते भी नहीं। वैसे, वर्ष 2000 से लगातार भाजपा को विजयश्री देते रहे हैं। जो भी हो, कांग्रेस ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भाजपा से अपनी हार का अंतर कम किया है।

## पांच जिले के 225 बूथों पर हेलीड्रॉप किए जाएंगे चुनाव कर्मी

# प्रथम चरण के चुनाव प्रचार आज शाम से हो जाएंगे बंद : के रवि कुमार

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अबतक 53 मामले हुए दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को कहा कि प्रथम चरण के चुनाव प्रचार का कार्य सोमवार शाम को थम जाएगा। जहां शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय है, वहां चुनाव प्रचार 48 घंटे पहले सोमवार को शाम चार बजे थम जाएगा। उन्होंने रविवार को रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार की समाप्ति के साथ चुनाव कार्य को लेकर वहां गए (जो वहां के वोटर नहीं हैं) राजनीतिक लोगों को वहां से चले जाना होगा। ऐसे लोगों को कैंपेन की अवधि समाप्ति के बाद पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। सोमवार को पांच जिले पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में हेलीड्रापिंग के माध्यम से 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को भेजा जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन प्रत्याशियों द्वारा मतदान केंद्रों पर अपना कैंप लगाया जाता है, जिसकी पूवार्नुमति सक्षम पदाधिकारी से लेना अनिवार्य होता है। कैंप मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि के बाहर होना चाहिए। धार्मिक स्थल या अतिक्रमित स्थान पर कैंप नहीं लगाया जा सकता। उस कैंप में प्रत्याशी से जुड़ा झंडा-बैनर, सिंबल, फोटो आदि लगाने पर भी पाबंदी रहेगी। प्रत्याशी कैंप में सिर्फ एक टेबुल और दो कुर्सी रख सकते हैं। वहां खान-पान भी प्रतिबंधित होगा। वहीं, मतदान के बाद कैंप में वापस आने पर भी रोक होती है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे मतदान के लिए मतदाता पर्ची जरूर लेकर जाएं। जिन्हें मतदाता पर्ची नहीं मिली है, उन्हें मतदान केंद्र पर बीएलओ या वॉलेंटियर से संपर्क कर टोकन लेना चाहिए, ताकि मतदान में उन्हें सुविधा हो सके। वहीं, वोटर आइडी कार्ड नहीं रहने पर 12 तरह के मान्य अन्य पहचान के दस्तावेजों से मतदाता की पहचान के बाद मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अभी तक 53 केस दर्ज हुए हैं। उनमें सर्वाधिक 28 केस गढ़वा जिले में हुए हैं।




### अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती पहुंची पौने दो अरब के पार

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 176.15 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती हो चुकी है। राज्य के पुलिस विभाग की एजेंसी जब्ती 13091.54 लाख और अवरोधित जब्ती 1846.58 लाख रुपये है। इनकम टैक्स विभाग की एजेंसी जब्ती 162.32 लाख और अवरोधित जब्ती 36.83 लाख रुपये है। राज्य एक्साइज विभाग की एजेंसी जब्ती 743.12 लाख और अवरोधित जब्ती 14.16 लाख रुपये है। वन विभाग की एजेंसी जब्ती 728.03 लाख और अवरोधित जब्ती 0.06 लाख रुपये है। स्टेट गुड्स एंड सर्विस टैक्स/कॉमर्शिल टैक्स की एजेंसी जब्ती 844.93 लाख और अवरोधित जब्ती 32.20 लाख रुपये है।

## पृष्ठ एक के शेष

**केंद्र और राज्य में भ्रष्टाचारियों का...**

नहीं होता।' उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा पूंजीपति सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता उनकी इस कोशिश को सफल नहीं होने देगी। मायावती ने यह भी कहा कि देश में हर जाति के लोग गरीब हैं और उनके हक को लूटने के प्रयासों को हर कीमत पर रोका जाएगा। मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है, लेकिन गरीब जनता इस प्रयास को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने पार्टी की ओर से सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की नीति के तहत बेहतर सरकार देने का वादा किया।

मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी अकेले ही चुनाव लड़ रही है और किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। उन्होंने हुसैनाबाद क्षेत्र में दादागीरी खत्म करने के लिए बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता को समर्थन देने का आह्वान किया।

**भाजपा नफरत की राजनीति...**

बिजली दी जाएगी, लेकिन भाजपा की तरह नहीं, बल्कि यहां की बिजली यहीं मिलेगी। भाजपा वाले झारखंड में पावर प्लांट लगाकर बांग्लादेश को बिजली सप्लाई करते हैं। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा पर भी कहा कि वह अपने प्रदेश को छोड़कर झारखंड में एक से डेढ़ साल से रहकर यहां के लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। घुसपैठियों की बात करते हैं, जबकि सबसे अधिक घुसपैठिया असम में ही रहते हैं। वहां से घुसपैठियों को चुनाव के लिए अलग-अलग प्रदेशों में ट्रांसफर किया जाता है। अगर देश में घुसपैठियों आते हैं तो यह केंद्र सरकार की नाकामी है, क्योंकि सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के हाथों में है। मंच संचालन वरिष्ठ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने किया। इस दौरान झामुमो उम्मीदवार अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव, सोगरा बीबी, केपी यादव, जवाहर पासवान, सूर्यदेव मेहता, अमर नाथ पांडेय, अमर राम, देवेंद्र सिंह, कमलेश मेहता, किरण देवी, राजा सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**राज्य में पिछड़ों का आरक्षण...**

उनके कार्यकाल मे आती।बीजेपी वालो को सिर्फ कॉपी पेस्ट करना आता है।यहां तक की वे डायलॉग भी चुरा लेते है।उन्होंने कहा की झारखंड की अस्मिता हक अधिकार यदि कोई दिला सकता है तो वह महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे हेमंत सोरेन ही है।सभा के दौरान मौजूद लोगो से कल्पना ने राज्य मे एक बार फिर से महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को वोट देकर जिताने की अपील की।सभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन मे मनिका के अधुरे पड़े विकास को पुरा करने के लिए उन्हे विजयी बनाने के लिए लोगो से वोट करने की अपील हाथ जोड़कर किया।इससे पहले सभा स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंची कल्पना सोरेन का कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने बुके देकर सम्मानित किया।मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि कामेश्वर यादव दरोगी यादव मिथिलेश पासवान ओमप्रकाश यादव वृंदबिहारी यादव विश्वनाथ पासवान सुरेंद्र भारती सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**रांची में पीएम मोदी का भव्य...**

लिए छतों, पेड़, होटल, जहां जिसे जगह मिली, वहीं जमा रहा। कई लोगों ने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीरें और कटआउट ले रखी थी। पीएम मोदी शाम करीब 5.20 बजे सर्ड मैदान पहुंचे। इसके बाद उनका काफिला पिस्का मोड़ होते हुए रातू रोड में न्यू मार्केट चौराहे तक धीरे-धीरे पहुंचा। तीन किलोमीटर के रोड शो में करीब डेढ़ घंटे लग गए। पीएम मोदी का रांची में यह चौथा रोड शो है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एयरपोर्ट से बिरसा चौक तक रोड शो किया था, फिर नवंबर 2023 में भी रोड शो किया था। वहीं पीएम मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान हिनू चौक से रातू चौक तक रोड शो किया था। रविवार को रांची के ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौराहे रोड शो किया।

**कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों का...**

उरांव-धांगर को मुंडा-पातर, चीक बड़ाइक-कोरबा को महली, लोहरा को खड़िया और असुर को नगेशिया से लड़ाना चाहते हैं। मैंने मड़ुआ (रागी) को अमेरिका पहुंचा दिया, वहां के राष्ट्रपति ने हमें भोज में रागी परोसा और इन्होंने छोटे किसानों को परेशान कर रखा है।

**झारखंड सरकार ने जल, जंगल...**

की संपत्तिको बेचकर स्वयं हड़प लिया। इससे बचने के लिए यहां की जनता को भाजपा प्रत्याशी सहयोग करना होगा। उन्होंने पार्टी के बैनर तले आयोजित रोड शो और नुक्कड़ सभा में भी हेमंत सरकार के कारनामों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने झारखंड को अपनी जन्मभूमि बताते हुए कहा कि पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के विकसित झारखंड के सपनों को पूरा करने के लिए एनडीए गठबंधन की सरकार कृतसंकल्पित है। हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के समर्थन में हैदरनगर बाजार में युवा नेता सूर्या सिंह के नेतृत्व में रोड शो और नुक्कड़ सभा कराया गया। भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह ने कहा कि इस चुनाव में मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भाग लेकर विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए ऐतिहासिक क्षण बनाने का बहुमूल्य समय आया है। उन्होंने कहा कि जनता गवाह है कि उनके राजनीतिक काल में जातपात, धर्म को लेकर विकास के लिए किसी भी क्षेत्र की उपेक्षा नहीं की। उन्होंने रमना में की सभा मेंअपने पिता रामविलास पासवान व भानू प्रताप शाही के पिता स्व लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के बीच बेहतर संबंध का जिक्र करते हुए कहा कि इन दोनों के सपनों को पूरा करना सबों का कर्तव्य है। केंद्रीय मंत्री ने वादा करते हुए कहा कि भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र का जो भी समस्या मेरे समक्ष आयेगा उसे पूरा करेंगे। हैदरनगर के कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्रवेश सिंह, अशोक सिंह, लोजपा के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह, मधुलता रानी, विवेक सिंह, लोजपा नेता औरंगाबाद (बिहार) के लोजपा नेता अनूप ठाकुर व पप्पू पासवान, अंकू सिंह राणा, बिमलेश सिंह, संजय सिंह, वीरेन्द्र सिंह, उमेश चंद्र शिव, प्रदीप सिंह आदि ने भी पार्टी की नीति और सिद्धांतों पर चर्चा की। रमना में रामजी पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, इंद्रमणि जायसवाल, प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अजय कुमार सिंह, शंकर चंद्रवंशी, राम कवल पासवान आदि उपस्थित थे।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# न्यूज चैनलों व सोशल मीडिया के मार्फत माहौल बनाते हैं जिससे जजों पर एक खास तरह का फैसला सुनाने का दबाव बनता है : डीवाई चंद्रचूड़

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एक साक्षात्कार में कहा कि निजी हित समूह टीवी न्यूज़ चैनलों व सोशल मीडिया के जरिए ऐसा माहौल बनाते हैं जिससे जजों पर एक खास तरह का फैसला सुनाने का दबाव बनता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र रहने की कीमत चुकानी पड़ती है, आपको ट्रोल किया जाएगा, आप पर हमले होंगे। न्यायिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर सीजेआई ने कहा कि केवल उन्हीं फैसलों को देखकर न्यायपालिका की स्वतंत्रता का आकलन नहीं किया जाना चाहिए जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया हो। उन्होंने कहा, 'यह आज हमारी राजनीति की स्थिति को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि ध्रुवीकृत विचारों का मतलब है कि समाज का हर वर्ग सुप्रीम कोर्ट की स्वतंत्रता को इस आधार पर आंकता है कि फैसला उसके पक्ष में है या नहीं।सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैंने हमेशा संतुलन बनाने की कोशिश की है।' सीजेआई और सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को प्रशासनिक कार्यों के लिए सरकारों के साथ मिलकर काम करना पड़ता है। उन्होंने न्यायिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के अपने प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि इसके लिए धन सरकारों से आता है। उन्होंने कहा



कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच मतभेदों को सुलझाने के लिए सरकारों के साथ विचार-विमर्श जरूरी है। उन्होंने जजों के चयन पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम और केंद्र सरकार के बीच मतभेदों का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। यह मुद्दा कई बार सुर्खियों में रहा है। सीजेआई ने कहा, 'मैं हमेशा सरकार के साथ स्पष्टवादी रहा हूं'। सीजेआई ने उन मौकों का जिक्र करते हुए कहा जब सरकार ने कॉलेजियम के फैसले पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा, 'लेकिन सभी मतभेदों को सुलझाया नहीं जा सकता।'सरकार द्वारा अभी तक वकील सौरभ कृपाल को हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने के कॉलेजियम के फैसले को मंजूरी न देने के बारे में भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका मानना है कि न तो किसी भावी जज के यौन रुझान और न ही इस तथ्य को कि उसका साथी एक विदेशी नागरिक है, को इस काम के लिए उसकी उपयुक्तता का आकलन करते समय उसके खिलाफ नहीं रखा जा सकता है।भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुरानी या खराब अंग्रेजी में लिखे गए फैसले न्याय चाहने वालों के साथ अन्याय करते हैं। यह दिखाते हुए कि वह खुद पुरानी परंपराओं से चिपके नहीं हैं, उन्होंने कहा कि वह गर्म देश में वकीलों द्वारा पहने जाने वाले भारी-भरकम परिधानों को खत्म करने के पक्ष में हैं। उन्होंने जजों को ऊंचे स्थान पर बैठाए जाने पर भी सवाल किया। उन्होंने पूछा, 'जजों को ऊंचे स्थान पर क्यों बिठाया जाए?'

# अयोध्या : कार्तिक नवमी पर लाखों श्रद्धालु कर रहे हैं 14 कोसी परिक्रमा



प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार परिक्रमा | अयोध्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का सागर

एजेंसी

**अयोध्या।** कार्तिक मास की नवमी तिथि पर लाखों श्रद्धालु 14 कोसी परिक्रमा कर रहे हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार 14 कोसी परिक्रमा करने को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। यही वजह है कि लगभग बीस लाख से अधिक श्रद्धालु परिक्रमा कर रहे हैं। मुहूर्त के अनुसार शनिवार शाम 6 बजकर 32 मिनट पहले परिक्रमा आरंभ कर दी गई थी। अगले दिन मुहूर्त अनुसार रविवार दोपहर बाद 4:44 बजे तक यह परिक्रमा चलेगी। परिक्रमा क्षेत्र में लाखों श्रद्धालु रामनाम संकीर्तन और लोक गीतों के साथ परिक्रमा कर रहे हैं। बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। परिक्रमा मार्गों पर बड़ी संख्या में पुरुष व महिला पुलिस कर्मियों के साथ सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही ड्रोन से पूरे मेले की निगरानी की जा रही है। परिक्रमा एटीएस की निगरानी में शुरू हुई है और खास भीड़भाड़ वाले स्थान परिक्रमा पथ पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। रविवार से शुरू हुए कार्तिक परिक्रमा मेले में इस बार भारी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा के लिए उमड़े हैं। प्रशासन ने जगह-जगह पर खोया-पाया कैम्प लगाए हैं।

## क्या है धार्मिक मान्यता

धार्मिक मान्यता है कि 14 कोसी परिक्रमा यानी 42 किलोमीटर की परिक्रमा को पूरा करने पर सात जन्मों का पुण्य प्राप्त होता है। अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक परिक्रमा का आयोजन आज भी अपनी परंपरा के मुताबिक होता है।

# हिन्दू मंदिर पर हमले के खिलाफ कनाडा उच्चायोग के बाहर सिखों का प्रदर्शन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा में हिन्दू मंदिर पर हुए हमले के खिलाफ रविवार को सिखों ने दिल्ली स्थित कनाडा उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चलते दिल्ली में कनाडाई उच्चायोग के बाहर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात रहा है। कनाडा के उच्चायोग, चाणक्यपुरी जा रहे हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के कार्यकतार्ओं को पुलिस ने तीन मूर्ति मार्ग पर रोक दिया। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इन लोगों के हाथों में विभिन्न नारे लिखे पोस्टर लिए हुए थे, जिसमें हिन्दू सिख एकता और श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी का बलिदान, नहीं बंटेगा हिन्दुस्थान के नारे लिखे हुए थे। उल्लेखनीय है कि कनाडा के टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी खालिस्तानी तत्वों ने रविवार 3 नवंबर को हिंसक व्यवधान पैदा किया था। 2-3 नवंबर को वैंकूवर और सरे में आयोजित इसी तरह के शिविरों को भी बाधित करने का भी प्रयास किया गया था। मंदिर के बाहर की गई हिंसा के कई वीडियो सामने आए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि कनाडा सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी।

# 39 दिन की यात्रा कर ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय नौसेना की पोत 'तारिणी'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** समुद्र में 39 दिन की चुनौतीपूर्ण यात्रा के बाद भारतीय नौसेना की नौकायन पोत तारिणी 'नाविका सागर परिक्रमा' के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के फ्रेमेंटल में बंदरगाह पर पहुंच गई है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने 2 अक्टूबर को गोवा से इस ऐतिहासिक अभियान को हरी झंडी दिखाई थी। इस अभियान में दो महिला नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए भारतीय नौसेना के पोत तारिणी से ऐतिहासिक जल यात्रा पर निकलीं हैं।

यह ऐतिहासिक घटना नौसेना के समुद्री नौकायन इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारतीय महिलाओं की नौकायन पोत से दुनिया की पहली परिक्रमा है। अब तक दोनों महिला अधिकारियों ने गोवा से 4900 नॉटिकल मील की दूरी तय की है। इन्होंने 16 अक्टूबर



- अब तक दोनों महिला अधिकारियों ने गोवा से 4900 नॉटिकल मील की दूरी तय की

को भूमध्य रेखा और 27 अक्टूबर को मकर रेखा को पार किया है। नौसेना के अनुसार इस 38 दिन की नॉनस्टॉप यात्रा के दौरान लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए की जोड़ी ने शांत से लेकर गंभीर मौसम की स्थिति का सामना किया।

# गुरुनानक जयंती : भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए 3 हजार वीजा जारी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर 3 हजार भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किया है। गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती 15 नवंबर को है। नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने इसकी जानकारी दी। इसके अनुसार 14-23 नवंबर 2024 तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाले बाबा गुरु नानक देव जी के जन्मदिन समारोह में भाग लेने के लिए भारत के सिख तीर्थयात्रियों को 3 हजार से अधिक वीजा जारी किए हैं। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रभारी राजयनिक साद अहमद वाराइच ने हार्दिक बधाई दी और तीर्थयात्रियों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# किश्तवाड़ मुठभेड़ में एक पैरा ट्रूपर का बलिदान, चार पैरा सैनिक घायल



**नई दिल्ली।** किश्तवाड़ में रविवार सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ में एक पैरा ट्रूपर शहीद हो गया, जबकि चार पैरा सैनिक घायल हो गए हैं। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के जवानों ने बहादुर नायब सूबेदार राकेश कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया है, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इससे पहले सेना ने कहा था कि 10 नवंबर 24 को आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था। यह वही आतंकी समूह है।

## एजुकेशन/करियर

# नेटवर्क इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर

एमई नेटवर्क इंजीनियरिंग दो वर्ष की अवधि वाला पोस्टग्रेजुएट डिग्री कोर्स है। यह कोर्स कंप्यूटर विज्ञान और उसकी एप्लीकेशन से सम्बन्धित है। मैथमेटिक्स, फिजिक्स और कंप्यूटर साइंस आपके मुख्य विषय होने चाहिए। नेटवर्क इंजीनियरिंग में इंजीनियर्स प्रोजेक्ट्स बनाने और आगे के डेवलपमेंट के साथ-साथ प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क इंजीनियर के एक एफिशिएंट मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इस कोर्स को करने के बाद में आपकी जॉब के विकल्प और कार्य की संभावना दोनों बढ़ जाते हैं।

## एमई नेटवर्क इंजीनियरिंग क्यों चुनें

- यदि आपकी हमेशा से इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी में रुचि रही है और उसी में करियर बनाने का लक्ष्य रखते हैं।
- जैसा कि आपको पता है टेक्नोलॉजी लगातार आगे बढ़ रही है, आप लगातार इंट्रेस्टिंग और नई चीजें सीखेंगे जिनसे आपकी टेक्नोलॉजी को समझने में वृद्धि होगी तथा अन्य लोगों से पहले आप उस एनवायरमेंट में काम करने के लायक हो जायेंगे। और यदि आप एक टेक्नोलॉजी लवर हैं तो आप इस काम से कभी उबेंगे नहीं।
- एक नेटवर्क इंजीनियर की भूमिका रिपेटिटिव हो सकती है, लेकिन इसके साथ ही इस काम में आपको कई बार चैलेंजिंग सिचुएशंस को सॉल्व करने के लिए "आउट-द-बॉक्स" सोचने की आवश्यक पड़ती है। यदि आप ऐसे चैलेंजेज के लिए तैयार रहते हैं तो यह आपके लिए सबसे बेस्ट विकल्प है।
- नेटवर्क इंजीनियरिंग की भूमिका में आपके पास कई सारे बेनिफिट्स और विकल्प होते हैं, यह एक वैल्युएबल पोजीशन है जिसमें आपके पास डिपार्टमेंट्स और एम्प्लॉयज के डाइवर्स ग्रुप के साथ काम करने का मौका मिलता है। इसके साथ साथ आपके पास इस जॉब में हमेशा लर्निंग और इवोल्विंग के मौके रहते हैं

## करियर विकल्प

में डिग्री हांसिल करने के बाद कई टॉप इंडस्ट्रीज में काम कर सकते हैं। कुछ टॉप इंडस्ट्रीज और टॉप रिक्रूटर्स की लिस्ट नीचे दी गई है:

- कॉलेज/यूनिवर्सिटीज़
- हेल्थ केयर इंडस्ट्री
- मैन्युफैक्चरिंग
- आईटी सेक्टर
- गवर्मेंट ऑफिसेज



## टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज़

1. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
2. स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
3. हार्वर्ड विश्वविद्यालय
4. कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी - Caltech
5. मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)
6. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
7. यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले
8. येल विश्वविद्यालय
9. प्रिंसटन विश्वविद्यालय
10. शिकागो विश्वविद्यालय
11. इंपीरियल कॉलेज लंदन
12. जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय
13. पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी
14. ईटीएच ज्यूरिख - स्विस फेडरल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
15. कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए)
16. कोलम्बिया विश्वविद्यालय
17. टोरंटो विश्वविद्यालय
18. ड्यूक विश्वविद्यालय
19. कॉर्नेल विश्वविद्यालय
20. मिशिगन यूनिवर्सिटी

## टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग बेंगलुरु
- अटल बिहारी वाजपई इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्वालियर
- सिद्धागंगा इंस्टीट्यूट ऑफ तुमकुर
- रमैया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी बेंगलुरु
- आरवी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग बेंगलुरु
- मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी भोपाल
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी चंडीगढ़
- आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग विशाखापट्टनम
- मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मणिपाल